रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

₹78,280 10 ग्राम
₹1,10,000 01 किलो
सेंसेक्स 79,402.29 -662.87
डॉलर 84.082 +0.013

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

कार्तिक कृष्ण पक्ष 09, संवत 2081 | रांची, शनिवार, 26 अक्टूबर 2024, वर्ष-25, अंक-262, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com



पेज-10 अगर धोनी उपलब्ध हैं, तो वह...







# पहला चरण : 43 सीटों पर 868 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

**नवीन मेल डेस्क**

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए पहले चरण के 43 सीटों के लिए नामांकन शुक्रवार को संपन्न हो गया। चुनाव आयोग की वेबसाइट पर शुक्रवार शाम 5 बजे तक अपडेट की गई सूचना के मुताबिक, पहले फेज के लिए कुल 868 प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। अब नामांकन पत्रों की जांच 28 अक्टूबर को होगी, 30 अक्टूबर तक उम्मीदवार अपने नाम वापस ले सकेंगे। पहले चरण के लिए वोटिंग 13 नवंबर को होगी। मालूम हो कि झारखंड में 2 चरणों में विधानसभा चुनाव होने हैं। दूसरे चरण की **शेष पेज 11 पर**

## चुनाव सूबे की अस्मिता व भविष्य के लिए अहम : सुदेश



सिल्ली विधानसभा की जनता विकासवादी है। हम जनता को जानते हैं वो हमें समझते हैं। हमने क्षेत्र को विकास के सभी मानकों पर स्थापित किया है। जनता का प्यार, स्नेह और आशीर्वाद प्राप्त करने और सिल्ली विधानसभा को विकसित बनाने के संकल्प के साथ नामांकन किया है। यह चुनाव झारखंड की अस्मिता और भविष्य के लिए अहम है। उक्त बातें पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने नामांकन दाखिल करने के बाद कही। नामांकन से पूर्व मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका से समाहरणालय भवन तक पदयात्रा का आयोजन किया गया। पदयात्रा में असम के मुख्यमंत्री और झारखंड भाजपा के चुनाव सह प्रभारी हिमंता बिस्वा सरमा समेत आजसू के हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए।

## झामुमो ने लुईस मरांडी को जामा से बनाया उम्मीदवार

झामुमो ने जामा से लुईस मरांडी को उम्मीदवार बनाया गया है। वह कुछ दिन पहले ही भाजपा छोड़ झामुमो में शामिल हुई हैं। झामुमो अबतक 42 उम्मीदवारों की सूची जारी कर चुकी है।

## चंपाई सोरेन ने सरायकेला से दाखिल किया नामांकन पर्चा

इधर झामुमो के पूर्व मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रत्याशी चंपाई सोरेन ने भी शुक्रवार को सरायकेला से नामांकन पर्चा दाखिल कर दिया।

## मीर और कमलेश ने टिकट के लिए मांगे 2 करोड़, नहीं देने पर टिकट काटा : उमाशंकर अकेला



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा चुनाव 2024 के लिए कांग्रेस ने गुरुवार देर रात अपने प्रत्याशियों की सूची जारी की जिसमें बरही विधायक उमा शंकर अकेला का नाम नहीं था। इससे नाराज होकर उन्होंने पार्टी छोड़ दी और समाजवादी पार्टी का दामन थाम लिया। बरही विधायक उमाशंकर अकेला ने कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश पर उनसे टिकट के बदले दो करोड़ मांगने का आरोप लगाया। कहा, पैसे की आस में दो दिन तक मेरा टिकट होल्ड पर रखा लेकिन जब मैंने पैसा नहीं दिया तो मेरा टिकट काट अरुण साहू को दे दिया गया। अकेला ने कहा कि टिकट के बंटवारे में कांग्रेस पार्टी में पैसे का खूब खेल हुआ है।

कांग्रेस के अंदर ईमानदार नेताओं को तरजीह नहीं दी जा रही है, ऐसे व्यक्ति को टिकट दिया गया जो कभी कांग्रेस में नहीं रहा। कांग्रेस में उनके जैसे नेताओं को पैसा नहीं देने पर अपमानित किया जा रहा है। उमाशंकर अकेला ने शुक्रवार को सुबह के चार बजे पलामू में समाजवादी पार्टी की सदस्यता को ग्रहण किया। सपा में शामिल होने के बाद उमाशंकर अकेला ने बरही से चुनाव लड़ने का एलान कर दिया।

### अकेला के आरोप गलत पार्टी लेगी लीगल एक्शन

उमाशंकर अकेला के इन आरोपों को झारखंड कांग्रेस के प्रवक्ता राकेश कुमार सिन्हा ने गलत करार दिया है। कहा है कि चुनाव में जब किसी का टिकट कट जाता है, तो वह इसी तरह की बातें शुरू कर देता है। पार्टी ने एक सर्वे कराया था, जिसमें उनकी हार तय दिख रही थी, इसलिए पार्टी ने उनका टिकट काट दिया। राकेश कुमार सिन्हा ने कहा कि 2 दिन से उनकी सीट को होल्ड पर रखा गया था। अगर प्रदेश अध्यक्ष ने उनसे 2 करोड़ रुपए मांगे थे, तो उन्हें पहले ही यह बात सार्वजनिक करनी चाहिए थी। पार्टी उनके खिलाफ लीगल एक्शन लेगी।

### कांग्रेस में टिकट बेचने की पुरानी परंपरा : हिमंता

बरही से कांग्रेस के विधायक रहे उमाशंकर अकेला के दो करोड़ रुपये लेकर टिकट देने के आरोप वाले बयान पर असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने शुक्रवार को कांग्रेस पर तीखा तंज कसा। कहा कि मैं भी एक समय कांग्रेस में था। कांग्रेस में यदि एक स्टेट में 100 सीटें हैं तो 20 सीटें बिकती हैं। यह कांग्रेस की पुरानी परंपरा है। सरमा ने कहा कि उमा शंकर अकेला ने जो बताया वह कोई नया बात नहीं है। हर राज्य में कांग्रेस 20 प्रतिशत सीट बेचती है। मीर साहब पर कोई व्यक्तिगत आरोप लगाने से कोई फायदा नहीं है। यह कांग्रेस का सिस्टम है कि वे 20 प्रतिशत सीट बेच देते हैं।

## भाजपा की ओर से पीएम सहित 40 स्टार प्रचारक

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के विधानसभा चुनाव के पहले चरण में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, गृह मंत्री अमित शाह और केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी सहित कुल 40 नेता भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के स्टार प्रचारक होंगे। पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और मुख्यालय प्रभारी अरुण सिंह की ओर से इस संबंध में भारत के निर्वाचन आयोग को सूचित कर दिया गया है। झारखंड में कुल 81 विधानसभा सीटों के लिए हो रहे चुनाव के पहले फेज में 43 सीटों पर 13 नवंबर को वोट डाले जाएंगे। इस चरण के प्रचार के लिए पार्टियों और उम्मीदवारों के पास अब 18 दिन का वक्त है। भाजपा की ओर से स्टार प्रचारक घोषित किए गए नेताओं में केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान और असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा पहले से कैंप कर रहे हैं। पिछले तीन दिनों में इन दोनों नेताओं ने **शेष पेज 11 पर**

## मधु कोड़ा के चुनाव लड़ने पर प्रतिबंध बरकरार

### एससी ने कोयला घोटाले में दोषसिद्धि निलंबन की याचिका खारिज की

**नई दिल्ली,(आईएएनएस)।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा आगामी विधानसभा चुनाव नहीं लड़ सकेंगे। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को 4,000 करोड़ रुपये के कोयला घोटाले में दोषसिद्धि को निलंबित करने की उनकी याचिका खारिज कर दी। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली पीठ ने कोड़ा की सजा निलंबित करने की याचिका का निपटारा करने वाले दिल्ली उच्च न्यायालय के फैसले में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया। सर्वोच्च



न्यायालय के समक्ष कोड़ा की विशेष अनुमति याचिका में तर्क दिया गया था कि आपराधिक अपील के लंबित रहने के कारण उन्हें चुनाव लड़ने से अयोग्य नहीं ठहराया जा सकता और निलंबन से इनकार करने से अपरिवर्तनीय परिणाम होंगे, जिनकी भरपाई मौद्रिक या अन्य रूप से नहीं की जा सकती। पिछले सप्ताह दिल्ली उच्च न्यायालय ने कोड़ा की याचिका का निपटारा कर दिया और सीबीआई की इस दलील से सहमति जताई **शेष पेज 11 पर**

### सभी पहलुओं पर हो चुका है विचार

दिल्ली उच्च न्यायालय की न्यायमूर्ति नीना कृष्ण बंसल की पीठ ने कहा कि परिस्थितियों या कानून में ऐसा कोई बदलाव नहीं हुआ है, जिससे सजा के निलंबन के लिए इस दूसरे आवेदन पर नए सिरे से विचार करने का अधिकार हो। न्यायमूर्ति बंसल की अध्यक्षता वाली पीठ ने कहा, सजा के निलंबन के लिए पहले के आवेदन को अस्वीकार करते समय उस समय राज्य में आगामी चुनावों में भागीदारी के आधार पर विधिवत विचार किया गया था। कोड़ा को कोयला घोटाले में दोषी पाया गया था और **शेष पेज 11 पर**







# महेंद्र सिंह धोनी झारखंड के वोटरों को करेंगे जागरूक




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने कहा कि मशहूर क्रिकेटर महेंद्र सिंह धोनी झारखंड विधानसभा चुनाव में चुनाव आयोग के जागरूकता कार्यक्रम स्वीप का हिस्सा बनेंगे। इस आशय का पत्र उन्होंने निर्वाचन आयोग को दिया है। निर्वाचन आयोग उनकी तस्वीर का उपयोग स्वीप के कार्यक्रमों में करेगा। अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करनेवाली उनकी अपील का उपयोग मतदान प्रतिशत बढ़ाने में किया जाएगा। वे शुक्रवार को धुर्वा के निर्वाचन सदन में प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे।
के रवि कुमार ने कहा कि महेंद्र सिंह धोनी मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी, झारखंड के कार्यालय से जुड़ कर मतदाता जागरूकता अभियान में सहयोग करेंगे। नामचीन शख्सियत के जुड़ाव से मतदाता जागरूकता अभियान को बल मिलेगा।

**● हजारीबाग और रामगढ़ विधानसभा क्षेत्रों का भ्रमण**
सीईओ के रवि कुमार ने बताया कि उन्होंने शुक्रवार को हजारीबाग और रामगढ़ के विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों का भ्रमण किया और स्वीप की गतिविधियों का अवलोकन किया। इस दौरान स्वीप कार्यक्रम में कुछ त्रुटियां मिलीं, जिनके अविलंब निराकरण के निर्देश दिए गए।

**● अब तक 16 प्राथमिकी दर्ज**
प्रथम चरण के चुनाव के लिए नामांकन की अवधि शुक्रवार को खत्म हो गयी है। नामांकनों की स्क्रूटनी 28 अक्टूबर को होगी। नाम वापसी की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर है। आदर्श चुनाव आचार संहिता उल्लंघन में अब तक 16 प्राथमिकी दर्ज की गयी है। सर्वाधिक 9 प्राथमिकी गढ़वा जिले में दर्ज हुई है। झारखंड में आदर्श चुनाव आचार संहिता लागू होने के बाद से अब तक 51.17 करोड़ से अधिक के अवैध सामान और कैश जब्त किए गए हैं।



## पूर्णिमा दास साहू ने सार्वजनिक मंच पर सरयू राय का चरण स्पर्श किया

**रांची/जमशेदपुर।** एक दिलचस्प घटना में ओडिशा के राज्यपाल रघुवर दास की बहू पूर्णिमा दास साहू ने सार्वजनिक मंच पर सरयू राय का चरण स्पर्श कर जमशेदपुर के चुनावी महाभारत में असली महाभारत की याद दिला दी। इससे लगता है कि भाजपा और जदयू की ही नहीं रघुवर और सरयू राय के बीच की बर्फ पिघल गई। इससे पूर्व और पश्चिम जमशेदपुर का मेल हो गया जिससे दोनों की स्थिति मजबूत बताई जा रही है।

**दाखिल नामांकन**

**कांके से सीपीआई प्रत्याशी संतोष ने दाखिल किया नामांकन**

## कांके को विकास की पटरी पर लाने के लिए लाल झंडा को जिताना होगा : अजय सिंह



**रांची।** कांके विधानसभा क्षेत्र से सीपीआई के प्रत्याशी संतोष कुमार रजक ने अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन दाखिल से पूर्व सीपीआई राज्य कार्यालय से जुलूस निकाली गयी। इसमें सीपीआई के राज्य सचिव महेन्द्र पाठक, राष्ट्रीय परिषद के सदस्य पीके पांडेय और जिला सचिव अजय सिंह के नेतृत्व में निकाला गया। जुलूस में मुख्य रूप से कांके विधानसभा क्षेत्र से सीपीआई के कार्यकर्ता शामिल हुए। सीपीआई कांके विधानसभा क्षेत्र में लोगों के जन समस्याओं को लेकर लगातार संघर्ष करते आई है। इसीलिए इस बार सीपीआई ने युवा चेहरा संतोष कुमार रजक को अपना उम्मीदवार बनाया है। आज तक कांके विधानसभा में जितने में विधायक हुए है उन्होंने कांके क्षेत्र का विकास न कर के लोगों को ठगने का कार्य किया है। इसीलिए सीपीआई ने कांके विधानसभा क्षेत्र के लोगों से अपील किया है कि सभी लोगों को अपने मौका दिया है। इस बार सीपीआई को मौका दे क्षेत्र का विकास के लिए। इस मौके पर मुख्य रूप से निरंजन कुमार,सुधा कुमारी,अमीरउल्लाह अंसारी, तार सिंह लिंडवार, उमेश रजक श्यामल फरजाना फारूकी, सैफ, जयंत पांडेय,जैनेन्द्र कुमार,डॉ अविनाश कुमार, डेविड खलको , आरती देवी,इम्तियाज अहमद खान सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# एनडीए की ओर से प्रत्येक सीट पर 1-1 प्रत्याशी : हिमंता



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो के नामांकन में शामिल होने के बाद हिमंता बिस्वा सरमा ने पत्रकारों से रांची में बागी उम्मीदवार के सवाल पर कहा कि हर कोई चाहता है कि वह चुनाव लड़े और इसी को देखते हुए उनके द्वारा नामांकन भी की जाती है लेकिन नामांकन वापसी की तारीख तक इन्हें मनाया भी जाता है।
उन्होंने कहा कि एनडीए की ओर से प्रत्येक सीट पर 1-1 प्रत्याशी खड़ा किया जा रहा है लेकिन इंडी गठबंधन का हाल आप देख सकते हैं। उन्होंने कहा कि इंडी गठबंधन की सीट पर दो-दो, तीन-तीन उम्मीदवार खड़े हो रहे हैं। सरमा ने आजसू सुप्रीमो सुदेश महतो को नामांकन करने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि विपरीत मौसम के बावजूद हजारों कार्यकताओं की उपस्थिति से स्पष्ट होता है कि एनडीए के प्रति लोगों का रुझान क्या है। उन्होंने एनडीए के सभी सहयोगी दलों को शुभकामनाएं देते हुए उम्मीद जताई कि सुदेश महतो सिल्ली विधानसभा क्षेत्र से एक बार फिर रिकॉर्ड वोटों से जीतेंगे। साथ ही कहा कि झारखंड में एनडीए की जीत तय है। झारखंड में एनडीए की सरकार बनेगी। उन्होंने कहा कि वादे के अनुसार, सरकार बनने पर पहली कैबिनेट बैठक में ही गोगो दीदी योजना से झारखंड की युवतियों व महिलाओं के खाते में 2100 रुपये हर माह दिए जाएंगे। डेढ़ लाख नौकरी एक साल में देंगे। लोगों को बालू और साल में दो त्योहारों पर दो गैस सिलेंडर फ्री देने की बात कही। उन्होंने कहा कि हरियाणा, असम व मध्य प्रदेश में भाजपा ने जो वादा किया, उसे पूरा किया।
हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि झारखंड को घुसपैठियों से बचाना है। असम की हालत भी इसी तरह के थे। 20 प्रतिशत मुसलमानों की संख्या बढ़ते-बढ़ते घुसपैठियों की संख्या 45 प्रतिशत हो गयी। बांग्लादेशी घुसपैठियों के कारण झारखंड की जनसांख्यिकी बदल रही है लेकिन सत्तारूढ़ झामुमो इस मुद्दे पर चुप है। क्योंकि, वे उनके वोट बैंक हैं। यही हालत झारखंड के भी हो जायेंगे।

## डुमरी के अलावा बेरमो से भी चुनाव लड़ेंगे जयराम महतो

**रांची।** झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के केंद्रीय अध्यक्ष जयराम महतो बेरमो से भी चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने प्रत्याशियों की सूची जारी की है। इसके पूर्व वह डुमरी से भी नामांकन कर चुके हैं। हाल ही में उनकी पार्टी में शामिल हुए गोमिया के गुनानंद महतो को टिकट नहीं दिया गया है। उनकी जगह पर अमरेश महतो को टिकट दिया गया है। रांची सीट में प्रत्याशी बदला गया है। पूर्व में प्रेम नायक को दिया गया था। अब उनकी जगह राजकिशोर महतो को प्रत्याशी बनाया गया है। जेएलकेएम द्वारा अब तक 74 सीटों पर प्रत्याशी दिए गए हैं। झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) की ओर से अब तक 74 विधानसभा सीटों के लिए प्रत्याशियों की घोषणा कर दी गयी है। शुक्रवार को नौ विधानसभा सीटों के लिए प्रत्याशी घोषित किए गए। इनमें केंद्रीय अध्यक्ष जयराम कुमार महतो बेरमो से विधानसभा का चुनाव लड़ेंगे। झारखंड में कुल 81 विधानसभा सीटें हैं।



कांके विधानसभा से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी सुरेश कुमार बैठा ने अपना नामांकन दाखिल किया।

**न्यूज | बॉक्स**

## कांके से कांग्रेस प्रत्याशी सुरेश बैठा की माता का निधन

**ठाकुरगांव।** कांके विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी सुरेश कुमार बैठा की माता का निधन शुक्रवार को अहले सुबह हो गया। इसी को लेकर बुढ़मू में काँग्रेस कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया जिसमें सभी ने 2 मिनट का मौन धारण कर शोक प्रकट किया। मौके पर जाकिर हुसैन, याकूब अंसारी, गोपाल तिवारी, विनोद मुंडा, शमीम बडेहार, बलराम साहू समेत दर्जनों कांग्रेसी व इंडिया गठबंधन के लोग उपस्थित थे।

## लोगों का समर्थन हमारे साथ : डॉ लंबोदर महतो



**रांची।** गोमिया विधायक डॉ लंबोदर महतो ने नामांकन करने के बाद विधानसभा क्षेत्र के लोगों से मिलना जुलना शुरू कर दिया है। इसी क्रम में उन्होंने आज बगदा पंचायत के लोगों से मुलाकात की। उन्होंने लोगों से कहा कि आप सबों ने हमारे काम को देखा है?। हमें परखा है। हमारे व्यवहार से भी आप सब परिचित है। हमने जो विकास कार्य किया है, सामने है। ऐसे में हमें यह यकीन है कि आप सबों का समर्थन हमारे लिए बना रहेगा। आप सबों के आप सबों के समर्थन से पुनः हम गोमिया विधानसभा क्षेत्र का चौहमुखी विकास कर सकेंगे। उन्होंने मुलाकात के क्रम में लोगों से कहा कि आप सब वैसे लोगों से सावधान रहें जो भ्रमित करते हैं। अव्यवहारिक बातें करते हैं। ऐसे लोगों का विषय नकारात्मक रहता है। उन्होंने कहा कि हमने जो किया है वह आप सबके सामने है और हमने बराबर संपर्क और संवाद बनाए रखा है। हमने लोगों की सेवा में कभी भी दिन देखा ना रात देखा। हर समय हमने अपने घर का दरवाजा आम जनों के लिए खोल रखा। भेंट मुलाकात के दौरान नीरज भट्टाचार्य, संजय कुमार सिंह, विक्रम सिंह, गोपाल सिंह, प्रकाश महतो, चांद मुख महतो, व जीवन जगन्नाथ सहित कई लोगों ने भी अपनी अपनी बातों को भी साझा किया।

# चुनाव के समय केंद्र के इशारे पर फिर से सक्रिय हो गई हैं जांच एजेंसियां : सुप्रियो भट्टाचार्य




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता सुप्रियो भट्टाचार्य ने कहा कि चुनाव की तैयारी हो गई है। नामांकन की प्रक्रिया कल बड़ी संख्या में हुई। उसमें लोगों के बीच एक अलग ही उत्साह देखने को मिला। पूरा का पूरा झारखंड अपने जनप्रतिनिधियों को चुनने में आतुर था। वह शुक्रवार को हरमू स्थित पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि साहेबगंज से शुरू किया और पश्चिमी सिंहभूम तक गये। भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) द्वारा भ्रम पैदा करने का काम किया गया, यहां राजनीतिक घुसपैठ हुआ है। जब यहां केंद्रीय मंत्री और दूसरे राज्य के सीएम विफल हो गये, तो लगाम कसने वाली संस्था ईडी को आगे कर दिया। 2019 से हेमंत सोरेन की सरकार आई, हम लोग महामारी से जूझते रहे, राज्य सरकार के कार्य को रोकने के लिए कार्य हुए। हमारे प्रिय राज्य मंत्री रहे उस परिवार को तरह-तरह की परेशानी में डाला गया। कल साहेबगंज में नामांकन हुए, वहां भी बिना तथ्य की कार्यवाही हुई। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी चुनाव हार गई है। इसलिए अब उनका एक ही कार्य है कि विधानसभा चुनाव को कैसे प्रभावित करें। झामुमो के केंद्रीय महासचिव ने कहा कि यह चुनाव का समय है, लोगों के पास हम अपने कार्य को लेकर जा रहे हैं। चुनाव आयोग पूरी तरह से बहरी हो गई है। हिंसा की बात बोली जा रही है, उस पर मौन है। बीजेपी यहां की पहचान मिटाना चाहती है। इलाके का नाम वनांचल किया जाये, हमने झारखंड के नाम से इस प्रांत का गठन का मार्ग बनाया। झारखंड बन गया। अब संथाल परगना में साजिश शुरू करस दी गयी है। नुक्कड़-नुक्कड़ घुम रहे उनके मुख्यमंत्री। झारखंड के लोगों ने तय कर दिया कि उन्हें दहाई भी नहीं मिलेगा।

# चुनाव को लेकर डीजीपी ने पांच राज्यों के पुलिस अधिकारियों के साथ की बैठक




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
विधानसभा चुनाव को लेकर डीजीपी अजय कुमार सिंह ने पांच राज्यों के पुलिस अधिकारियों के साथ शुक्रवार को बैठक की। बैठक में बिहार, पश्चिम बंगाल,छत्तीसगढ़, ओडिशा और उत्तर प्रदेश के पुलिस अधिकारी शामिल हुए। यह बैठक वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की गई थी। इस बैठक में मुख्य रूप से खुफिया जानकारी को सही समय पर साझा करने की सहमति बनी। वामपंथी उग्रवाद को लेकर की जा रही कार्रवाई, सीमावर्ती क्षेत्रों में उत्पन्न होने वाली समस्याओं पर आपसी सहयोग, अवैध शराब, नशीले पदार्थ की तस्करी एवं नकदी की अवैध आवाजाही पर प्रभावी रोकथाम, सीमावर्ती क्षेत्रों में नक्सलियों और अपराधी तत्वों की गतिविधियों पर नकेल कसने और सभी स्तरों पर अंतर्राज्यीय समन्वय बैठकों के लिए तंत्र की कार्य योजना पर चर्चा की गई।

**● संयुक्त अभियान चलाने संबंधी जानकारी दी गई**
डीजीपी अजय कुमार ने ओडिशा, छत्तीसगढ़, बिहार, पश्चिम बंगाल एवं उत्तर प्रदेश के पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए सीमा क्षेत्रों पर उग्रवादियों के भ्रमण और अन्य संदिग्ध गतिविधियों को अपने आसपास के थाना क्षेत्रों से साझा करने एवं सूचना-तंत्र को और मजबूत करने के लिए सुझाव दिए। वामपंथी उग्रवाद से निपटने के लिए राज्य की सीमावर्ती क्षेत्रों पर संयुक्त रूप से चेकिंग अभियान और सर्च ऑपरेशन चलाने, सीमावर्ती नक्सल क्षेत्रों में चरण-बद्ध तरीके से नक्सलियों के खात्मे की सूची उपलब्ध कराते हुए संयुक्त अभियान चलाने संबंधी जानकारी दी गई। विशेष तौर पर छत्तीसगढ़ के सीमा क्षेत्र पर अवस्थित पिछले तीन दशकों से हिंसक नक्सली वारदातों को अंजाम देने वाले एवं शीर्ष माओवादी नेताओं की शरण स्थली रहे बूढ़ा पहाड़ पर, ओडिशा सीमा पर सारंडा वन क्षेत्र में नक्सलियों पर शिकंजा कसने के लिए संयुक्त अभियान चलाने की बात की गई।

## नकारात्मक गठबंधन से सकारात्मक परिणाम की उम्मीद नहीं : अजय साह



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अजय साह ने प्रेस वार्ता के माध्यम से विपक्षी गठबंधन 'इंडी' में बढ़ती आंतरिक दरारों पर गंभीर प्रश्न उठाए हैं। उन्होंने कहा कि यह गठबंधन केवल नकारात्मक उद्देश्य से बना था, और जैसे-जैसे इसमें शामिल दलों के भीतर सत्ता की लालसा बढ़ रही है, वैसे-वैसे इनके बीच के मतभेद भी गहराते जा रहे हैं। बरही विधानसभा क्षेत्र में समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार के रूप में उमाशंकर अकेला के चुनाव लड़ने की घोषणा के बाद, इस क्षेत्र में कांग्रेस और समाजवादी पार्टी आमने-सामने होंगी। इसी तरह धनवार विधानसभा में झारखंड मुक्ति मोर्चा और माले आमने सामने है। यह स्थिति कई विधान सभाओं में है। यह स्थिति दशार्ती है कि सत्ता के लोभ में ये दल किसी भी सीमा तक जा सकते हैं। हाल ही में मुख्यमंत्री पद के रोटेशनल फॉमूर्ले को लेकर भी झामुमो और कांग्रेस में मतभेद उभरे हैं और अब विभिन्न विधानसभा क्षेत्रों में भी इनके बीच की खाई बढ़ती दिखाई दे रही है।

## अलबिन ने हटिया से किया निर्दलीय नामांकन

**रांची।** आदिवासी सेना के पूर्व महासचिव और ऑल झारखंड क्रिश्चियन यूथ एसोसिएशन के मुख्य संरक्षक अलबिन लकड़ा ने शुक्रवार को हटिया विधानसभा सीट से निर्दलीय अपना नामांकन कराया। ज्ञात हो कि पूर्व में अलबिन झामुमो पार्टी से जुड़े थे। लेकिन, पार्टी से नाराज होने पर उन्होंने आम लोगों की सलाह पर निर्दलीय चुनाव लड़ने का फैसला लिया। उन्होंने कहा कि मैं हटिया की जनता की सेवा के लिए सदैव तत्पर रहूंगा और आपका विश्वास कभी टूटने नहीं दूंगा। मौके पर केंद्रीय सरना संघर्ष समिति के अध्यक्ष शिवा कच्छप सहित अन्य मौजूद थे।

# विधवा पेंशन से लेकर छात्र योजनाओं तक हेमंत सरकार ने सबको धोखा दिया : बाबूलाल मरांडी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची/बोकारो**
बोकारो में शुक्रवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने झारखंड की हेमंत सरकार पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि जेएमएम, कांग्रेस की सरकार ने झारखंड की जनता से पांच सालों तक छल किया है। साथ ही 2019 में किए हेमंत सोरेन के वादों पर भी सरकार को घेरा है।
मरांडी ने कहा कि हेमंत सोरेन ने वादा किया था कि गरीबों को साल में 7200 रुपये देंगेष महिलाओं को चूल्हा खर्चा के लिए 2 हजार रुपये प्रतिमाह देंगे। बच्चियों को कहा था कि शादी के लिए उन्हें सोने का सिक्का देंगे। विधवाओं को भी 2500 रुपये पेंशन देने का झूठा वादा किया। युवाओं को पांच लाख नौकरी देने का वादा किया था। उन्होंने कहा कि पांच लाख नौकरी तो छोड़ दीजिए, बल्कि पांच साल में जितनी परीक्षाएं हुई सभी में पेपर लीक हुए। साथ ही कहा कि पूरे पांच सालों तक जनता को सरकार ने ठगा भी और लूटा भी। मरांडी ने कहा कि चुनाव नजदीक आया तो महिलाओं को मंईयां योजना के नाम पर 1000 रुपये देना शुरू कर दी। बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा और देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में जनकल्याण की योजनाएं आम लोगों तक पहुंच रही है।



**विधानसभा चुनाव को लेकर डीसी ने की बैठक**

## सभी तैयारियों को ससमय सुनिश्चित कराने के निर्देश

**रांची।** उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी वरुण रंजन ने वाहन कोषांग एवं सामग्री कोषांग से संबंधित कार्यों की समीक्षात्मक की। इस दौरान उन्होंने सम्बंधित अधिकारी को ससमय सारी चीजें सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी रांची, वरुण रंजन द्वारा सभी अविधिक, विधिक पैकेट अन्य सामग्री, स्टेशनरी आइटम सम्बंधित जानकारी लेते हुए उएड कार्यालय से प्राप्त हुई सूची की समीक्षा की गई। सम्बंधित पदाधिकारी को निर्देश देते हुए कहा की समयबद्ध तरीके से योजना बनाते हुए जो सामग्री सम्बंधित कार्य बचें हुए हैं उसे ससमय पूरा करने को कहा गया। सम्बंधित पदाधिकारी यह सुनिश्चित कर ले के चेक लिस्ट अनुसार सामग्री हो, साथ ही अब तक कितना बैग विधानसभावार तैयार हुआ हैं इसकी जानकारी ली साथ ही उन्होंने प्रत्येक दिन का प्रोग्रेस रिपोर्ट बना कर दे।

**वाहन कोषांग**

वाहन कोषांग की समीक्षा बैठक करते हुए वाहनों से सम्बंधित सारी व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश दिया गया। रुट चार्ट को 2 दिनों के अंदर सभी विधानसभावार अंतिम रूप से वेरिफिकेशन करते हुए वाहन का टैगिंग पूर्ण करने का निर्देश दिया गया। इसके अतरिक्त पेट्रोल पम्प वाहन मिस्त्री की सूची सभी प्रखंडवार प्राप्त करने करने का निर्देश दिया गया। मतदान कर्मियों हेतु वाहनों की व्यवस्था तथा जिला स्तरीय विभिन्न कोषांगो से वाहनों की आवश्यकता का आंकलन कर कोषांग को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। मतदान कर्मियों के डिस्पैच के दिन मोरहाबादी मैदान में चालकों एवं अन्य के लिए दीदी किचन, पेयजल, शौचालय इत्यादि की व्यवस्था कराने हेतु सम्बंधित पदाधिकारी से समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया गया।

**आज | कल**

**तीसरी आंख**




# इरफान अंसारी को गठबंधन से बाहर करें हेमंत सोरेन : बाबूलाल मरांडी



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने शुक्रवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर तीखा हमला किया।
कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के विश्वसनीय माने जाने वाले कांग्रेस विधायक इरफान अंसारी ने सीता सोरेन जी के बारे में अशोभनीय और अपमानजनक शब्दों का प्रयोग कर सारी मयार्दाएं लांघ दी है।
मैं इरफान अंसारी के इस कुकृत्य की निंदा करता हूं। कहा कि जबसे सीता सोरेन ने भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण किया है, तबसे झामुमो व कांग्रेस के नेताओं द्वारा उनके उपर व्यक्तिगत हमले किए जा रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी इन हमलों का जवाब देने में सक्षम है, परंतु राज्य का मुख्यमंत्री होने के नाते क्या यह उनकी जिम्मेदारी नहीं बनती कि झारखंड आंदोलन के अग्रणी नेता दुर्गा सोरेन की धर्मपत्नी के प्रति इस तरह की अपमानजनक भाषा का इस्तेमाल करने वाले को आप अपने गठबंधन से बाहर करें?
कहा कि हेमंत सोरेन झारखंड की जनता देखना चाहती है कि अपने ही परिवार की एक सदस्य के बारे में इस निम्नस्तरीय टिप्पणियों पर आप क्या निर्णय लेते हैं? यदि आप इस बयान के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं करते हैं, तो यह स्पष्ट हो जाएगा कि आपके शह पर एक महिला जनप्रतिनिधि के उपर निजी हमले किए जा रहे हैं।

## इरफान अंसारी के बयान पर झामुमो दे स्पष्टीकरण : प्रदीप सिन्हा



**रांची।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा ने झारखंड मुक्ति मोर्चा पर बड़ा हमला बोला। प्रदेश कार्यालय में मीडिया सब बात करते हुए उन्होंने सोरेन परिवार की बहू को लेकर बड़ा सवाल उठाया। उन्होंने कहा कि सीता सोरेन कभी झारखंड मुक्ति मोर्चा की नेता हुआ करती थी। वह सोरेन परिवार की बहू है। उनके लिए जिस तरह से अपमानजनक शब्द का प्रयोग किया गया, क्या इसी तरह का बयान दूसरी बहू कल्पना सोरेन के ऊपर इरफान अंसारी के देने पर झारखंड मुक्ति मोर्चा चुप रहता। क्या सोरेन परिवार इरफान अंसारी के इस बयान का खंडन करेगा।उन्होंने कहा कि नामांकन के बाद इरफान अंसारी द्वारा दिया गया बयान घोर आपत्तिजनक है। यह उनकी मानसिकता को भी दर्शाता है।

## इरफान अंसारी के खिलाफ चुनाव आयोग पहुंची भाजपा

**रांची।** भाजपा का एक प्रतिनिधिमंडल सुधीर श्रीवास्तव के नेतृत्व में चुनाव आयोग पहुंचकर जामताड़ा के विधायक इरफान अंसारी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई। वहीं ज्ञापन देकर मांग किया कि विधानसभा चुनाव तक इरफान अंसारी को राज्य बदर कर दिया जाय और उनको नामांकन से रोका जाए।

# विस चुनाव में व्यापारियों के मुद्दों पर राजनीतिक दलों की राय जानेगा चैंबर



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

विधानसभा चुनाव में व्यापारियों के मुद्दों पर राजनीतिक दलों की राय जानने और सुनने के लिए चैंबर संवाद कार्यक्रम का आयोजन करेगा। जल्द ही इसकी शुरुआत की जाएगी। ये बातें शुक्रवार को झारखंड चैंबर की कार्यकारिणी समिति के वर्तमान सत्र की दूसरी बैठक में चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने कही। उन्होंने बताया कि बैठक के दौरान सदस्यों के सुझाव पर विधानसभा चुनाव में शहरी क्षेत्र में शत-प्रतिशत मतदान के लिए, चैंबर द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाने का निर्णय भी लिया गया। इससे पहले वर्तमान सत्र की दूसरी कार्यकारिणी समिति की बैठक में चैंबर अध्यक्ष ने जिला से लेकर प्रखंड स्तर तक चैंबर को मजबूती देने की प्रतिबद्धता जताते हुए कहा कि वर्षभर राज्यभर के जिलों का दौरा किया जाएगा। भवन नियमितीकरण योजना जल्द प्रभावी हो। संशोधित मास्टर प्लान के क्रियान्वयन के लिए हमारा प्रयास शुरू हो चुका है। कई सदस्यों ने कहा कि पूरे राज्य में जीएसटी विभाग के अधिकारियों द्वारा पेपर जांच के नाम पर माल लदे ट्रकों को रोककर व्यापारियों का भयादोहन किया जा रहा है, जिसपर राज्य निर्वाचन आयोग को संज्ञान लेने की जरूरत है। बताया कि गया कि चुटुपालो घाटी में नियमित रूप से सड़क दुर्घटनाएं घटित होने के बावजूद एनएचएआई द्वारा संज्ञान नहीं लिया जा रहा है। सदस्यों ने कहा कि शहर में बालू की पर्याप्त आपूर्ति नहीं होने के कारण परेशानी हो रही है। बताया कि गुमला, लोहरदगा, सिमडेगा में सिक्के की पर्याप्त उपलब्धता नहीं है। बैठक के दौरान चैंबर के वर्तमान सत्र की गतिविधियों के संचालन के लिए 45 उप समितियों का गठन एवं उनके चेयरमैन का मनोनयन किया गया। बैठक में चैंबर उपाध्यक्ष राहुल साबू, ज्योति कुमारी, महासचिव आदित्य मल्होत्रा, सह सचिव विकास विजयवर्गीय, नवजोत अलंग, कोषाध्यक्ष रोहित अग्रवाल, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अमित साहू, रमेश कुमार, संजय अग्रवाल, कार्यकारिणी सदस्य अमित शर्मा, अनिल अग्रवाल, आस्था किरण, डॉ अभिषेक रामाधीन, मुकेश अग्रवाल सहित अन्य थे।



## राज्यपाल ने डीएवी गुमला के विद्यार्थियों को किया सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने शुक्रवार को डीएवी पब्लिक स्कूल, गुमला के विद्यार्थियों को प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया। मौके पर विद्यार्थियों ने राज्यपाल को अपनी पेंटिंग भेंट की। वहीं एक छात्रा ने राज्यपाल को स्वरचित पुस्तक की प्रति भी दी। संतोष कुमार गंगवार ने पेंटिंग का अवलोकन किया और विद्यार्थियों की कलात्मक कृति की प्रशंसा की। उन्होंने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की भी कामना की। राज्यपाल ने कहा कि आप सभी अपने जीवन में उत्कृष्ट प्रदर्शन करें और एक जिम्मेदार नागरिक बनें, जिससे समाज के साथ-साथ राज्य और राष्ट्र भी उन पर गर्व कर सकें। इस अवसर पर स्कूल के प्राचार्य ने विद्यालय की गतिविधियों पर भी प्रकाश डाला। इसके बाद विद्यार्थियों ने राज भवन उद्यान का भी भ्रमण किया। बता दें कि ह्वाकारगिल विजय दिवसह्व के अवसर पर डीएवी पब्लिक स्कूल, गुमला के विद्यार्थियों ने लद्दाख के उप राज्यपाल को पेंटिंग भेजी थी। उप राज्यपाल ने इन विद्यार्थियों की रचनात्मकता की सराहना करते हुए रांची राजभवन को एक पत्र प्रेषित किया था।

## 72 छठ घाटों के लिए सात जोन में पदाधिकारियों की हुई प्रतिनियुक्ति



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

छठ महापर्व को देखते हुए छठ घाटों तथा इनके सम्पर्क पथों की सफाई, ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव, खराब एलईडी स्ट्रीट लाईट की मरम्मति इत्यादि कार्यों के नियमित अनुश्रवण एवं पर्यवेक्षण के लिए कनीय अभियंता/नगर प्रबंधक/नगर अभियान प्रबंधक एवं वरीय प्रभारी की प्रतिनियुक्ति की गई है। इसके लिए 72 छठ घाटों के लिए कुल 07 जोन में पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। रूपेश रंजन सभी छठ घाटों पर स्वच्छता से संबंधित संदेशों एवं खतरनाक स्थल पर चेतावनी की सूचना से संबंधित फ्लेक्स प्रदर्शित कराना सुनिश्चित करेंगे। कार्य के नियमित अनुश्रवण की जिम्मेवारी निहारिका तिर्की, सहायक प्रशासक और गोपेश सहायक प्रशासक की होगी। इस कार्य के वरीय प्रभार में रवीन्द्र कुमार, उप प्रशासक रहेंगे। इसके अलाव आवश्यकतानुसार कृत्रिम तालाब, छठ व्रतियों के लिए चेंजिंग रूम, विशेष प्रकाश की भी व्यवस्था की जाएगी।

## रिम्स से अतिक्रमण हटाने और निर्माण को लेकर हुई समीक्षा

**रांची।** रिम्स के आधारभूत संरचनाओं, चिकित्सा व्यवस्था में सुधार, सुरक्षा व्यवस्था तथा नियुक्ति एवं प्रोन्नति को लेकर समीक्षात्मक बैठक प्रधान सचिवअजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सबसे पहले चिकित्सकों की सुरक्षा व्यवस्था को दुरुस्त करने को लेकर कई महत्वपूर्ण मामलों पर विचार किया गया। सुरक्षाकर्मियों की संख्या बढ़ाने को लेकर चर्चा की गई। इसके अलावा रिम्स परिसर में अतिक्रमण को लेकर भी विमर्श किया गया, बैठक में कहा गया कि रिम्स के सड़क किनारे अतिक्रमण कर लगाए गए ठेले और दुकान लगने से भी खतरा रहता है। देर तक दुकानें लगती है और जमावड़ा लगा रहता है। इसके अलावा ग्रीन कॉरिडोर के रास्ते में भी व्यवधान उत्पन्न होता है। इसे हटाने पर भी विचार किया गया।

## सीएमपीडीआई में 28 से सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**




सीएमपीडीआई ने सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2024 के प्रस्तावना के रूप में रांची के अनेक स्कूल और कॉलेजों में प्रतियोगिता आयोजित की गयी। इसमें छात्रों और कर्मचारियों के बच्चों के लिए भ्रष्टाचार से निपटने में प्रौद्योगिकी का उपयोग विषय पर वाद-विवाद प्रतियोगिता और सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया। सीएमपीडीआई 28 अक्टूबर से 3 नवम्बर तक सत्यनिष्ठा की संस्कृति से राष्ट्र की समृद्धि विषय पर सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2024 मनाएगा। इस दौरान वाद-विवाद प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, ऑनलाइन क्वीज प्रतियोगिता जैसे विभिन्न आंतरिक/घरेलू और आउटरीच कार्यक्रम आयोजित करेगा। भ्रष्टाचार के खतरों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2024 के दरम्यान नुक्कड़ नाटक, ग्राम सभा, वॉकथॉन जैसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। केन्द्रीय सतर्कता आयोग (सीवीसी), नई दिल्ली के निर्देशों के अनुसार सीएमपीडीआई सतर्कता जागरूकता सप्ताह-2024 की प्रस्तावना के रूप में निवारक सतर्कता विषय पर 16 अगस्त से 15 नवम्बर, 2024 तक जागरूकता अभियान मना रहा है। इस तीन महीने के दौरान क्षमता निर्माण कार्यक्रम, व्यवस्थित सुधार उपायों की पहचान एवं कार्यान्वयन, परिपत्र/दिशानिर्देश/मैनुअल का अद्यतनीकरण से पूर्व प्राप्त शिकायतों का निस्तारण एवं गतिशील डिजिटल उपस्थिति जैसे क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

## डीएवी हेहल के बच्चों ने वृद्धाश्रम के बुजुर्गों को किया मनोरंजन




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

डीएवी पब्लिक स्कूल हेहल के छात्र-छात्राओं ने दीपावली से पूर्व राजधानी के बरियातु स्थित वृद्धाश्रम में जाकर बुजुर्गों के सम्मान में भजन, नृत्य नाटिका, गीत प्रस्तुत कर उनका मनोरंजन किया। बच्चों ने सभी वृद्धाश्रम वासियों को अपने हाथों से बनाए सुन्दर-सुन्दर भावों से ओतप्रोत ग्रीटिंग्स कॉर्ड, फल भेंट किए। वृद्धाश्रमवासियों ने बच्चों के साथ अपने-अपने अनुभवसाझा किए और इस पल का खूब लुफ्त उठाया। वृद्धाश्रमवासियों ने सभी बच्चों को हृदय से आशीष प्रदान करते हुए कहा कि आप सभी आयुष्मान, विद्यावान एवं धन-ऐश्वर्यों के स्वामी बन आपने माता-पिता और गुरुओं का सम्मान करें। विद्यालय के प्राचार्य एसके मिश्रा ने अपने शुभकामना संदेश में कहा कि ऐसे स्थानों के भ्रमण से बच्चों में आपने बड़े-बुजुर्गों के प्रति सम्मान की भावना जागृत होती है और वे भविष्य में आपने परिवार के कुशल संवाहक बनते हैं। इस दल का नेतृत्व विद्यालय की माध्यमिक शाखा की प्रभारी अजन्ता कुमारी एवं संगीत शिक्षक इंद्रजीत दत्ता, मुक्ति सरकार, सोहन राणा, मनीषा मणि आदि ने किया।

## ब्लड बैंक के पास कोई संदिग्ध दिखे तो कार्रवाई करें : सीएस

**रांची।** सिविल सर्जन (सीएस) डॉ प्रभात कुमार ने रांची जिले के सभी ब्लड बैंकों की निगरानी के लिए समिति का गठन कर दिया। समिति सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ विमलेश सिंह की अध्यक्षता में बनी है। वहीं, सदर ब्लड बैंक की इंचार्ज डॉ रंजू सिन्हा, ब्लड बैंक की चिकित्सा पदाधिकारी डॉ तान्या रक्षित, लाइफ सेवर्स संस्था के संस्थापक अतुल गेरा और सदर के डीडीएम संजय तिवारी सदस्य बनाए गए हैं। सीएस ने शुक्रवार को बताया कि समिति के सदस्यों को समय-समय पर सभी ब्लड बैंकों की निगरानी करने के लिए कहा गया है। कोई भी शख्स ब्लड बैंक के बाहर खून के लिए पैसे मांगता दिखाई देने पर उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की हिदायत भी दी गई है।

## एनसीसी कैडेट्स के बीच मतदान जागरूकता अभियान का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

समाजसेवी डॉ दीपक गुप्ता के नेतृत्व में मतदान जागरूकता अभियान लगातार आयोजित किया जा रहा है। इसी कड़ी में शुक्रवार को एक विशेष कार्यक्रम एनसीसी कैडेट्स के बीच आयोजित किया गया, जिसमें कैडेट्स को मतदान का महत्व समझाने के साथ-साथ उन्हें अपने मताधिकार का उपयोग करने की शपथ दिलाई गई। कैडेट्स से यह भी अपील की गई कि वे अपने परिवार, मित्रों और आस-पास के लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करें और एक जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य निभाएं। इस अवसर पर डॉ. दीपक गुप्ता ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा, आप राष्ट्र के अनुशासित और जागरूक युवा हैं, और आपके प्रयास समाज में सकारात्मक बदलाव का उदाहरण बन सकते हैं। मतदान हर नागरिक का अधिकार और जिम्मेदारी है, और यह लोकतंत्र को मजबूत बनाने का सबसे महत्वपूर्ण साधन है। आगामी विधानसभा चुनाव में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करके लोकतंत्र को सशक्त बनाने में अपनी भूमिका निभाएं।

> **13 नवंबर को अधिक से अधिक मतदान कराने की अपील**
>
> **विधानसभा चुनाव में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करके लोकतंत्र को सशक्त बनाने में अपनी भूमिका निभाएं**

डॉ. गुप्ता ने सभी एनसीसी कैडेट्स से आग्रह किया कि वे अपने स्तर पर एक जागरूकता अभियान चलाएं और अधिक से अधिक लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करें। कार्यक्रम में कैडेट्स को यह भी बताया गया कि कैसे वे अपने मताधिकार का प्रभावी उपयोग कर सकते हैं और दूसरों को भी मतदान में भागीदारी के लिए प्रेरित कर सकते हैं। इस कार्यक्रम का उद्देश्य प्रत्येक नागरिक को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक बनाना और एक मजबूत लोकतंत्र के निर्माण में सहभागी बनने के लिए प्रेरित करना है। डॉ. गुप्ता ने सभी नागरिकों से अपील की कि 13 नवंबर को होने वाले इस महत्वपूर्ण विधानसभा चुनाव में अधिक से अधिक संख्या में मतदान करें और लोकतंत्र को सशक्त बनाने के इस प्रयास में भागीदार बनें।

## इस्पात मजदूर संघ का प्रतिनिधिमंडल राज्यपाल से मिला

**रांची।** इस्पात मजदूर संघ रांची के सचिव पिंटू सिंह के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को राज्यपाल संतोष गंगवार से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने आंगनबाड़ी सेविका, सहायिका और आशा बहनों को कर्मचारी राज्य बीमा निगम और भविष्य निधि से जोड़ने की मांग की। प्रतिनिधिमंडल में कृष्णकांत चौधरी, संजीत कुमार और मृत्युंजय तिवारी आदि शामिल थे।

## सीसीएल ने विद्यार्थियों के लिए किया प्रतियोगिता आयोजित

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



सतर्कता जागरूकता अभियान के अंतर्गत शुक्रवार को कांके जीएमएस एवं आदिवासी बाल विकास उच्च विद्यालय में स्लोगन लेखन, निबंध, चित्रकला एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में दोनों स्कूल से कुल 117 छात्रों ने भाग लिया।सतर्कता विभाग के अधिकारियों ने छात्रों को सतर्कता जागरूकता सप्ताह के बारे में जानकारी दी एवं अपनी जीवन शैली में ईमानदार और सत्यनिष्ठ रहने की सलाह दी। गौरतलब है कि सतर्कता विभाग, सी.सी.एल द्वारा 17 से 26 अक्टूबर तक रांची के भिन्न भिन्न स्कूलों में कई प्रतियोगिता कराई जा रही है।

## साहित्यिक सम्मान समारोह आज

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



स्पेनिन संस्था के तत्वावधान में साहित्यिक सम्मान समारोह का आयोजन आज शनिवार को 3:15 बजे से उसुलाईन इंटर कॉलेज के सभागार में किया जाएगा। इस आयोजन की सभी तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रसिद्ध साहित्यकार अशोक प्रियदर्शी करेंगे, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में सिस्टर डॉ मेरी ग्रेस उपस्थित रहेंगी। झारखंड के प्रमुख साहित्यकारों के इस सम्मान समारोह में शामिल होने की संभावना है। स्पेनिन संस्था 2007 से साहित्यिक सम्मान समारोह आयोजित कर रही है और अब तक 40 साहित्यकारों को इस सम्मान से विभूषित किया जा चुका है। इनमें सुप्रसिद्ध साहित्यकार ऋषिकेश सुलभ, शिवनारायण, पंकज सुबीर, अनिल पतंग, विनोद कुमार, राकेश कुमार सिंह शामिल हैं। इस वर्ष के समारोह में नीरज नीर को डॉ. सिद्धनाथ कुमार स्मृति सम्मान और तीन साहित्यकारों— गीता चौबे गुंज, वीना श्रीवास्तव, शिरोमणि महतो—को स्पेनिन साहित्य गौरव सम्मान से सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर कुमार संजय की चार पुस्तकों का लोकार्पण भी होगा। ये पुस्तकें हैं प्रेमचंद की श्रेष्ठ 25 कहानियों का नाट्य रूपांतर, स्टेप मदर और अन्य रंग नाटक, चेखव की चर्चित 12 कहानियों का नाट्य रूपांतर, सफलता, सुंदरता और शांति के मूल मंत्र। यह जानकारी स्पेनिन संस्था के निदेशक कुमार संजय ने दी।

## फेक करेंसी मामले में डेढ़ साल से जेल में बंद आरोपी को जमानत नहीं

रांची। नकली करेंसी से जुड़े 17 साल पुराने मामले में डेढ़ साल से जेल में बंद आरोपी निखिल मंडल को अदालत ने जमानत देने से इनकार किया है। अपर न्यायायुक्त मिथिलेश कुमार सिंह की अदालत ने उसकी ओर से दाखिल जमानत याचिका सुनवाई के पश्चात खारिज कर दी है। वह मामले में 28 मार्च 2023 से जेल में है। मामले को लेकर धुर्वा थाना में कांड संख्या 25/2007 के तहत केस दर्ज है। अदालत ने याचिका खारिज करते हुए कहा कि याचिकाकर्ता नकली नोटों के कारोबार में संलिप्त था, जो मालदा पश्चिम बंगाल में एजेंट है और बांग्लादेश से नकली नोट प्राप्त करता था और उसे रांची के साथ-साथ आसपास और विभिन्न स्थानों पर एजेंट के माध्यम से नकली नोटों की आपूर्ति करता था। इसी मामले में साल 2018 में नौ अभियुक्तों को सजा सुनाई जा चुकी है। निखिल मंडल उस दिनों फरार चल रहा था।

### कोल इंडिया मेडिकल कॉन्फ्रेंस 2024 का हुआ उद्घाटन

## सम्मेलन ज्ञानवर्धन एवं जानकारी के लिए महत्वपूर्ण : सीसीएल सीएमडी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**



सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सीसीएल) ने कोल इंडिया मेडिकल कॉन्फ्रेंस 2024 का शुभारंभ दरभंगा हाउस, सीसीएल के कन्वेंशन सेंटर में किया। यह सम्मेलन 25 अक्टूबर से 27 अक्टूबर 2024 तक चलेगा। कॉन्फ्रेंस का विषय स्वास्थ्य प्राथमिकताएँ - वर्तमान और भविष्य रखा गया है। इस आयोजन में देश-विदेश के 15 से अधिक प्रख्यात वक्ता शामिल हो रहे हैं और कोल इंडिया लिमिटेड एवं उसकी सहायक कंपनियों के लगभग 250 डॉक्टर इस सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। निलेंदु कुमार सिंह ने समाज में डॉक्टरों के योगदान को रेखांकित किया और कहा कि इस प्रकार के सम्मेलन ज्ञानवर्धन एवं जानकारी के प्रसार के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। इस मंच से सभी डॉक्टर अपने सहकर्मियों के अनुभवों से सीख सकते हैं और नए चिकित्सा नवाचारों से परिचित हो सकते हैं। इस अवसर पर सभी गणमान्य अतिथियों ने इस कार्यक्रम और सम्मेलन के महत्व पर अपने विचार साझा किए। कार्यक्रम में कोल इंडिया और सीसीएल के कई महाप्रबंधक, विभागाध्यक्ष और बड़ी संख्या में डॉक्टर मौजूद रहे। कोल इंडिया मेडिकल कॉन्फ्रेंस 2024 का उद्देश्य कोल इंडिया की चिकित्सा समुदाय के अनुभवी चिकित्सकों के लिए एक साझा मंच तैयार करना , स्वास्थ्य क्षेत्र में नवीनतम प्रगति के प्रति जागरूक करना और अपने डॉक्टरों की जानकारी में वृद्धि करना है, ताकि वे अपनी सेवाओं के माध्यम से कर्मचारियों के स्वास्थ्य को सुदृढ़ बना सकें। मौके पर सीसीएल के सीएमडी निलेंदु कुमार सिंह, निदेशक (वित्त) पवन कुमार मिश्रा, निदेशक तकनीकी (संचालन) हरीश दुहान, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) सतीश झा, मुख्य सतर्कता अधिकारी (सीवीओ), पंकज कुमार और सर्वोदय ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के चेयरमैन डॉ. राकेश गुप्ता आदि थे।

# न्यूज बॉक्स

## डीजीपी ने पुलिस पदाधिकारियों को किया सम्मानित



**रांची।** झारखंड पुलिस मुख्यालय में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें पुलिस महानिदेशक अजय कुमार सिंह एवं पुलिस महानिदेशक (मुख्यालय) आरके मल्लिक ने चयन में पदोन्नत किए गए पुलिस अधिकारियों को सम्मानित किया। इस अवसर पर पलामू के अपर पुलिस अधीक्षक राकेश सिंह एवं चतरा के अपर पुलिस अधीक्षक रित्विक श्रीवास्तव को बैज लगाकर शुभकामनाएं दी गई। समारोह में उपस्थित विशिष्ट अतिथियों में पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी शामिल थे।

## 'दीक्षांत परेड' के लिए राज्यपाल को मिला आमंत्रण



**रांची।** राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार से शुक्रवार को राज भवन में सीमा सुरक्षा बल, मेरू कैम्प के महानिरीक्षक कमलजीत सिंह बन्याल ने भेंट की। इस अवसर पर महानिरीक्षक श्री बन्याल ने राज्यपाल को सहायक प्रशिक्षण केंद्र, सीमा सुरक्षा बल, हजारीबाग द्वारा आयोजित होने वाले 'दीक्षांत परेड' में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया।

## स्कूली छात्र की मिली लाश, मानसिक तनाव से गुजर रहा था मृतक

**रांची।** चडरी तालाब में एक छात्र की लाश मिली। शव मिलने की सूचना पर कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मामले की जानकारी ली। मृतक की पहचान रौनक देव सुखदेवनगर निवासी और सरला बिरला स्कूल के छात्र रूप में की गई। फिलहाल पुलिस जांच में जुटी हुई है आगे की जांच के बाद ही घटना की असली वजह सामने आ पाएगी। रौनक गुरुवार की शाम से गायब था । छात्र की पहचान होने के बाद उसके परिजनों को मामले की जानकारी दे दी गई। पूरे मामले को लेकर कोतवाली थाना प्रभारी रंजीत सिंह और लोअर बाजार थाना प्रभारी दयानंद ने बताया की रौनक के पिता गुरुवार की शाम उसकी तस्वीर लेकर थाने में आए थे लेकिन उन्होंने कोई लिखित आवेदन नहीं दिया। सिर्फ रौनक की तस्वीर देखकर थाने से लौट गए। मृतक के पिता ने बताया की रौनक देव इन दिनों मानसिक तनाव से गुजर रहा था। इसी बीच घर में छोटी मोटी बहस कर 24 अक्टूबर की शाम रौनक से घर निकला। देर शाम तक रौनक के घर नहीं लौटने पर मृतक के पिता ने थाने में जाकर शिकायत की हालांकि रौनक के पिता ने लिखित शिकायत नहीं की थी। बस थाने में तस्वीर दे दी थी जिसके बाद 25 अक्टूबर को रौनक का शव चडरी तालाब से बरामद हुआ है।

## रांची विवि के कुलपति अनुसंधान समन्वय समिति में शामिल



**रांची।** वरिष्ठ वैज्ञानिक तथा रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डा अजीत कुमार सिन्हा को केंद्रीय सिल्क बोर्ड के अनुसंधान समन्वय समिति का सदस्य बनाया गया है। डॉ हिमांशु पाठक डायरेक्ट जनरल आईसीएआर के चेयरमैनशिप में गठित समिति में सदस्यों के रूप में को शामिल किया गया है। झारखंड से डा. अजीत कुमार सिन्हा का इसमें शामिल होना राज्य के लिये सम्मान की बात है। केंद्रीय रेशम बोर्ड देश में रेशम उद्योग के विकास के लिये शोध ,अनुसंधान , नीतियां बनाने ,निर्देशित कर उसको मोनिटर करने का कार्य करता है। इस समिति में वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. अजीत कुमार सिन्हा को महत्वपूर्ण जिम्मेवारियां सौंपी जायेंगी।

## समस्त हिंदू समाज करें शत-प्रतिशत मतदान : राष्ट्र सेवा फाउंडेशन



**रांची।** राष्ट्र सेवा फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष स्वामी सीताराम शरण जी महाराज एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुनील कुमार सिंह ने संयुक्त रूप से प्रेस विज्ञप्ति जारी किया है। वहीं कहा कि 2024 का 13 नवंबर एवं 20 नवंबर को होने वाला विधानसभा चुनाव में समस्त हिंदू समाज शत- प्रतिशत मतदान करें। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र के महापर्व में समस्त हिंदू समाज को राष्ट्रहित, राज्यहित, व समाजहित में शत झप्रतिशत मतदान करने का आह्वान किया। इस महापर्व को सफल बनाने में संगठन से जुड़े सभी पदाधिकारी एवं सदस्यों को अपने आस पास के लोगों को मतदान करने हेतु जागरूक करने का कार्य करें। कहा कि सनातनी हिंदू समाज की संस्कृति एवं परंपरा निरंतर निर्बाध रूप से भारतीय भू-धरा पर बनी रहे। इसके लिए राष्ट्रीय चिंतन करने वाले समूह को अपना मतदान करें। उन्होंने समस्त हिंदू समाज से आह्वान करते हुए कहा कि वे शपथ लें कि मैं भविष्य में कभी भी ऐसे राजनैतिक /दल अथवा प्रत्याशी को अपना मत नहीं दूंगा जो हिंदू सनातन धर्म, हिंदू देवी देवताओं एवं धार्मिक परंपराओं व मान्यताओं का विरोधी रहा हों।

## महाधिवक्ता ने लातेहार का किया दौरा, अधिवक्ता कल्याण निधि की योजनाओं से जुडने की अपील

**रांची।** झारखण्ड अधिवक्ता कल्याण निधि अधिनियम के अंतर्गत ट्रस्टी कमिटी के पदेन अध्यक्ष सह राज्य के महाधिवक्ता राजीव रंजन ने अपने लातेहार का दौरा किया। जिले के बार एसोसिएशन के अध्यक्ष, सचिव और कार्यकारिणी समिति के सदस्यों से मिलकर अधिवक्ता कल्याण निधि की योजनाओं से अवगत कराया। उन्होंने ट्रस्टी कमिटी की ओर से अधिवक्ताओं के कल्याण के लिए चलाई जानेवाली विभिन्न योजनाओं से अवगत कराया। वहीं कहा कि यह आपका और आपके परिवार की सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है। अधिवक्ताओं की सामाजिक सुरक्षा के लिए ट्रस्टी कमिटी ने इस योजना में उपयुक्त सुविधा दी है जिसका अधिकाधिक लाभ लेना चाहिए। उन्होंने अधिकाधिक संख्या में अधिवक्ताओं से झारखण्ड अधिवक्ता कल्याण निधि ट्रस्टी समिति का सदस्य बनने की अपील की। विदित हो कि इस योजना के तहत 5 लाख रू0 स्वास्थ्य बीमा के साथ ही 14 हजार रू0 पेंशन की सुविधा है। इस योजना के तहत नये अधिवक्ताओं को स्टाईपेंड के रूप में पहले तीन साल के लिए 5 हजार रू0 प्रतिमाह राशि उपलब्ध कराये जाने का प्रावधान है। बार एसोसिएशन के सदस्यों ने गर्मजोशी से महाधिवक्ता राजीव रंजन का अभिनंदन करते हुए उनकी बातों को समझा और ट्रस्टी कमिटी की योजनाओं से स्वयं को जोडने की इच्छा जताते हुए अधिक से अधिक संख्या में अधिवक्ताओं को इस योजना से जोडने के लिए प्रेरित करने की बात कही।

## एक नजर

### चर्च में उपासनालय का हुआ निर्माण, 27 को होगा उद्घाटन



**लापुंग।** लापुंग प्रखंड के डुरु में 1913 ई में बने सोसायटी फॉर प्रोपेगेशन ऑफ द गॉस्पेल इन फॉरेन पाट्र्स ( एसपीजी )के ब्रिटिश मिशनरी लोंग्स्डेल द्वारा निर्मित के सीएनआई चर्च डुरु का जीर्णोद्धार कर पुनरूत्थान उपासनालय का निर्माण किया गया। रविवार 27 अक्टूबर को विस्तारित पुनरूत्थान उपासनालय का छोटानागपुर डायसिस के विशप महामान्यवर बीबी बास्के विधिवत उद्घाटन किया जाएगा। इसकी व्यापक तैयारियां की जा रही है। डुरु गांव के युथ कमिटी के सभापति प्यारा खलखो ने बताया कि लापुंग प्रखंड में ईसाई मिशनरियों का इतिहास 138 वर्ष पुरानी है।

### गिरिडीह में खाद्य सुरक्षा मानकों पर सात नमूने फेल

**गिरिडीह।** जिले से राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजे गये 14 नमूनों के जांच प्रतिवेदन में कुल सात नमूने खाद्य सुरक्षा के मानक पर असफल पाए गए हैं। इस बाबत खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने शनिवार को बताया कि इनमें बाबा स्वीट्स एवं शुभम स्वीट्स, गांधी चौक, राजधनवार के लड्डू में मानक से अधिक फूड कलर पाए जाने के कारन सब स्टैंडर्ड पाए गए हैं जबकि बाबा सत्तू, राजधनवार, सब स्टैंडर्ड पाया गया है कदत्ता स्वीट्स, नगर थाना एवं सुरुचि स्वीट्स मकतपुर से लिए गए खोआ के नमूना में वसा की मात्रा काम पाए जाने के कारण सब स्टैंडर्ड कैटेगरी में फेल पाए गए है । इसके अलावा अभिषेक कुमार, तिरंगा चौक एवं न्यू गुप्ता जनरल स्टोर से लिए गए निमकी एवं दालमोट के नमूने भी मानक पर खरे नहीं उतरे। ऐसे खाद्य कारोबारियों के विरुद्ध न्यायनिर्णयन पदाधिकारी-सह-अपर समाहर्ता के कोर्ट में केस दर्ज कराया जा रहा है।

### नामकुम में स्नोलैंड संचालक से पांच लाख की ठगी

**नामकुम।** खरसीदाग ओपी क्षेत्र के रिंग रोड स्थित मनोरंजन पार्क (स्नोलैंड) के संचालक प्रवीण गुप्ता से पांच लाख रुपये की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है। पीड़ित ने इलुमिनिटी इवेन्ट्स नामक संस्था के अभय अलंग, रौनित कुकरेजा और साक्षी सिंह पर स्नोलैंड में कार्यक्रम आयोजित कराने के दौरान पांच लाख रुपये की धोखाधड़ी का आरोप लगाया है। वहीं पैसे मांगने पर झूठे केस में फंसाकर बर्बाद करने और हत्या कराने की धमकी देने की प्राथमिकी दर्ज कराई है। ओपी में दिए आवेदन में प्रवीण ने बताया है कि तीनों आरोपी 25 अगस्त उनसे मिलकर 28 सितंबर को स्नोलैंड में कार्यक्रम आयोजित करने की बात कही। वहीं प्रति व्यक्ति 2000 रुपये और प्रति कपल 3500 रुपये टिकट रखने और सभी टिकट स्नोलैंड के काउंटर से ब्रिकी करने की बात तय की।

छात्राओं ने लापुंग में मतदाता जागरूकता अभियान का किया आयोजन

# स्वस्थ लोकतंत्र के लिए सभी को मतदान करना जरूरी : प्रचार्य



**नवीन मेल संवाददाता। संवाददाता लापुंग**
लापुंग प्रखंड में शुक्रवार को स्वीप कार्यक्रम के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। प्लस टू उच्च विद्यालय लापुंग के प्रधानाचार्य अमरेंद्र कुमार राय के नेतृत्व एवं देखरेख में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। प्राचार्य ने कहा कि मतदान, महादान है, जिससे विकास का रास्ता खुलता है। विधानसभा चुनाव को लेकर लापुंग प्रखंड के मतदाताओं को जागरूक करने के लिए चलाए गए अभियान के दौरान छात्र-छात्राओं ने खूब नारे लगाए। बच्चों ने कहा कि जो दे दारू और रुपया उससे न देना वोट, देना उसे चोट रे भईया देना उसे चोट। लापुंग प्रखंड मुख्यालय स्थित प्लस टू उच्च विद्यालय लापुंग से प्रखंड कार्यालय व सापुकेरा बाजार टाड तक गया जागरूकता रैली निकाली गई व वहां से रैली पुनः विद्यालय तक वापस आया। राजकीय प्लस टू उच्च विद्यालय लापुंग के छात्र-छात्राओं ने शिक्षक शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में सापुकेरा बाजार में सैकड़ों लोगों की भीड़ से वे गुजरते हुए मतदाताओं से मिलकर उन्हें जागरूक किया। विद्यालय के राष्ट्रीय कैडेट कोर एनसीसी के छात्र छात्राओं ने जागरूकता रैली के दौरान अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इसमें उन्होंने नारा लगाया पहले मतदान फिर जलपान ,जो दे दारू पैसा मत देना उसको वोट रे भईया मत देना वोट... जैसे कई नारे लगाये इस मतदाता जागरूकता अभियान में विद्यालय के सहायक शिक्षकों मुख्य रूप से धनंजय कुमार, पंकज, रेणु कुशवाहा, अनीश, जुगनू व जलधर नायक के अलावे अन्य शिक्षकों ने बच्चो के साथ भ्रमण कर उन्हें गाइड लाइन दिया।

राय से लापता किशोरी लखनऊ में मिली

# डालसा के मुन्नू शर्मा के माध्यम से हुई घर की पहचान

**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
खलारी थाना क्षेत्र के राय आदिवासी मुहल्ले से विगत करीब एक साल से लापता 12 वर्षीय किशोरी के बारे में पता चल गया है। फिलहाल वह लखनऊ (उप्र) के राजकीय बालिका गृह में है। उसके बचाव और पहचान करने में खलारी चाइल्ड प्रोटेक्शन व डालसा रांची के प्रतिनिधि मुन्नु शर्मा की अहम भूमिका रही है। लखनऊ राजकीय बालिका गृह की अधीक्षक ने मुन्नु शर्मा से सम्पर्क कर उन्हें झारखंड की एक बच्ची के बाल गृह में होनी की जानकारी दी। बताया गया कि दिसम्बर 2023 में यह बच्ची नगर कोतवाली अयोध्या में भटकती हुई मिली थी। जिसे अयोध्या जनपद पुलिस द्वारा बाल कल्याण समिति अयोध्या के समक्ष प्रस्तुत कर बालिका गृह में संरक्षित कराया गया था। बाद में वहां से बच्ची को वर्ष 2024 में लखनऊ के राजकीय बालिका गृह में स्थानांतरित कर दिया गया। मुन्नु शर्मा के पास सूचना मिलने के बाद उन्होंने बच्ची से बात कर काउंसलिंग किया। बच्ची ने खलारी चुरी और राय दरहाटांड़ स्कूल जाने की बात बताई। बच्ची से बातचीत के बाद मुन्नु शर्मा ने राय के मुखिया प्रदीप उरांव से सम्पर्क किया और बच्ची के पिता दीपक उरांव से बात कर पूरी घटना क्रम की जानकारी ली। बच्ची के पिता ने बताया कि एक वर्ष पूर्व वह बच्ची को लेकर ईंट भट्ठे में काम करने के लिए अयोध्या गया था। वहां से उसकी बेटी लापता हो गई थी। उसके बाद से उसका कुछ भी पता नहीं चल सका था। इस संबंध में खलारी थाना पुलिस को कोई सूचना नहीं दी गई थी। फिलहाल दीपक उरांव चुरी के मानाटांड़ में झोपड़ी में रहता है। इधर बच्ची के संदर्भ में मुन्नू शर्मा ने रांची जिला बाल संरक्षण इकाई को सूचना देकर लखनऊ बालिका गृह को घर सत्यापन की जानकारी दे दी है।

## न्यूज | बॉक्स

### प्रतिबंधित मांस के साथ गिरफ्तार न्यायिक हिरासत में भेजा गया



**खलारी।** खलारी थानाक्षेत्र अंतर्गत खलारी सीमेंट कारखाना के निकट जाकिर अंसारी नाम के एक व्यक्ति को प्रतिबंधित मांस के साथ पकड़ लिया गया। इस संबंध में खलारी थाना प्रभारी पुनि विजयकुमार सिंह ने बताया कि शुक्रवार सुबह साढ़े नौ बजे खलारी बाजारटांड़ आजाद नगर निवासी जाकिर अंसारी (40 वर्ष) स्कूटी संख्या जेएच01सीजे/6698 से करीब 15 किलो प्रतिबंधित गौ मांस बेचने के लिए ले जा रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर उसे पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने बताया कि वह लोहरदगा जिले के कुडू थाना अंतर्गत लापुर निवासी सद्दाम कुरैशी से यह मांस लेकर आ रहा है। खलारी थाना में संबंधित धाराओं में जाकिर अंसारी व सद्दाम कुरैशी के विरूद्ध प्राथमिकी दर्ज कर लिया गया है। वहीं प्राथमिकी अभियुक्त जाकिर अंसारी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### पुलिस ने खलारी के डुंडू व बमने बूथों का किया निरीक्षण



**खलारी।** खलारी थाना पुलिस ने सशस्त्र सीमा बल के साथ खलारी थाना अंतर्गत बूथ संख्या 58, राजकीयकृत मध्य विद्यालय डुंडु व बूथ संख्या 59, 60 राजकीय कृत मध्य विद्यालय बमने का निरीक्षण किया। तथा बूथ की ओर जाने वाली सड़कों को सेनीटाइज करते हुए आसपास के जंगली क्षेत्रों एवं गांवों का एरिया डोमिनेशन किया गया। वहीं शांतिपूर्ण विधानसभा मतदान के लिए पुलिस उप अधीक्षक खलारी रामनारायण चौधरी के नेतृत्व में सशस्त्र सीमा बल के साथ मैकलुस्कीगंज थाना पुलिस द्वारा मैकलुस्कीगंज व चान्हों थाना की सीमा पर नकटा पहाड़ क्षेत्र में पीएलएफआई उग्रवादी संगठन के कमांडर कृष्ण यादव व उसके दस्ता सदस्यों के छिपने के संभावित ठिकाने पर छापामारी करते हुए सर्च अभियान चलाया गया।

### मुरी पुलिस ने झारखंड- प. बंगाल की सीमा पर नकद बरामद किया



**सिल्ली/मुरी।** निकट भविष्य में विधानसभा चुनाव को देखते हुए मुरी पुरुलिया बॉर्डर पर वाहन जांच के क्रम में झालदा (पश्चिम बंगाल) निवासी संतोष साव के वाहन जिसका निबंधन संख्या डब्ल्यू बी 55बी/1735 को पुलिस द्वारा जांच करने पर एक लाख नब्बे हजार रुपया उपस्थित दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी के द्वारा बरामद कर जप्त किया गया। इधर थाना प्रभारी कुंदन कुमार सिंह ने बताया कि बरामद रूपयों के बारे में वाहन मालिक से पुछताछ करने पर किसी प्रकार का संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया और ना ही रुपए से संबंधित किसी प्रकार का दस्तावेज मौके पर प्रस्तुत किया गया। बताते चले की वाहन जांच के दरमियान मुरी पुलिस को लगातार सफलता हासिल हो रही है। कुछ दिन पूर्व ही वाहन जांच के क्रम में ही पुलिस ने अवैध गांजे के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। मुरी थाना प्रभारी ने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष तथा भय मुक्त वातावरण में संपादित कराने हेतु सीमा पर लगातार वाहन जांच किया जाएगा।मौके पर सीमा पर तैनात सहायक अवर निरीक्षक कमलेश राय एवं सशस्त्र बल मौजूद रहे।

### मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया



**चान्हो।** चान्हो प्रखंड में विधानसभा चुनाव 2024 पर्व की तैयारी के तहत प्रखंड विकास पदाधिकारी वरूण कुमार के नेतृत्व में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया।

### डीएसपी ने नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में की छापेमारी



**खलारी।** खलारी डीएसपी आरएन चौधरी के नेतृत्व मे शुक्रवार को आगामी विधानसभा चुनाव के शांतिपूर्ण कराने के मध्य नजर मैक्लुस्कीगंज एवं चान्हो थाना की सीमा पर स्थित नकटा पहाड़ के क्षेत्र में पीएलएफआई उग्रवादी संगठन के कमांडर कृष्ण यादव एवं उसके दस्ता सदस्यों के छिपने के संभावित ठिकाने पर छापामारी एवं सर्च अभियान चलाया गया। इस अभियान में एसएसबी की एक कंपनी एवं मैकलुस्कीगंज थाना के पुलिस पदाधिकारी एवं बल शामिल थे।

### ठाकुरगांव पुलिस ने अवैध विदेशी शराब किया जब्त



**ठाकुरगांव ।** उत्पाद विभाग व ठाकुरगांव पुलिस ने संयुक्त कारवाई करते हुए शुक्रवार को अवैध विदेशी शराब की बड़ी खेप जब्त की। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने उरूगुट्टू गांव निवासी अशोक साहु के दुकान से एक पिकअप अवैध शराब जब्त किया। पुलिस को देखकर तस्कर का पूरा परिवार भाग गया। जानकारी के अनुसार शराब तस्कर अशोक साहु कई जिलों में भी अवैध शराब का सप्लाई करता है। बरामद शराब में कई किस्मों के शराब शामिल थे। उत्पाद विभाग द्वारा सभी जब्त शराब को गाड़ी समेत रांची कार्यालय ले जाया गया। इससे पूर्व भी कई बार आरोपी इस अवैध कारोबार में जेल जा चुका है। ग्रामीणों के अनुसार आरोपी गुप्त जगह में अवैध शराब भी बनाता है। थाना प्रभारी विनित कुमार ने कहा कि थाना क्षेत्र में अवैध शराब के विरुद्ध आगे भी इसी तरह कार्रवाई जारी रहेगी।

उर्सुलाइन कान्वेंट स्कूल खलारी में हुआ विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन

# विज्ञान के प्रति विद्यार्थियों में रुचि जगाता है विज्ञान प्रदर्शनी : जोशी



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
उसुर्लाइन कान्वेंट स्कूल खलारी में विज्ञान प्रदर्शनी का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि डान बास्को एकेडमी मैक्लुस्कीगंज के प्राचार्य जोशी टीडी, आदर्श विद्यालय खलारी के प्राचार्य फादर आस्कर टोप्पो तथा उसुर्लाइन कान्वेंट स्कूल खलारी की प्राचार्या सिस्टर जयन्ती ने दीप प्रज्वलित कर किया। सिस्टर जयंती ने जोशी टीडी को शाल ओढ़ाकर तथा बुके प्रदान कर सम्मानित किया। एक संक्षिप्त सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें नन्ही बच्चियों ने स्वागत गान गाया। कक्षा आठ, नौ व दस की छात्राओं ने शास्त्रीय नृत्य प्रस्तुत किया। बच्चों ने तकनीक के क्रमिक विकास विषय पर एक नाटिका मंचन किया। मुख्य अतिथि जोशी टीडी ने अपने संबोधन में कहा कि विज्ञान प्रदर्शनी विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति रुचि जगाने का कार्य करता है। साथ ही उनकी प्रतिभा, कल्पनाशीलता, निर्णय लेने की क्षमता तथा समग्र विकास में सहायक होता है। मुख्य अतिथि ने फीता काटकर विज्ञान प्रदर्शनी का शुभारंभ किया। उन्होंने कक्षा नौ और दस के विद्यार्थियों द्वारा बनाए गए माडलों में आरक्षित प्रबंधन प्रणाली, पवन चक्की द्वारा बिजली तैयार करना, हाइड्रोलिक एम्बुलेंस, भूकंप रोधी, सौर ऊर्जा चलित कार, हाइड्रोलिक वाहन, प्रकाश निष्ठा (लाइट फिडेलिटी) व ट्रैफिक टरबाइन आदि माडलों का अवलोकन करते हुए इनकी प्रशंसा की।

### सोनाहातू में दाना तूफान से फसल नष्ट

**सोनाहातू।** दाना तूफान ने शुक्रवार को प्रखंड में बहुत नुकसान पहुंचाया। एडरमहातू और चोगा गांव में धान और सब्जी की फसल को नुकसान पहुंचा है। चोगा गांव के किसानों की पांच एकड़ से अधिक खेत में लगी मिर्ची, बीम और खीरा की फसल प्रभावित हुई है। किसान जीतेंद्र कोइरी ने कहा कि दर्जनों किसानों के लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। एडरमहातू गांव में तेज हवा से धान की फसल जमीन पर गिर गई। धान के पौधे जमीन पर गिरने से उनमें अंकुर निकलने का खतरा उत्पन्न हो गया है। किसान क्षेत्रपाल कोइरी ने कहा कि पूरे गांव में 20 एकड़ धान की फसल को नुकसान पहुंचा है। फसलों को नष्ट देखते हुए किसानों के माथे पर लकीरें नजर आने लगी हैं। किसानों को कहना है कि हमलोगों की पूरी मेहनत पानी में चली गयी। तूफान ने हमलोगा का जीविका को खत्म कर दिया है। अब इससे उम्मीद नहीं की जा सकती है।

## बेड़ो में मतदाता जागरूकता रैली का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
स्वीप कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को बेड़ो प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय कन्या, राजकीय मध्य विद्यालय बेडो. बालक सहित विभिन्न विद्यालयों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से गांव के विभिन्न टोलों में बच्चों द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने का काम किया गया। स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा जहां एक और तख्तियों पर कई स्लोगन और नारे लिखे हुए थे वहीं दूसरी ओर बच्चों की जुबान पर मतदाताओं को जगाने के लिए पहले मतदान- फिर जलपान, देश तरक्की तभी करेगी- हर वोटर जब वोट करेगा, शौक नहीं ना मजबूरी है- मतदान बहुत जरूरी है,₹ सहित अन्य नारे लगा रहे थे। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों ने रैली में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और मतदाता जागरूकता रैली को कामयाब बनाने में अहम भूमिका निभाई। इधर प्रखंड मुख्यालय में बीएलओ द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई और मतदाताओं से वोट करने की अपील की गई।

स्कूली बच्चों ने किया लाइफ स्किल पर कार्यशाला आयोजित

# अपनी कमियों को स्वीकार कर लक्ष्य निर्धारित करना होगा : अंकित कुमार

*सबसे पहले अपनी प्रतिभा और रुचि के अनुसार अपना लक्ष्य निर्धारित करना है और उसे प्राप्त करने के लिए अभी से ही तैयारी में लग जाना होगा*



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
बेड़ो के विनय बगीचा स्थित डीएवी विवेकानंद पब्लिक स्कूल में विवा एजुकेशन के अंकित कुमार और लक्ष्मीकांत प्रामाणिक के द्वारा कक्षा नवीं के बच्चों का लाइफ स्किल और सॉफ्ट स्किल की कार्यशाला आयोजित की गई। जिसमें बच्चों को अपने जीवन में अवरोधों को पार कर कैसे जीवन में सफलता पाया जाए बताया। उन्होंने सबसे पहले अपने मन को स्थिर कर फोकस को बढ़ाने के लिए मेडिटेशन और व्यायाम करना सिखाया। अंकित कुमार ने कहा कि सबसे पहले बच्चों को कहा कि उन्हें अपनी कमियों को पहचान करना और इसे स्वीकार करना होगा तब ही इन कमियों को दूर किया जा सकता है। जीवन में क्या करना है इसके लिए सबसे पहले अपनी प्रतिभा और रुचि के अनुसार अपना लक्ष्य निर्धारित करना है और उसे प्राप्त करने के लिए अभी से ही तैयारी में लग जाना होगा। लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए एक समय निर्धारित कर उसके अनुसार तैयारी करना होगा। यदि अपने लक्ष्य को पांच वर्षों में प्राप्त करना है तो पहले उसे एक - एक वर्ष का प्लान बनाना है और उसे तीन - तीन महीने में बाटकर तैयारी में लग जाना होगा और प्रति तीन महीने में अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए क्या किया उसका आकलन भी करना होगा। अगर इस तरह से तैयारी किया जाय तो कोई भी लक्ष्य आसानी से प्राप्त किया जा सकता है। बच्चों को अपने अंदर छुपे स्वार्थ के भाव को हटाकर परोपकार की भावना को विकसित करना होगा। और दूसरों में यदि कोई गुण है तो उसे सीखने का प्रयास करें। सफलता पानी है तो मोबाइल से दूरी बनाकर किताबों से नाता जोड़ना होगा। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाध्यापक कैलाश कुमार ने कहा कि आज कल के बच्चों में एकाग्रता की कमी है और फोकस भी बहुत कम है इस कार्यशाला से बच्चे बहुत उत्साहित हुए और अपनी कमियों को दूर कर लक्ष्य निर्धारित कर उसे प्राप्त करने के लिए उनमें एक ललक जगी है।

# हिंडालको ने 80 अध्ययन डेस्क दिए




**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली/मुरी**
हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने अपने कारपोरेट सामाजिक जिम्मेवारी को निभाते हुए ग्रामीण विकास विभाग के माध्यम से शुक्रवार के दिन सिल्ली प्रखंड के छताटांड़ स्थित सरस्वती विद्या मंदिर विद्यालय में अध्ययन हेतु 80 डेस्क और बेंच प्रदान किया। इस समारोह में विद्यार्थियों को अध्ययन सामग्री उपलब्ध कराने का यह महत्वपूर्ण एवं सराहनीय कदम उठाया गया। दिए गए अध्ययन सामग्री से लगभग 240 बच्चे एक साथ बैठकर शिक्षा अर्जित कर सकेंगे जिससे उनके शैक्षणिक अनुभव में निश्चित तौर पर सुधार होगा। समारोह के दौरान छात्रों के माता-पिता और विद्यालय प्रबंधन ने हिंडाल्को ग्रामीण विकास विभाग के प्रयासों के प्रति अपनी गहरी संवेदना प्रकट किया एवं बताया कि इस उदार कार्य से बच्चों को उनकी पढ़ाई में बहुत सहायता मिलेगी। इस कार्यक्रम में हिंडाल्को के प्रमुख प्रतिनिधियों में एचआर हेड अरुण राय, ग्रामीण विकास विभाग के प्रमुख अनिल सिंह, कुमार अभिषेक, नीतिश सिंह और भरत सिंह शामिल थे एवं सिल्ली के समाजसेवी राजा पुष्पेंद्र सिंह देव और विद्यालय के समस्त शिक्षक उपस्थित रहे। माता-पिता और समुदाय के सदस्यों की उपस्थिति ने इस पहल के महत्व को और बढ़ा दिया। हिंडालको शिक्षा और सामुदायिक विकास में समर्थन देने के लिए प्रतिबद्ध है, जिसका उद्देश्य बेहतर अध्ययन सुविधाओं के माध्यम से भविष्य की आने वाली पीढियां को सशक्त बनाना है।

शौक नहीं ना मजबूरी है - मतदान बहुत जरूरी है ... जैसे नारों से गूंज उठी फिजा

# रैली को कामयाब बनाने में अहम भूमिका निभाई

**स्कूल के छात्र-छात्राओं के बनाए तख्तियों पर कई स्लोगन और नारे लिखे हुए थे**



**नवीन मेल संवाददाता। बेड़ो**
स्वीप कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को बेडो. के प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल उरांव के निदेर्शानुसार प्रखंड के राजकीय मध्य विद्यालय कन्या, राजकीय मध्य विद्यालय बेडो.बालक सहित विभिन्न विद्यालयों द्वारा मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई। रैली के माध्यम से गांव के विभिन्न टोलों में बच्चों द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने का काम किया गया। स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा जहां एक और तख्तियों पर कई स्लोगन और नारे लिखे हुए थे, वहीं दूसरी ओर बच्चों की जुबान पर मतदाताओं को जगाने के लिए पहले मतदान- फिर जलपान, देश तरक्की तभी करेगी- हर वोटर जब वोट करेगा, शौक नहीं ना मजबूरी है- मतदान बहुत जरूरी है, सहित अन्य नारे लगा रहे थे। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों ने रैली में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और मतदाता जागरूकता रैली को कामयाब बनाने में अहम भूमिका निभाई। इधर प्रखंड मुख्यालय में बीएलओ द्वारा जागरूकता रैली निकाली गई और मतदाताओं से वोट करने की अपील की गई। बीएलओ द्वारा प्रखंड प्रांगण में बनाए गए रंगोली के माध्यम से मतदाताओं को जागरुक करते हुए मतदान की अपील की गई। इधर प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल उरांव ने जानकारी देते हुए बताया कि आगामी 28 एवं 29 अक्टूबर को प्रखंड के विभिन्न विद्यालयों में मतदाता जागरूकता अभियान हेतु स्वीप कार्यक्रम के तहत चित्रकारी, रंगोली, पेंटिंग, पोस्टर मेकिंग सहित अन्य प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा जिसके लिए बच्चे अभी से तैयारी कर रहे हैं।

## एक नजर

### 'दाना' तूफान का हुआ असर गुलाबी ठंड का हो रहा अहसास

**सतगावां।** प्रखंड में बारिश की मौसम की विदाई के बाद दाना चक्रवर्ती तूफान को लेकर दो दिन से हो रही हल्की बारिश में गुलाबी ठंड का अनुभव होने लगा है। सुबह- शाम फुहारों के साथ हो रही बारिश से लोगों को ठंड का अहसास होना शुरू हो गया है। एक ओर चुनाव को लेकर धीरे धीरे सरगर्मी बढ़ रही है,तो दूसरी ओर मौसम के बदलाव के कारण गुलाबी ठंड का एहसास होने लगा है। इस प्रकार से हो रही बारिश के बीच तापमान में गिरावट होने की आशंका जताई जा रही है। पूर्व के समय बारिश के कारण खेतों में पानी अभी तक सुखा नहीं है। जबकि चक्रवर्ती तूफान दाना से खेतों में बारिश की पानी और एकत्रित हो रहा है। बारिश का असर फसलों पर पड़ सकता है, जहां दलहन और तेलहन फसल लगाने वाले किसान को समय का इंतजार करना पड़ सकता है।

### कोडरमा विस क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी शालिनी गुप्ता ने भरा नामांकन

**कोडरमा।** कोडरमा विधानसभा क्षेत्र से बतौर निर्दलीय प्रत्याशी पूर्व जिप अध्यक्ष शालिनी गुप्ता ने गुरुवार को निवार्ची पदाधिकारी के सामने नामांकन दाखिल किया। नामांकन के दौरान बडी संख्या में उनके समर्थक जुटे, जो जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे थे। इस दौरान अनुमंडल कार्यालय के बाहर समर्थक जमे रहे और उनके समर्थन में नारेबाजी की। नामांकन दाखिल करने के बाद उन्होंने कोडरमा थाना के समीप स्थित डॉ भीराव अंबेडकर,गांधी चौक के पास महात्मा गांधी की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की। हनुमान मंदिर में जाकर पूजा-अर्चना भी की और अपनी जीत के लिए आशीर्वाद मांगा। मौके पर भीम साहू, साजिद हुसैन, संतोष साहू सूर्यदेव मोदी, बाल गोविंद मोदी, संजू लांबा, रघुवीर सिंह, गुड्डू सिंह,सुभाष राणा समेत कई लोग उपस्थित थे।

### राजकुमार यादव ने दिया राजद प्रदेश उपाध्यक्ष पद से इस्तीफा, सपा से लड़ेंगे चुनाव

**जयनगर।** राजद प्रदेश उपाध्यक्ष राजकुमार यादव ने अपने समर्थकों के साथ गुरुवार को बैठक कर राजद के सभी पदों और प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कहा कि राजद अपने विचारधारा से भटक गई है, इसलिए वे पार्टी से इस्तीफा दिया। अपने इस्तीफे प्रदेश अध्यक्ष व राष्ट्रीय अध्यक्ष को सौंप दिया। उन्होंने कहा बरकट्ठा विधानसभा में धन बल हाबी है और राजद जैसे विचारधारा भी धन बल के आगे झुक गई। इस परिस्थिति में बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के जनता का मान सम्मान के लिए दल में बने रहना जनता के साथ धोखा देना। उन्होंने कहा कि समाजवादी विचारधारा कि पार्टी समाजवादी पार्टी से जनता के सहयोग से चुनाव लडेंगे और 25 अक्टूबर को नामांकन करने की घोषणा किया।

गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने टीम गठित कर की छापेमारी

# ट्रेलर में 28 बोरियों में भरकर रखा गया 543 किलोग्राम अवैध डोडा जब्त



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

पुलिस अधीक्षक अजय कुमार ने शुक्रवार को प्रेस वार्ता को संबोधित किया। प्रेस वार्ता में उन्होंने बताया कि उन्हें गुप्त सूचना मिली कि रामगढ़- रांची एनएच-33 गंडके घाटी के पास एक ट्रेलर नं0 पीबी03एपी-9945 डोडा लोड कर जा रहा है। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि सूचना पर अनुमण्डल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़ के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया गया। गठित टीम के द्वारा ट्रेलर नं0 पीबी03एपी-9945 को रोकने का प्रयास किया गया तो ट्रेलर चलाक पुलिस को देख कर वाहन को तेजी से रामगढ़ की ओर भगाने लगा। भागने के क्रम में चुटूपालू घाटी गंडके मोड़ के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुघर्टनाग्रस्त ट्रेलर नं0 पीबी03एपी-9945 को छापामारी दल के पुलिस पदाधिकारी द्वारा जांच करने पर पाया गया कि लोड लोहा के उपर में कुछ भरी हुई बोरी रखी हुई है। बोरी को खोल कर जांच किया गया तो बोरी में सुखा हुआ डोडा पाया गया। चालक से नाम पता पूछने पर वह अपना नाम बालकरण सिंह, पिता- गमदुर सिंह पता-जीदा थाना-नैवाड़ा जिला- भटींडा (पंजाब) बताते हुए अपने को ट्रेलर नं० पीबी03एपी-9945 का मालिक सह चालक बताया। उक्त स्थल पर दुर्घटनाग्रस्त ट्रेलर नं0 पीबी03एपी-9945 की तलाशी लिया गया तो वाहन पर 28 प्लास्टिक की बोरियों को बारी-बारी से खोलकर डीडी किट के माध्यम से चेक किया गया। 28 प्लास्टिक बोरियों में सुखा हुआ प्रतिबंधित डोडा भरा पाया गया। पुलिस अधीक्षक ने बताया कि पकड़ाये वाहन चालक सह मालिक बालकरण सिंह से प्रतिबंधित डोडा के संबंध में वैध कागजात की मांग किया गया तो उनके द्वारा कोई वैध कागजात नहीं दिखाया गया और प्रारंभिक पूछताछ के दौरान बताया कि वह अपने वाहन पर झारखण्ड के सिमडेगा से बोरियों में डोडा लोडकर पंजाब के विभिन्न जगहों पर बिक्री करते है। पकड़ाये चालक द्वारा आगे बताया गया कि विगत 21 अक्टूबर को ट्रेलर नं0 पीबी03एपी-9945 पर राउरकेला (ओडिसा) से लोहा लोड कर बटाला (पंजाब) के लिए निकला था तथा रास्ते में 24 अक्टूबर को सिमडेगा से 28 प्लास्टिक के बोरियों में भरा सुखा डोडा को वाहन पर लोड कर पंजाब ले जा रहे थे।

**कौन-कौन व्यक्ति हुए गिरफ्तार**

ट्रेलर नं0 पीबी03एपी-9945 मालिक सह चालक बालकरण सिंह, पिता- गमदुर सिंह पता-जीदा, थाना-नैवाड़ा जिला-बठिंडा (पंजाब)
जब्त सामग्रीः ट्रेलर नं0 पीबी03एपी-9945, 28 प्लास्टिक बोरियों में भरा डोडा जिसका वजन कुल 543. 055 किलो ग्राम, नारजो कंपनी का एन्ड्राईड फोन 01, छापेमारी दल में अनुमडल पुलिस पदाधिकारी परमेश्वर प्रसाद, रामगढ़ थाना प्रभारी कृष्ण कुमार,पुअनि बिरबल हेम्ब्रम, पुअनि उपेन्द्र कुमार, सअनि सुजीत सिंह और पुलिस बल के जवान शामिल थे।

### हजारीबाग की जनता को सावधान रहने की अपील, भ्रामक नेताओं से बचें : टोनी जैन



**हजारीबाग।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और किसान मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष टोनी जैन ने हजारीबाग के नागरिकों से अपील की है कि वे भ्रामक नेताओं से सावधान रहें। उन्होंने कहा कि कुछ लोग अपने निजी स्वार्थ और अतीत के पापों को छुपाने के लिए जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं, बेईमानी से कमाया गया धन जनता के बीच खर्च कर जनता को गुमराह करने का कोशिश की जा रहा है, इससे बचने की सख्त आवश्यकता है। टोनी जैन ने कहा कि जनता का वोट बहुत कीमती है और इसे भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी प्रदीप प्रसाद को समर्थन देकर झारखंड में एक मजबूत सरकार का निर्माण करना आवश्यक है। उन्होंने बताया कि वर्तमान सरकार के कार्यकाल में भ्रष्टाचार और अपराध में वृद्धि हुई है। छात्रों के पेपर लीक, बढ़ती आपराधिक घटनाएं और रोजगार की कमी पर उन्होंने चिंता व्यक्त की।

## न्यूज | बॉक्स

### पुलिस ने अवैध बालू लदे वाहन को पकड़ा, चालक व उपचालक फरार



**बरकट्ठा।** बरकट्ठा पुलिस ने अवैध बालू लदा एक टीपर गाड़ी को पकड़ा। इस बाबत थाना प्रभारी राजेश कुमार भोगता ने बताया कि यह गाड़ी महावर मोड़ से निकल कर जा रही थी। पुलिस को देखकर चालक और उपचालक फरार हो गए। गाड़ी के चालक और मालिक पर माइनिंग एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। इस मामले का केस नम्बर 194/24 है। जानकारी हो कि दुमदुमा के किनारे बराकर नदी से प्रत्येक दिन दर्जनों टीपर गाड़ी अवैध बालू को लेकर हजारीबाग की ओर जाता है। बराकर नदी के किनारे कुछ स्थानीय लोगों के द्वारा जेसीबी मशीन एवं ट्रैक्टर के माध्यम से बालू को डम्प किया जाता है उसके पश्चात रात के अंधेरे में दर्जनों टीपर गाड़ी बालू लेकर निकलती है। सबसे बड़ी बात है इन गाड़ियों में नम्बर प्लेट भी नहीं होता है। बरकट्ठा चलकुशा मार्ग से धड़ल्ले से दर्जनों टीपर एवं दर्जनों ट्रैक्टर पर बालू की तस्करी की जाती है।

### प्रवासी मजदूर मनोज दास का शव पहुंचते ही परिजनों एवं आसपास के क्षेत्र में पसरा मातम



**बरकट्ठा।** थाना क्षेत्र के परबता हरिजन टोला निवासी मनोज दास 45 वर्ष ,पिता जानकी दास का शव अपने घर पहुंचते ही परिजन बिलख पड़े वहीं उपस्थित लोगों की आंखों में आंसू भर आए व आसपास मातम पसर गया। लोगों के मुताबिक मृतक राजस्थान के जयपुर में मजदूरी कर अपने परिजनों का भरण-पोषण करता था और बीते रविवार को घर से राजस्थान गया था। वहीं बुधवार को अचानक तबियत खराब हो जाने से इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। खबर पाते ही स्थानीय मुखिया प्रतिनिधि बसंत साव परबता स्थित मृतक के घर पहुंचकर परिजनों का ढांढस बंधाया और हर संभव मदद का भरोसा दिया। लोगों ने बताया कि मृतक के चार पुत्री और एक पुत्र है। जिनके उपर से पिता का साया उठ गया। वहीं परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। मौके पर समाजसेवी मनोज दास, दिलीप सोनी,दीपक सोनी, रंजन कुमार, बिशेश्वर दास समेत आदि लोग मौजूद थे।

### नामांकन के अंतिम दिन नौ प्रत्याशियों ने बरही विस क्षेत्र से भरा पर्चा, चार निर्दलीय शामिल



**बरही।** नामांकन प्रक्रिया की अंतिम दिन भी नामांकन दाखिल करने की होड़ मची रही. कांग्रेस को बाय बाय कर चुके निवर्तमान विधायक सह समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी उमाशंकर अकेला यादव सहित कांग्रेस के युवा उम्मीदवार अरुण साहू, अटल विचार मंच के रामाशीष सिंह, अखिल भारतीय हिंदू महासभा के पुरुषोत्तम पांडेय और बतौर निर्दलीय केदार पासवान, केदार प्रसाद यादव, बिरजू पासवान सहित कुल सात प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया. इस दौरान प्रत्याशियों के शक्ति प्रदर्शन में उमड़ी भीड़ से बरही की ट्रैफिक व्यवस्था पूरी तरह ध्वस्त दिखा. वाहनों की लंबी कतार लग गई. एम्बुलेंस और आब्जर्वर की गाड़ियां भी जाम के कारण फंसते देखे गए. जाम के कारण लोगों को आने जाने में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। लोगों को कहना है कि प्रत्याशियों के वाहनों के काफिल ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। हर तरफ जाम की स्थिति देखने लगती है और परेशान नजर आने लगते हैं।

## सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली में सतर्कता दिवस का हुआ आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

इंडियन ओवरसीज बैंक, हजारीबाग शाखा के द्वारा सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हारटोली में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में इंडियन ओवरसीज बैंक, हजारीबाग के शाखा प्रबंधक, आशीष कुमार, इंडियन ओवरसीज बैंक ,हजारीबाग शाखा के अधिकारी गण एवं विद्यालय के प्राचार्य, ब्रजेश कुमार सिंह की उपस्थिति में यह जागरूकता शिविर संपन्न हुआ। शिविर में बैंक के प्रबंधक ने नागरिकों के लिए सत्य निष्ठा प्रतिज्ञा बताते हुए कहा - प्रत्येक नागरिक को सतर्क होना चाहिए तथा उसे सदैव ईमानदारी तथा सत्य निष्ठा के उच्चतम मानकों के प्रति वचनबद्ध होना चाहिए तथा भ्रष्टाचार के विरुद्ध संघर्ष में साथ देना चाहिए। मौके पर शाखा प्रबंधक में खाता धारकों के जागरूकता से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर प्रकाश भी डाला। इस जागरूकता शिविर में विद्यालय में पढ़ने वाले भैया- बहन एवं आचार्य बंधु- भगिनी उपस्थित थे।

छठ पूजा समिति पुनर्गठित, राज सिंह अध्यक्ष व राजवंशी सिंह बने उपाध्यक्ष

# सौहार्द बनाए रखना ही समिति का हो मुख्य उद्देश्य : इंस्पेक्टर



शांति व सौहार्द बनाए रखने लिए के लिए शांति समिति पर भी बनी सहमति

**नवीन मेल संवाददाता। बरही** आगामी छठ महापर्व को देखते हुए बरही डीह स्थित सूर्य मंदिर परिसर में स्थानीय लोगो की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई. जिसकी अध्यक्षता स्थानीय मुखिया शमशेर आलम ने किया. बैठक में मुख्य रूप से बरही थाना प्रभारी सह इंस्पेक्टर आभास कुमार उपस्थित हुए. उन्होंने महापर्व को शांति और सौहार्द के साथ मनाने की अपील किया. इसके साथ ही दुलमहा व धनवार जैसी घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए प्रबुद्धजनों से निगरानी सह शांति समिति बनाने की बात कही. उपस्थित लोगो ने थाना प्रभारी के बातो का समर्थन करते हुए छठ पूजा समिति के पुनर्गठन के साथ निगरानी समिति पर भी विचार किया. इसके साथ ही महापर्व को लेकर साफ सफाई, विद्युत सज्जा आदि विभिन्न बिंदुओ पर चचाएं हुई. महापर्व को शांति और सौहार्द से मनाने के लिए छठ पूजा समिति का पुनर्गठन किया गया. जिसमे सर्वसम्मति से सद्भावना विकास मंच के अध्यक्ष राज सिंह चौहान को अध्यक्ष, राजवंशी सिंह को सचिव, पंचायत समिति सदस्य जितेंद्र कुमार दिव्य ऊर्फ जीतू ठाकुर, और पिंटू कुमार को मनोनित किया गया. इसके अलावा मुखिया सहित रामचंद्र पांडेय, मोती कुमार सिंह, लखन सिंह, अशोक सिंह, सीताराम साव, संजय साव को संरक्षक बनाया गया. मौके पर इंस्पेक्टर ने उपस्थित लोगो से समाज में शांति, सौहार्द और समरसता बनाए रखना की बात कही. साथ ही समिति के लोगो से सभी धार्मिक स्थलों पर हर संभव सतत निगरानी करने और समाज में फैलने वाले अशांति को रोकने की अपील किया।

## युवा नेता हर्ष अजमेरा ने नामांकन से पूर्व लिया भगवान और पूर्वजों का आशीर्वाद



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

युवा नेता हर्ष अजमेरा ने शुक्रवार को नामांकन दाखिल करने से पूर्व अपने धार्मिक और पारिवारिक संस्कारों का पालन करते हुए भगवान और पूर्वजों का आशीर्वाद प्राप्त किया। हर्ष अजमेरा ने नरसिंह स्थान मंदिर में विधिवत पूजा अर्चना की और भगवान नरसिंह से समाज, हजारीबाग तथा देश की भलाई के लिए उनका मार्गदर्शन और आशीर्वाद मांगा। इस अवसर पर हर्ष अजमेरा ने कहा, मुझे भगवान और अपने पूर्वजों का आशीर्वाद मिला है, और मैं समाज की भलाई और विकास के लिए अपनी पूरी निष्ठा और मेहनत से कार्य करूंगा। मुझे विश्वास है कि जनता का सहयोग और समर्थन मुझे अवश्य मिलेगा, और हम सब मिलकर इस क्षेत्र को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। हर्ष अजमेरा के नामांकन से पहले के इन धार्मिक और सांस्कृतिक कार्यों ने न केवल उनकी व्यक्तिगत आस्था को दशार्या है, बल्कि जनता में उनके प्रति स्नेह और उत्साह की भावना को भी प्रबल किया है। उनके इस कदम से चुनावी माहौल में एक सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ है।

### निर्दलीय प्रत्याशी सुनील कुमार रजक ने किया नामांकन दाखिल, रैली भी निकाली गई



**बरकट्ठा।** बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी सुनील कुमार रजक ने शुक्रवार को अपना नामांकन दाखिल किया। नामांकन के पूर्व सुनील कुमार ने ग्राम बरकंनगांगों से पंचफेडी, बरकट्ठा होते हुए बरही तक रैली निकाल कर अपनी शक्ति का प्रर्दशन किया। जिसमें शामिल लोग सुनील कुमार के साथ अनुमंडल कार्यालय बरही तक गये। नामांकन के बाद सुनील कुमार ने विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों से आए समर्थकों का आभार व्यक्त किया। कहा कि बरकट्ठा में जनप्रतिनिधि बदलने का समय आ गया है। मौके पर विपिन कुमार, विनय यादव, रवि कुमार पासवान, दीपक कुमार, प्रमोद कुमार पांडेय समेत विधानसभा क्षेत्र के काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।




सीएचसी बरकट्ठा में चुनाव जागरूकता रैली का हुआ आयोजन

### डॉ रत्ना रानी कुंज ने झंडी दिखाकर रैली का किया शुभारंभ

**बरकट्ठा।** आगामी झारखंड विधानसभा चुनाव में अधिकतम लोगों को भाग लेने हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बरकट्ठा की ओर से चुनाव जागरूकता रैली निकाली गई। चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर रत्ना रानी कुंज ने रैली की शुभारंभ झंडी दिखाकर किया। जागरूकता रैली बरकट्ठा अस्पताल से शुरू होकर मेन रोड़, प्रखंड मुख्यालय, बरकट्ठा चौक होते हुए पुनः अस्पताल परिसर लौट गई। रैली में शामिल सहिया साथी, सहिया दीदी एवं स्वास्थ्य कर्मियों ने अपने हाथों में बैनर लिए नारे लगाते चल रही थी। रैली के माध्यम से लोगों को आगामी विधानसभा चुनाव में मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। मौके पर डॉ राकेशेश्वर कुमार, बीपीएम रणजीत सिंह, प्रधान लिपिक सोनी रविदास, हेल्थ मैनेजर पंकज कुमार, बीपीएम सत्यनारायण कुमार, बीटीटी प्रकाश पंडित, सहिया गुंजा देवी बसंती देवी सुनीता देवी सुमित्रा देवी रीना देवी गोमती देवी बेबी मंडल समेत काफी संख्या में लोग उपस्थित थे।

विधायक व जनप्रतिनिधियों ने परिजनों से मिलकर जताया शोक

# बरकट्ठा की गोरहर पंचायत में तालाब में डूबकर एक व्यक्ति की हुई मौत



❑ घटना की सूचना पूरे गांव में आग की तरह फैल गई, गोरहर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया

**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**

प्रखंड क्षेत्र के गोरहर पंचायत अंतर्गत पाला तालाब में शुक्रवार की सुबह एक व्यक्ति का शव पड़ा मिला। शव की शिनाख्त बासुदेव मांझी 52 वर्ष, पिता चैता मांझी के रूप में की गई। ग्रामीणों के अनुसार मृतक और उसकी पत्नी गुरुवार को नहाने के लिए करीब 10बजे उक्त तालाब गए थे। जिसके बाद बासुदेव मांझी की पैर फिसल गया।वहीं ग्रामीणों को जानकारी मिलते ही तालाब में ढूंढना शुरू कर दिया लेकिन पता नहीं चल पाया। जिसके बाद शुक्रवार की सुबह शव को तैरता देख ग्रामीणों ने निकाला। घटना की सूचना पूरे गांव में आग की तरह फैल गई। वहीं परिजनों का रोरोकर बुरा हाल है। गोरहर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की सूचना विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक सह झामुमो प्रत्याशी जानकी प्रसाद यादव, जिप सदस्य कुमकुम देवी सह लोक हित अधिकार पार्टी प्रत्याशी कुमकुम देवी, 20 सूत्री अध्यक्ष प्रदीप प्रसाद, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष कुदूश अंसारी, वासुदेव मंडल,राजाराम मांझी, मुखिया प्रतिनिधि छोटन कोल, भारत जगत मांझी परगना महल अध्यक्ष रामजी बेसरा, जेबीकेएसएस नेता लखन महतों, कुंजलाल महतों समेत अन्य ग्रामीण परिजनों से मिलकर शोक संवेदना प्रकट की। वहीं विधायक ने परिजनों को मदद का भरोसा दिलाया।

सीएस एंड आईटी विभाग की ओर से स्वागत समारोह का आयोजन

## क्रांति किस्कु बनीं मिस फ्रेशर, मिस्टर फ्रेशर का ताज मिला आमिर फैसल को



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

आईसेक्ट विश्वविद्यालय, हजारीबाग के मुख्य कैंपस सभागार में शुक्रवार को सीएस एंड आईटी विभाग के प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों के लिए विभाग की ओर से स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ पीके नायक, कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद, डीन एडमिन डॉ एसआर रथ, डीन एकेडमिक डॉ एमके मिश्रा, वोकेशनल निदेशक डॉ बिनोद कुमार, सीएस एंड आईटी डीन उदय रंजन सहित अन्य के हाथों दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। इसके बाद कार्यक्रम में सभी अतिथियों को बुके भेंट कर स्वागत किया गया। मौके पर कुलपति डॉ पीके नायक ने सभी विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए मौजूद प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों को विद्यार्थी जीवन में अनुशासन के महत्व बताए और कहा कि जीवन को सफल जीवन में तब्दील करने का उत्तम मार्ग अनुशासन के रास्ते पर चलना है। वहीं कुलसचिव डॉ मुनीष गोविंद ने कहा कि जीवन में सफलता का शॉर्टकट नहीं होता बल्कि लगातार सही दिशा में परिश्रम, समय का सदुपयोग और कुशल व्यवहार ही एक सफल और बेहतर इंसान बनाने के सहायक तत्व हैं।

# पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अवैध शराब के विरुद्ध चलाया गया अभियान



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**

विधान सभा आम निर्वाचन-2024 को स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराने हेतु पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के आदेश पर रामगढ़ जिला अंतर्गत सभी थाना/ओपी में अवैध शराब के विरूद्ध सघन अभियान संचालित किया गया। संचालित सघन अभियान के दौरान पतरातू थाना एवं भुरकुंडा / बरकाकाना ओपी क्षेत्र अन्तर्गत विभिन्न ग्रामों में निर्मित अवैध जावा महुआ करीब 5700 किग्रा जो संग्रहरण के दौरान विनष्ट हो गया। जिसका अनुमानित मूल्य करीब 3,99,000 /- रूपया एवं जब्त 300 लीटर अवैध देशी शराब, जिसका अनुमानित मूल्य करीब 36,000/- रूपया है। अवैध रूप से देशी शराब निर्माण में संचालित विभिन्न भट्ठियों को ध्वस्त किया गया। इस संदर्भ में कांड एवं सन्हा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक द्वारा नशे के अवैध करोबारियों के विरूद्ध लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा है।

# विस चुनाव को लेकर वाहन कोषांग के पदाधिकारी के साथ डीसी ने की बैठक






नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह एवं पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार की संयुक्त अध्यक्षता में वाहन कोषांग के पदाधिकारियों एवं कर्मी के साथ बैठक आहूत की गई। बैठक में उपायुक्त, सिमडेगा ने विधानसभा आम चुनाव-2024 में उपयोग होने वाले वाहन की समीक्षा कर आवश्यक जानकारी ली। इस नोडल -सह- जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि चुनाव में उपयोग होने वाली गाड़ियों की रांची से प्राप्त किया जा रहा है। वहीं पुलिस विभिन्न कंपनीयों एवं होमगार्ड के जवानों को पहुंचाने हेतु जिले में चल रही बसों को पकड़ा गया है। तथा सामग्रियों को एक स्थान से दूसरे स्थान पहुंचने के लिए ट्रक पिकअप वाहन सहित एवं छोटी गाड़ियों की उपलब्धता पर्याप्त संख्या में की गई है। उपायुक्त महोदय ने कहा कि मतदान कर्मियों को पहुंचने वाली बसों डिस्पैच के दो दिन पहले ही सभी वाहनों में डीजल एवं पेट्रोल का भरवाना से निश्चित कर लेंगे। वहीं चुनाव के समय में वाहनों की कमी ना हो इसकी अच्छे से तैयारी कर लें। मौके पर परिवहन कोषांग के सभी पदाधिकारी गण एवं कर्मी गण उपस्थित थे।



# विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों का हुआ एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** कुरडेग एवं बोलबा ब्लॉक के बीआरसी कार्यालय मे पीरामल फाउंडेशन के द्वारा प्रखंड के चिन्हित विद्यालयों के शिक्षकों का एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का मुख्य उदेश्य बेसलाइन मूल्यांकन से आये हुए परिणामों को साझा करना साथ ही परिणामों को ध्यान मे रखते हुए नौनिहालों के लर्निंग अधिगम बढ़ाने हेतु एक्टिविटी बेस्ड लर्निंग, स्कूल प्रोसेस मे नवाचार को समेकित करते हुए नवाचारी शिक्षा को बढ़ावा देते हुए नेशनल एजुकेशन पॉलिसी के अंतर्गत बच्चों मे 21वी शताब्दी की स्किल को बढ़ाना रहा। साथ ही कार्यशाला को फैसिलिटेट कर रही गांधी फेलो रवीना निराला ने टिप्स टूल्स के बारे मे भी बताया की यह टूल्स कैसे शिक्षकों को सेल्फ रिफलेक्शन मे मददगार साबित होते हुए बच्चों के अधिगम को एनईपी के अनुसार बढ़ाने मे कारगर साबित होगा। को- फैसिलिटेट कर रहे गांधी फेलो आशीष कुमार ने शिक्षा में निपुण भारत मिशन को कामयाब करने मे एफएलएन तरह महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगा। इस पर प्रकाश डाला। इस पूरे कार्यशाला के दौरान प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी जया रश्मि और निर्मला लिंडा, पीरामल फाऊंडेशन से प्रोग्राम लीडर अमित चतुर्वेदी, गांधी फेलो आशीष कुमार, रवीना निराला, अमित भगत, विक्की कुमार, सीआरपी, बीआरपी, मास्टर ट्रेनर सुदेश महतो के साथ सभी चिन्हित डेमो स्कूलों के प्रधानाध्यापक उपस्थित रहे।

# इंद मेला हमारी धरोहर है, स्थानीय कलाकारों को मिलता है मंच : जोसिमा

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि इंद मेला हमारी सांस्कृतिक धरोहर है। इंद मेला के आयोजन से हम अपनी संस्कृति को जीवित रखने के प्रयास करते हैं। हमारी संस्कृति को बचाये रखने के लिए इंद मेला का आयोजन बहुत जरूरी है। जोसिमा खाखा शुक्रवार को पालकोट के तपकरा में आयोजित इंद मेला कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रही थी। कार्यक्रम का शुभारंभ जोसिमा ने फिटकाट कर किया। इस दौरान स्थानीय एवं बाहर से आये कलाकारों ने गीत, संगीत और नृत्य प्रस्तुत कर लोगों का खूब मनोरंजन किया। कलाकारों की कला देखकर लोगों ने भी खूब तालियां बजाई। जोसिमा खाखा ने कहा कि आधुनिकता के दौर में आज हमारी संस्कृति विलुप्त होने के कगार पर है। हमे मिलकर अपनी संस्कृति को बचाना है। उन्होंने कहा कि संस्कृति बचाने के नाम पर खुद को हड़िया दारू तक सीमित न रखें। बल्कि जो हमारे समाज और संस्कृति का अहम हिस्सा है उसे बचाकर रखें। जोसिमा ने कहा कि ऐसे आयोजन में ज्यादा से ज्यादा स्थानीय कलाकारों को मौका दें। ताकि उनके कला प्रतिभा में निखार आ सके। उन्हें एक मंच मिल सके। उन्होंने कहा कि आज हमारे समाज से नशापान को दूर करने एवं शिक्षा को बढ़ाने की जरूरत है। कार्यक्रम में समिति के अध्यक्ष विवेक साहू, सचिव रविंद्र महतो, कोषाध्यक्ष नरेश महतो, संरक्षक मोतीलाल राम, पहान बुधवा, मुखिया पति रोहित एक्का, भुनेश्वर राम, माड़वाड़ी सिंह, लीला नाग, अंजली रानी टोप्पो, उर्मिला केरकेट्टा सहित काफी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

## अज्ञात हाइवा की चपेट में आने से तीन युवकों की दर्दनाक मौत

**बानो।** बानो -मनोहर पुर पथ पर हाटिंगहोडे हुरपी के समीप सडक दुर्घटना मे शुक्रवार को तीन युवक की मौत हो गयी। घटना लगभग 5:00 की है।मिली जानकारी के अनुसार एक बाइक मे सवार होकर तीन युवक हाटिंगहोडे बाजार से डुमरिया अपने घर की ओर जा रहे थे। इसी क्रम मे हाटिंगहोडे हुरपी मोड के समीप विपरित दिशा से आ रही हाइवा ट्रक के चपेट मे आ गये। जिससे तीनो युवक की मौत घटनास्थल मे हो गयी। घटना की जानकारी होने पर बानो पुलिस घटनासथल पहुंच कर शव को अपने कब्जे मे ले लिया है। तीनो युवक डुमरिया पंचायत के रहने वाले है।युवक का नाम समाचार लिखे जाने तक पता नही चल पाया था ।पुलिस हाइवा को जब्त कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# सिमडेगा में मोटरसाइकिल से 23 किलो गांजा बरामद, तस्कर गिरफ्तार



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** सिमडेगा के बांसजोर ओपी की पुलिस ने शुक्रवार को मोटरसाइकिल से 23 किलो गांजा के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। जानकारी देते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बैजू उरांव ने शुक्रवार की शाम कार्यालय कक्ष में बताया कि विधानसभा चुनाव को लेकर चलाए जा रहे ।लगातार सघन चेकिंग अभियान के दौरान खामंतर चेक पोस्ट के पास आ रही मोटरसाइकिल सवार को रोका गया जिसके बाद उनकी बारीकी से तलाश की गई इस दौरान इस मोटरसाइकिल में तीन बैग लगा हुआ था जिसे खोलकर चेक किया गया जिस पर 23 किलो गांजा बरामद हुआ। इसके बाद पुलिस में उक्त व्यक्ति को गिरफ्तार किया गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान औरंगाबाद निवासी रुंजय मेहता के रूप में हुई जिसे पुलिस के द्वारा गिरफ्तार किया गया। साथी मोटरसाइकिल को जप्त करते हुए इस संबंध में मामला दर्ज की गई। जानकारी देते उन्होंने बताया कि जप्त गांजा की कीमत करीब 11लाख रुपए है। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के दौरान लगातार अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत चौथी बार चुनाव के दौरान भारी मात्रा में गांजा की खेप को पकड़ा गया है उन्होंने कहा कि लगातार इस प्रकार के अभियान चलती रहेगी ताकि इस क्षेत्र से गांजा का कारोबार करने लोगों को रोका जा सके।

## विधानसभा चुनाव के लिए जरूरत है 1483 वाहनों की

**सिमडेगा।** विधानसभा चुनाव के लिए जिले के 70 सिमडेगा और 71 कोलेबिरा विधानसभा सीट पर पहले चरण में मतदान होना है। चुनाव कार्य संपन्न करने के लिए 1483 वाहनों की आवश्यकता पड़ेगी। वाहन कोषांग द्वारा चुनाव के मद्देनजर वाहनों की व्यवस्था शुरू कर दी गई है। विधानसभा चुनाव के पहले चरण में सिमडेगा और कोलेबिरा विधानसभा सीट पर मतदान 13 नवंबर को होना है। चुनाव कार्य संपन्न करने के लिए जिले में कुल 1483 वाहन की आवश्यकता है। चुनाव कार्य संपन्न कराने के लिए वाहन कोषांग द्वारा वाहनों की धड़ पकड़ शुरू कर दी गई है। वाहन कोषांग के पदाधिकारी निवास मिश्रा ने बताया कि चुनाव कार्य संपन्न कराने के लिए जिले में 135 बसों की आवश्यकता है। इसके साथ 61 मैजिक वाहन, 53 विंगर वाहन, 25 ट्रक, 500 ऑटो, 100 राइडर बाइक, 116 स्कॉर्पियो के साथ हरेक कोषांग को 50 वाहन की जरूरत है।

## 75 लोगों ने जमा किया लाइसेंसी हथियार

**सिमडेगा।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर प्रशासन द्वारा जिले के लाइसेंस धारी हथियार रखने वालों से उनके हथियार जमा करवा लिए गए हैं। एसपी सौरभ कुमार ने बताया कि जिले में कुल 87 लाइसेंस धारियों के पास हथियार है। इनमें से 75 लोगों से हथियार प्रशासन के पास जमा करवा दिए गए हैं। अभी तक 12 लोगों के हथियार जमा नहीं किए गए है। एसपी ने बताए कि इन 12 लोगों में विभिन्न संस्थानों में कार्यरत सिक्यूरिटी गार्ड हैं। मौके पर जानकारी देते हुए एसपी ने बताया कि विधानसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए चुनाव आयोग के निर्देश पर सभी लाइसेंसी हथियार धारी को हथियार को जमा कराया गया है।

# खेलो झारखंड के तहत खो खो टीम को किया गया रांची रवाना

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** खेलो झारखंड के तहत शुक्रवार को अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में खेलो झारखंड के तहत सिमडेगा जिला से बालक एवं बालिका टीम को जिला शिक्षा पदाधिकारी मिथिलेश केरकेट्टा एवं जिला शिक्षा अधीक्षक दीपक राम के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रांची खेल गांव के लिए रवाना किया ।इस मौके पर शुभकामना देते हुए उन्होंने कहा सिमडेगा जिला खेल की नागरिक रूप में जाना जाता है जहां पर सभी खेलों को विकास करने का प्रयास किया जा रहा था कि आने वाले दिनों में खेल और खिलाड़ियों को बढ़ावा दिया जा सके उन्होंने बताया कि हॉकी फुटबॉल क्रिकेट सहित खो-खो खेल को भी यहां पर बढ़ावा देने का प्रयास किया जा रहा है ताकि यहां की छुपी प्रतिभा बाहर आ सके उन्होंने कहा की राजधानी रांची में आयोजित बालक बालिका प्रतियोगिता में जीत दर्ज करने पर उन्हें राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता में शामिल होने का मौका मिलेगा वहीं इस मौके पर शिक्षा विभाग के कर्मी एवं खेल में भाग लेने के लिए शामिल होने वाले सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# खड़िया और बड़ाईक जाति को कोलेबिरा में नजर अंदाज करने पर लोग जता रहे हैं भाजपा से नाराजगी

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** सिमडेगा जिला के दोनों विधानसभा कोलेबिरा और सिमडेगा के उम्मीदवारों के नाम पर चर्चाआम लोगों की जुबान पर है। सिमडेगा जिला अंतर्गत सिमडेगा विधानसभा में गोंड जाति की बहुलता है और भाजपा द्वारा गोंड जाति से आने वाले श्रद्धानन्द बेसरा को टिकट दिया है। जबकि कोलेबिरा विधानसभा में मुंडा जति से आने वाले सुजान जाओं को उम्मीदवार बनाया गया। ये दोनों विगत 2019 चुनाव में भी भाजपा पार्टी के उम्मीवार थे। हालांकि श्रद्धानन्द बेसरा मामूली वोट से ही हारे थे जबकि सुजान मुंडा 12 हजार से अधिक चोट से हारे थे। भाजपा ने इस बार विगत चुनाव में हारे प्रत्याशियों पर पुनः भरोसा जताया है।सिमडेगा विधानसभा में जहाँ गोंड जाति की बहुलता है और इस आधार पर गोंड समाज से आने वाले श्रद्धानन्द बेसरा को उम्मीदवार बनाया गया है। लेकिन वही दूसरी और कोलेबिरा विधानसभा में सबसे ज्यादा खडिया समाज का जनसंख्ता है।खड़िया समाज के लोगो की माने तो कोलेबिरा में खडिया समाज का लगभग 70 प्रतिशत लगभग एक लाख जनसंख्या है।वही सिमडेगा में भी लगभग 40 प्रतिशत से अधिक जनसंख्या है और खडिया समाज की जनसंख्या सिसई, गुमला और विशुनपुर में भी है जो हार जीत में निणांचक भूमिका निभाते है। कोलेबिरा विधानसभा में बड़ाईक जाति की जनसंख्या करीब 30 हजार के आसपास है।

> विधानसभा में मुंडा जाति से आने वाले सुजान जाओं को उम्मीदवार बनाया गया
>
> कोलेबिरा में खड़िया समाज की लगभग एक लाख जनसंख्या है
>
> खड़िया समाज की जनसंख्या सिसई, गुमला और विशुनपुर में भी है

बड़ाईक और खड़िया समाज के लोगों ने भाजपा के टिकट वितरण पर कहा कि भाजपा सिमडेगा में टिकट बंटवारे और प्रत्याशी चयन में जाति की बहुलता को तो देखती है परतु कोलेबिरा में वह क्यों नहीं दिखाई देता है। कोलेबिरा में लगभग 71 प्रतिशत अल्पसंख्यक समुदाय ईसाई है और इसबार भाजपा से ईसाई खड़िया समुदाय से आने वाले एक महिला समेत समाज के अनेक भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा भी भाजपा प्रत्याशी बनाये जाने की पुरजोर मांग भाजपा से की थी। खडिया समाज द्वारा तो बकायदा बैठक कर खड़िया समाज के व्यक्ति को उम्मीदवार बनाये जाने की पुरजोर मांग करते हुए कहा था कि खडिया समाज से उम्मीदवार बनाये जाने पर खड़िया समाज का वोट इस बार राष्ट्रीय पार्टी में जायेगा। लेकिन सूत्रों की माने तो एक पूर्व सांसद ने टिकट मिलने के आखिरी वक्त में की गई जोरदार पैरवी के दम पर सबसे ज्यादा जनसंख्ला वाले खड़िया समाज और उसके उपरांत बड़ाइक समाज को दरकिनार कर उनके एक दूर के रिश्तेदार को उम्मीदवार बना दिया गया हालांकि देश के आजादी के बाद से भाजपा कभी भी कोलेबिरा में जीत दर्ज नहीं कर पाई टिकट नहीं मिलने पर खडिया और बड़ाईक समाज के क लोगो ने कहा कि वे कह राष्ट्रीय पार्टी का झंडा ढो रहेंगे। उनके कथन से साफ साफ लग रहा था कि जिस प्रकार राष्ट्रीय पार्टी कोलेबिरा में खड़िया और बड़एक समाज को दरकिनार कर टिकट बंटवारा किया है उससे काफी रोष है। अब देखना है कि कोलेबिरा में सबसे जादा जनसंख्या वाले समाज को दरकिनार कर भाजपा हमेशा हारने वाली अपनी परिपाटी को दोहराती या जीत दर्ज कर पायेगी।बड़ाईक और खडिया समाज के अनेक लोगों ने कहा कि उक्त पूर्व सांसद ने जिस प्रकार पहल कर हारे हुए प्रत्याशी को उम्मीदवार बनाने में अहम योगदान रहा यह बिल्कुल गलत है, उन्होंने कहा कि वो खुद लोकसभा चुनाव में अपने लोकसभा क्षेत्र अंतर्गत आने वाले सभी विधानसभा क्षेत्र से बुरी तरह हारे और अब गलत उम्मीदवार जो उनके नजदीकी रिश्तेदार है उन्हें टिकट दिलाकर संगठन को कमजोर करने का कार्य ही कर रहे है। उक्त पूर्व सांसद के खिलाफ खड़िया और बड़ाईक समाज में जबरजस्त आक्रोश देखने को मिल रहा है।

# कसडेगा में राउरकेला मार्ग पर ट्रक की चपेट में आकर बच्ची की मौत, ग्रामीण ने किया रोड जाम

नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** सिमडेगा राउरकेला मुख्य मार्ग कसडेगा के पास शुक्रवार की शाम में ट्रक की चपेट में आने से मासूम बच्ची की मौत हो गई। इधर बच्ची की मौत के बाद आक्रोशित परिजन एवं ग्रामीणों के द्वारा सिमडेगा राउरकेला मुख्य मार्ग को जाम कर दिया। इधर जाम की वजह से दोनों और आने वाली मालवाहकों एवं यात्री बस तथा छोटी बड़ी सभी वहां की लंबी लाइन लग गई ।मामले की जानकारी मिलने के बाद तुरंत थाना प्रभारी मुरर्ताज अंसारी दलबल के साथ पहुंचे इसके अलावा पुलिस अंचल निरीक्षक भिखारी राम पुलिस जवानों के साथ पहुंचे इसके बाद ग्रामीणों को समझने का प्रयास किया ।जहां पर ग्रामीणों ने मुआवजे की मांग एवं ट्रक ड्राइवर पर कार्रवाई की मांग करने लगे हालांकि पुलिस ने बताया कि घटना को अंजाम देने के बाद ट्रक ड्राइवर पंडरीपानी पुलिया के पास ट्रक छोड़ फरार हो गया। इधर मामले की गंभीरता को देखते हुए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बैजु उरांव दल बल के साथ पहुंचकर ग्रामीणों को समझने का प्रयास किया ।जिसके बाद काफी मशक्कत के साथ सड़क जाम खुलवाया साथ उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा जो भी प्रावधानों की उसके तहत उन्हें उचित मुआवजा मिलेगी. वहीं आश्वासन के बाद पुलिस ने बच्चों के शव अपने कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# सिमडेगा में जिला स्तरीय अंतर विद्यालय बैंड प्रतियोगिता का हुआ आयोजन





नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** सिमडेगा अल्बर्ट एक्का स्टेडियम में शुक्रवार को झारखंड शिक्षा परियोजना की ओर से जिला स्तरीय अंतर विद्यालय बैंड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया ।प्रतियोगिता की शुरुआत जिला शिक्षा पदाधिकारी मिथिलेश केरकेट्टा जिला शिक्षा अधीक्षक दीपक राम के द्वारा दीप प्रज्वलित करते हुए कार्यक्रम की शुरुआत की ।वहीं इस मौके पर जिले के सभी कस्तूरबा आवासीय विद्यालय की छात्राएं उपस्थित रही जहां पर।जिला शिक्षा पदाधिकारी ने कहा कि खेलो झारखंड के तहत झारखंड शिक्षा परियोजना की ओर से प्रत्येक वर्ष इस प्रकार के प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है जिसका उद्देश्य है कि बच्चों के अंदर छुपी प्रतिभा को बाहर लाना है। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय बैंड प्रतियोगिता में शामिल सभी प्रतिभागी बेहतर प्रदर्शन किया । प्रतियोगिता में आठ विद्यालय के छात्राओं ने बढ़कर हिस्सा लिया जिसमें प्रथम स्थान कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय कुरडेग ने प्राप्त किया द्वितीय स्थान बानो एवं तृतीय स्थान जलडेगा ने प्राप्त किया। जहां पर प्रथम द्वितीय एवं स्थान पाने वाले छात्राओं को शील्ड देकर सम्मानित किया ।गौरतलब हो जिला स्तरीय बैंड प्रतियोगिता में शामिल होने के बाद चयनित टीम को राजधानी रांची में आयोजित राज्यस्तरीय बैंड प्रतियोगिता में शामिल होंगे । कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी आदित्य राज ऑपरेटर अमित वर्मा ने मुख्य भूमिका निभाई। मौके पर एपीपी रीता कुमारी बीआरपी योगेंद्र मेहता शारीरिक शिक्षक प्रभात कुल्लू राजेश कुजूर शरीफ खान सहित अन्य उपस्थित रहे।

## सिमडेगा विस क्षेत्र से 15 व कोलेबिरा से 19 ने किया नामांकन दाखिल

**सिमडेगा।** 70-सिमडेगा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से आम चुनाव 2024 के लिए निर्वाची पदाधिकारी अनुराग लकड़ा के कार्यालय में शुक्रवार नामांकन समाप्ति तक कुल 15 प्रत्याशियों ने दाखिल किया। जिसमें भाजपा के श्रद्धानंद बेसरा , कांग्रेस के भूषण बाड़ा , झापा के आइरीन एक्का ,निर्दलीय सुशील लकड़ा,बीएपी से शिशिर टोप्पो निर्दलीय प्रफुल्ल चंद्र बेसरा,निर्दलीय मोनिका मिंज निर्दलीय नील जस्टिन बेक,निर्दलीय नीरज लोहरा ,जेएलकेएम सुमन कुल्लू ,बसपा अनुज कुंडेश्वर , निर्दलीय बिनोद केरकेट्टा,निर्दलीय शांति बाला केरकेट्टा, निर्दलीय बसंत कुमार डुंगडुंग तथा निर्दलीय अरुण बृजेश बड़ाईक ने नामांकन दाखिल किया। वही कोलेबिरा विधानसभा से कुल 19 प्रत्याशियों ने नामंकन दाखिल किया।

# टिकट नहीं मिला तो महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष शांति बाला ने इस्तीफा देकर किया नामांकन दाखिल



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** सिमडेगा महिला कांग्रेस की जिला अध्यक्ष सदस्य शांति बाला केरकेट्टा ने कांग्रेस पार्टी द्वारा टिकट नहीं मिलने से नाराज होकर पार्टी से बगावत करते हुए शुक्रवार को सिमडेगा विधानसभा की निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में नामांकन दाखिल किया ।इधर नामांकन दाखिल करने के पश्चात उन्होंने सिमडेगा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष डेविड तिर्की को अपने सभी पदों से इस्तीफा लिखते हुए सौंप दिया है ।उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी जिस नीति सिद्धांत के साथ बनी थी उसके विपरीत कार्य हो रही है जहां एक और देश के कांग्रेस नेता राहुल गांधी महिलाओं को हक अधिकार देने की बात करते हैं वहीं दूसरी ओर जब सिमडेगा विधानसभा में महिला टिकट की मांग करती है तो दर किनार करते हुए पार्टी आगे बढ़ रही है जिससे छुब्ध होकर पार्टी से इस्तीफा दिया। मौके पर उन्होंने कहा कि निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनाव लड़कर क्षेत्र की जनता का सेवा करेंगे और इसके लिए जनता का उन्हें आशीर्वाद मिलेगा। इधर सिमडेगा महिला कांग्रेस द्वारा इस्तीफा देकर निर्दलीय प्रत्याशी चुनाव लड़ने से इस सिमडेगा कांग्रेस के अंदर चुनाव से पहले बड़ा झटका लगा है।

## एक नजर

### छठ घाट की सफाई छावनी परिषद बेहतर तरीके से कराए : नीरज

**रामगढ़।** खुदरा सब्जी विक्रेता संघ वेंडिंग जोन रामगढ़ के अध्यक्ष नीरज मंडल और कार्यकारी अध्यक्ष संजय चौधरी ने छावनी परिषद के सीईओ अनंत आकाश को धन्यवाद देते हुए कहा कि छठ महापर्व को देखते हुए दिवाली से पहले छठ घाट की सफाई छावनी परिषद के सीईओ अनंत आकाश के निर्देश पर किया जाना प्रशांसनीय है। श्री मंडल ने कहा कि छठ घाट की बेहतर रूप से सफाई हो ताकि छठ वर्तियों को छठ महापर्व के दौरान किसी तरह की परेशानी का सामना नहीं करना पड़े क्योंकि छठ घाट पर हजारों की संख्या में श्रद्धालु आते हैं। इस मौके पर संघ के अध्यक्ष नीरज मंडल, कार्यकारी अध्यक्ष संजय बनारसी, सचिव संजय कुशवाहा, नंदू महतो , नवरंजन राम मौजूद थे।

### स्वीप के तहत रामगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों में चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

**रामगढ़।** आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के द्वारा मतदाता जागरूकता स्वीप कोषांग को विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों आदि का आयोजन कर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी इंदु प्रभा खलखो के द्वारा शुक्रवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आंगनबड़ी सहिया, सेविका(बीएलओ) के द्वारा आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 हेतु स्वीप के तहत पतरातू, मांडू, चितरपुर, गोला, मतदाता जागरूकता को लेकर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित किए गए।

### नामांकन सह आशीर्वाद सभा का हुआ आयोजन

**रामगढ़ ।** सीसीएल फुटबॉल मैदान नयानगर बरकाकाना में शुक्रवार को नामांकन सह आशीर्वाद सभा का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओम प्रकाश चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में हजारीबाग सांसद मनीष जयसवाल, गिरीडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी एवं पूर्व विधायक लोकनाथ महतो उपस्थित रहे।सभा का संचालन हरिरत्नम साहू व अनिल राय ने संयुक्त रूप से किया।सभा के दौरान भाजपा प्रत्याशी रौशन लाल चौधरी ने विशेष रूप से उपस्थित होकर सभी का अभिवादन किया।मुख्य अतिथि छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओम प्रकाश चौधरी ने सभा में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य की हेमंत सरकार अपने सहयोगियों के साथ मिलकर राज्य में भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने का काम किया है।

धनवार सीट से एक और दमदार प्रत्याशी चुनावी मैदान में

# निरंजन राय के निर्दलीय चुनाव लड़ने के एलान ने कई पार्टियों की चिंता बढ़ाई



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
राजधनवार विधानसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ने को लेकर पहले ही हुए उथल - पुथल ने कई लोगों की चिंता बढ़ा रखी है. वहीं अब एक और दमदार प्रत्याशी के चुनावी मैदान में कूदने से राजनीतिक पार्टियां सदके में है. राज्य के बड़े संवेदक सह समाजसेवी निरंजन राय के निर्दलीय चुनाव लड़ने के एलान ने कई लोगों की चिंता बढ़ा दी है. वहीं इससे उनके समर्थक काफी खुश हैं. दरअसल निरंजन राय ने गुरुवार को तिसरी प्रखंड के पपीलो स्थित अपने पैतृक आवास पर चुनावी रायशुमारी को लेकर एक आवश्यक बैठक बुलाई थी. रायशुमारी के दौरान समर्थकों में दिखे उत्साह के बाद उन्होंने चुनाव लड़ने की हुंकार भरी.साथ ही सभी से चुनाव में सहयोग और नॉमिनेशन में भारी संख्या में भाग लेने की अपील की. इस बाबत उन्होंने कहा कि धनवार विधानसभा क्षेत्र की जनता के भारी दबाव के कारण यह निर्णय लिया गया है। जनता का साफ कहना है कि आपको हर हाल में चुनाव लड़ना है। जनता का यह अपार प्रेम देखते हुए उन्हें चुनाव लड़ने का निर्णय लेना पड़ा। उन्होंने कहा कि यहां का सम्पूर्ण विकास ही हमारी प्राथमिकता होगी। यह इलाका शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि और रोजगार के क्षेत्र में पिछड़ा है, इस पर रणनीति बनाकर काम करेंगे। कहा कि चुनाव में जनता का आशीर्वाद जिसे मिलेगा, वही चुनाव जीतेगा, जनता ने हमें खड़ा किया है, अब परिणाम जनता ही तय करेगी. फिलहाल बात चाहे जो भी हो लेकिन निरंजन राय के चुनाव लड़ने की घोषणा के बाद अन्य पार्टियों में हड़कंप मचा हुआ है।

घाघरा में कलयुगी मां ने अपने दो मासूम बच्चों को कुएं में फेंका, दोनों की मौत

# आरोपी मां हिरासत में पुलिस कर रही है पूछताछ



**नवीन मेल संवाददाता। घाघरा/ गुमला**
घाघरा थाना छेत्र के सारंगो निवासी सुलेखा उरांव कलयुगी मां ने अपने ही दो मासूम बच्चों को कुएं में फेंक दी जिससे उनकी मौत हो गयी। घटना कोटामाटी गांव की है, जहां बच्चों को दो अलग अलग कुएं में मासूम बच्चों को डाला गया। हालांकि घटना स्थल पहुंचकर घाघरा पुलिस ने एक शव को कुएं से निकालने में सफलता पाई है। जिसका शिनाख्त आशीष उरांव पांच माह के रूप में हुई है। आरोपी मां ने एक अन्य कुएं में मासूम को फेकने की बात पुलिस को बताई। आरोपी मां ने बताया कि उसका पति मारपीट करता था और पैसा नहीं देता था। लेकिन उसने यहां यह भी बताई की उसका पति एक महीना पूर्व बंगलौर कमाने गया है, जिससे मारपीट किये जाने की बात पर वह चुप्पी साध गयी। जहां पुलिस झागड़ के सहारे बताये गए कुएं से शव को निकालने के प्रयास में है। इधर ग्रामीणों ने बताया कि जैसे ही घटना की जानकारी ग्रामीणों को लगी तो कोटामाटी के ग्रामीण महिला को बांध कर घटना की सूचना पुलिस को दी और पुलिस ने एक शव को कुवे से बरामद करने में सफल हो पाई। समाचार लिखे जाने तक पुलिस आरोपी सुलेखा के ढाई वर्षीय पुत्र नीतीश उरांव को शुंशने के प्रयास में जुटी है। आरोपी महिला सारंगो में रहती थी और घटना के दिन सारंगो से ही कोटामाटी आकर घटना को अंजाम दिया।

## न्यूज | बॉक्स

### मतदान कर्मियों को दिए जा रहे प्रशिक्षण का मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने किया औचक निरीक्षण



**रामगढ़।** आगामी विधानसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर शुक्रवार को मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड के रवि कुमार द्वारा विधानसभा निर्वाचन के निमित मतदान कर्मियों को गांधी +2 हाई स्कूल रामगढ़ में दिए जा रहें प्रशिक्षण का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी झारखंड के रवि कुमार ने प्रशिक्षण हॉल में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहें कर्मियों के साथ बैठक कर मास्टर ट्रेनर द्वारा दिए जा रहें प्रशिक्षण को बारीकियों से सुने इस दौरान उन्होंने उपस्थित सभी प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं पदाधिकारी व मतदान कर्मियों को मतदान के दौरान हो रही गलतियों के बारे में विस्तार पूर्वक बताई गई साथ ही प्रशिक्षण में उपस्थित सभी कर्मियों की दुविधाओं को भी दूर किया गया। वहीं मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने सभी को बेहतर तरीके से प्रशिक्षण प्राप्त कर चुनाव को सफलतापूर्वक संपन्न कराने का निर्देश दिया। इस दौरान मौके पर मुख्य रूप से जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त चंदन कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी रविंद्र कुमार गुप्ता, आपूर्ति पदाधिकारी रंजीत टोप्पो सहित अन्य पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

### अवैध शराब को पुलिस ने किया नष्ट



**गिरिडीह।** जिले के भरकट्ठा थाना अंतर्गत बराय गांव में उत्पाद विभाग द्वारा छापामारी की गई। छापामारी में अवैध चलाई शराब बनाने वाले उपकरण, जावा महुआ एवं भट्ठी को नष्ट किया गया और अवैध चलाई शराब को जब्त किया गया। इस मामले में चार अभियुक्त के विरुद्ध फरार अभियोग दर्ज किया गया है। इस दौरान जावा महुआ-3500 किग्रा. अवैध चुलाई शराब-270 लीटर नष्ट किया गया। छापामारी का नेतृत्व गिरिडीह के अवर निरीक्षक उत्पाद रवि रंजन द्वारा किया गया। छापामारी दल में भरकट्ठा थाना के पुलिस सहायक अवर निरीक्षक, सशस्त्र बल एवम्‌ होम गार्ड के जवान शामिल थे।

# विधानसभा चुनाव के लिए सभी वॉलेंटियर्स को दिया गया प्रशिक्षण



**नवीन मेल संवाददाता। सिसई ( गुमला)।**
आगामी 13 नवंबर को होने वाले विधानसभा चुनाव के मद्देनजर सिसई प्रखंड अंतर्गत सभी 112 मतदान केंद्रों के स्वयंसेवक ( वॉलिंटियर्स) जिनकी आयु 14 से 17 वर्ष के बीच है,को प्रखंड सभागार कार्यालय में विगत गुरुवार को प्रखंड विकास पदाधिकारी रमेश कुमार यादव की अध्यक्षता में प्रशिक्षण दिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी रमेश कुमार यादव जी ने बताया की सभी वॉलिंटियर्स को मतदान के दिन सुबह 7:00 बजे से 5:00 तक अपने वूतों में उपस्थित होकर उनके चार महत्वपूर्ण कार्यों को संपादित करने हेतु विस्तार पूर्वक बताया गया । पूर्व में लोकसभा चुनाव में कार्य करने वाले वॉलिंटियर्स को प्रशस्ति पत्र पूर्व में ही दिया जा चुका है। प्रशिक्षण विपिन बिहारी झा सहायक शिक्षक मुख्य निर्वाचन कोषांग सिसई के द्वारा दिया गया है। प्रशिक्षण में प्रखंड के प्रधान सहायक राकेश कुमार सुमन, संत कुमार साहू , सोमराई किंडो , अंजय कुमार अकेला एवं बृजेश कुमार पांडेय तथा सभी इ.छ.ड और सुपरवाइजर उपस्थित थे।
वॉलिंटियर्स को उनके कार्यों के प्रति शपथ भी दिलाई गई।

सिसई प्रखंड के राजकीयकृत मध्य विद्यालय में सीएसआर गतिविधि के तहत कार्यक्रम का आयोजन

# भारतीय बहुराष्ट्रीय कंपनी होने के कारण भारत सहित 84 देशों में बीजों का व्यवसाय करती है एडवांटा



**क्षेत्र में एडवांटा सीड्स लगभग 50 से अधिक वर्षों से उच्च क्वालिटी के हाइब्रिड धान उपलब्ध करवाती है**

**नवीन मेल संवाददाता। सिसई (गुमला)**
एडवांटा इंटरप्राइजेज लिमिटेड यूपीएल समूह के बीज उत्पादक एवं वितरक कंपनी ने शुक्रवार को सिसई प्रखंड के राजकीयकृत मध्य विद्यालय छारदा में सी एस आर गतिविधि के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया। एडवांटा कंपनी के साउथ एशिया के रीजनल हेड शिशिर सक्सेना, सीनियर साइंटिस्ट प्रभु गौड़ा पाटिल, रिसर्च ट्रायल लीड पुरुषोत्तम, नेशनल टीडी मैनेजर बिपिन चंद्र, जोनल सेल्स हेड अशोक शर्मा कार्यक्रम में पहुंचे थे। विद्यालय के मुख्य द्वार से अतिथियों को परछन कर मंच तक लाया गया। माला पहनाकर व अंग वस्त्र ओढ़ाकर भव्य स्वागत किया गया। साउथ एशिया रीजनल हेड शिशिर सक्सेना सहित मंचासीन अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ किया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक धर्मेंद्र कुमार ने स्वागत भाषण दिए। साउथ एशिया के रीजनल हेड शिशिर सक्सेना ने विद्यार्थियों एवं अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि एडवांटा इंटरप्राइजेज लिमिटेड यूपीएल समूह की बीज उत्पादक एवं वितरक कंपनी है। भारतीय बहुराष्ट्रीय कंपनी होने के कारण भारत के अलावा विश्व के लगभग 84 देशों में बीजों का व्यवसाय करती है। इस कंपनी का भारत में पहला और विश्व में पांचवा स्थान है, उन्होंने कहा हमारे क्षेत्र में एडवांटा सीड्स लगभग 50 से अधिक वर्षों से उच्च क्वालिटी के हाइब्रिड धान, मक्का, सरसों, ज्वार, चारा वाली फसलें के अलावा सब्जी बीज किसानों के लिए उपलब्ध करवाती आ रही है। साथ ही उन्होंने कहा कि समाजिक कार्यक्रम के तहत झारखंड राज्य में गुमला जिला सिसई प्रखंड के अंतर्गत राजकीयकृत मध्य विद्यालय छारदा का पहला चयन कर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कक्षा 1 से 5 वीं तक के विद्यार्थियों को नोट बुक और स्कूल बैग दिया गया। एवं उनके सर्वांगीण विकास की बातें कही।

# स्वीप के तहत मतदान में सबकी भागीदारी सुनिश्चित करने को लेकर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता। गिरिडीह**
स्वीप के तहत समावेशी चुनाव प्रक्रिया में सबकी भागीदारी सुनिश्चित करने व मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से डुमरी प्रखंड के जामतारा पंचायत में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। मेहंदी प्रतियोगिता के माध्यम से ग्रामीण महिलाएं एक जगह एकत्रित होकर मतदाता प्रतिज्ञा की शपथ ली। इस दौरान सभी के बीच मतदाता मार्गदर्शिका का वितरण किया गया। इस दौरान सभी को मतदान की तिथि 20 नवंबर 2024, मतदान के महत्व, निर्वाचन प्रणाली समेत अन्य जानकारी दी गई। साथ ही सभी को अपने स्तर से अन्य लोगों को भी लोकतंत्र के इस महापर्व में हिस्सा लेने हेतु प्रोत्साहित किया गया। इस अवसर विधानसभा चुनाव में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के तहत सभी महिलाओं को जागरूक किया गया।

चौथा सीनियर व जूनियर झारखंड गतका चैंपियनशिप

# विभिन्न स्कूलों के 400 खिलाड़ी लेंगे भाग



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
रविवार से श्रीदास इंटरनेशनल स्कूल देवचंदा मोड के प्रांगण में चौथा सीनियर व जूनियर झारखंड गतका प्रतियोगिता आयोजित की गई है. इसे लेकर तैयारियां पूरी की जा चुकी है. विद्यालय प्रबंधन से मिली जानकारी के अनुसार टूर्नामेंट में झारखंड के विभिन्न जिलों के विभिन्न विद्यालयों से करीब 400 खिलाड़ी भाग लेंगे. टूर्नामेंट के लिए शनिवार को रिपोर्टिंग होगा और रविवार को प्रतियोगिता आयोजित किए जायेंगे. इसे लेकर विद्यालय प्रबंधन पूरी तरह मुस्तैद है. प्रतिभागियों को कोई परेशानी नहीं हो इसके लिए प्राचार्य रोहित सिंह लगातार निगरानी कर रहे है. प्राचार्य ने बताया कि प्रदेश स्तरीय गतका प्रतियोगिता की मेजबानी के लिए उनके स्कूल का चयन होना गौरव की बात है. जहां प्रदेश के विभिन्न जिलों से खिलाड़ियों का आगमन होगा. पूरी उम्मीद है कि यह प्रतियोगिता इस क्षेत्र के लिए एक उदाहरण बनेगा. उन्होंने सभी खिलाड़ियों का स्वागत करते हुए खेल को खेल भावना से खेलने की अपील किया है।


## समाहरणालय सिमडेगा
## विधानसभा (आम) निर्वाचन 2024

पत्रांक...............
(प्रेक्षक कोषांग)

झारखण्ड विधान सभा आम चुनाव 2024 के अन्तर्गत सामान्य प्रेक्षक (General Observer) **GANDHAM CHANDRUDU (IAS)** को निर्वाचन कार्य की समीक्षा हेतु भारत निर्वाचन आयोग की ओर से 71–कोलेबिरा (ST) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए नियुक्त किया गया है, जिनका दिनांक 24.10.2024 को सिमडेगा जिला में आगमन हुआ है। सामान्य प्रेक्षक परिसदन भवन सिमडेगा में आवासित है।

निर्वाचन से संबंधित किसी भी प्रकार की सूचना सामान्य प्रेक्षक (71–कोलेबिरा) को देने के लिए उनके कार्यालय के लैंडलाईन नं0 06525–296229 पर संपर्क किया जा सकता है।

विश्वासभाजन
नोडल पदाधिकारी,
सिमडेगा।

PR.NO.339538 Simdega(24-25):D


# बाइक अनियंत्रित होने से तीन युवक हुए घायल



**नवीन मेल संवाददाता। गांडेय, गिरिडीह**
गांडेय गिरिडीह मुख्यमार्ग स्थित दासडीह गांव के पास शुक्रवार सुबह लगभग 9 बजे तीन युवक घायल हो गए घायलों की पहचान दासडीह गांव निवासी 20 वर्षीय संदीप सिंह,35 गंगाधर सिंह और 25 वर्षीय पुकेश वर्मा के रूप में हुई है।तीनो घायलों को एम्बुलेंस से गांडेय सीएससी लाया गया। जहां पर गांडेय सीएससी में प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु गिरिडीह सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार तीनो युवक एक बाइक में सवार होकर गिरिडीह की ओर जा रहे थे इसी क्रम में बाइक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी एक दूसरे बाइक से टकरा गई जिससे तीनो सवार युवक सड़क पर गिर गई घटना को देखकर स्थानीय ग्रामीण घटना स्थल से पहुंचे में आनन फानन में तीनो को स्थानीय सीएससी गांडेय पहुंचाया।

### गुमला में आज 'स्वीप रोबो जतरा' का आयोजन

**गुमला।** गुमला जिले में पहली बार 'स्वीप रोबो जतरा' का भव्य आयोजन 26 अक्टूबर को किया जा रहा है।इस अनोखी प्रतियोगिता में झारखंड के 10 जिलों के विभिन्न विद्यालयों के छात्र-छात्राएं हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं में विज्ञान और तकनीकी शिक्षा को प्रोत्साहित करना है, जिसमें रोबोटिक्स को विशेष महत्व दिया जा रहा है। यह आयोजन गुमला के नगर भवन में पूर्वाह्न 11 बजे से शुरू होगा। आयोजन की सभी तैयारियाँ पूरी कर ली गई हैं, और नगर भवन को विशेष रूप से इस कार्यक्रम के अनुकूल तैयार किया गया है।
इस आयोजन में गुमला सहित झारखंड के कुल 10 जिलों के विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लेने की पुष्टि की है। विद्यार्थी रोबोटिक्स से संबंधित कई प्रकार की प्रतियोगिताओं में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे, जिसमें रोबोटिक दौड़, रोबोट के माध्यम से विभिन्न कार्य, और टीमों के बीच तकनीकी मुकाबले शामिल हैं।

चेचकपी मुखिया प्रतिनिधि ने दर्जनों समर्थक संग जेएमएम का थामा दामन

# गरीबों की पार्टी है जेएमएम : डेगलाल



**नवीन मेल संवाददाता। बरकट्ठा**
प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत चेचकपी के मुखिया प्रतिनिधि डेगलाल साव ने दर्जनों कार्यकर्ता के साथ जेएमएम का थामा दामन। विदित हो कि कुछ दिनों पूर्व जेएमएम में शामिल हुए पूर्व विधायक सह झामुमो प्रत्याशी जानकी प्रसाद यादव की अगुवाई में लोगों ने सदस्यता ग्रहण की। शामिल होने के दौरान मुखिया प्रतिनिधि ने कहा कि झामुमो की सरकार ने सभी गरीब परिवारों को मईया सम्मान योजना, बिजली बिल माफी, केसीसी माफी समेत कई लाभकारी योजनाओं से गरीब परिवारों को लाभ पहुंचाई है। गरीबों की मसीहा बनने वाली झामुमों सरकार से हम सभी काफी खुश हैं। इसलिए पूर्व विधायक सह झामुमो प्रत्याशी जानकी प्रसाद यादव की अगुवाई में सदस्यता ग्रहण की। विदित हो कि प्रखंड मुख्यालय मैदान में आयोजित झामुमो की जनसभा में डेगलाल साव शामिल हुए। सदस्यता ग्रहण के दौरान गोविंद प्रसाद मेहता, दशरथ सिंह चेतलाल सिंह, वार्ड सदस्य परमेश्वर सिंह, वार्ड सदस्य तिलक सिंह, वार्ड सदस्य महेंद्र सिंह, मोहन साव, अनिल सिंह, बालेश्वर सिंह, अरुण सिंह, पुनीत सिंह, छोटी सिंह, कजरू सिंह समेत कई वार्ड सदस्य शामिल हुए।


चुनाव का पर्व DESH KA GARV

## कार्यालय, जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त, राँची
(प्रेक्षक कोषांग)

**प्रेस विज्ञप्ति**

झारखण्ड विधान सभा आम चुनाव, 2024 हेतु पुलिस प्रेक्षक की नियुक्ति भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा की गई है, जिनका आगमन राँची जिले में हो चुका है। एतद् द्वारा सभी सर्वसाधारण यथा विभिन्न दलों के प्रत्याशी अथवा स्वतंत्र उम्मीदवार, राजनीतिक दलों एवं आमजनों को सूचित किया जाता है कि झारखण्ड विधान सभा आम चुनाव, 2024 के पुलिस प्रेक्षक का नाम, दूरभाष संख्या, ई–मेल, एवं उनके आवासन तथा मिलने का समय आदि से संबंधित जानकारियाँ निम्नवत् हैं :–

| क्र॰ सं॰ | पुलिस प्रेक्षक का नाम | सम्बद्ध विधानसभा क्षेत्र का नाम | आवासन | मोबाईल सं० | टेलीफोन/ ई–मेल | मिलने का समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 01. | Shri Rahul Malik, IPS (P-23190) | Phase- 1<br>58- Tamar<br>63-Ranchi<br>64- Hatia<br>65- Kanke<br>66 – Mandar<br>Phase- 2<br>61- Silli<br>62- Khijri | राजकीय अतिथिशाला, सर्कुलररोड़,, रांची। Room No. 210 | 8969098510 | 0651-2913391\| e-mail- observercellranchi2024 @gmail.com | 10.00 AM TO 12.00 PM |

अतएव उक्त के आलोक में सभी अभ्यर्थी / निर्वाचन अभिकर्त्ता / राजनैतिक दल के प्रतिनिधि एवं आम मतदाताओं को संसूचित किया जाता है कि यदि उन्हें झारखण्ड विधान सभा आम चुनाव, 2024 से संबंधित किसी भी प्रकार की कोई शिकायत अथवा मामले परिलक्षित हो तो व्यक्तिगत रूप से अथवा उक्त मोबाईल संख्या / दूरभाष / ई–मेल पर पुलिस प्रेक्षक से सम्पर्क स्थापित कर सकते है।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी
–सह–उपायुक्त, राँची

PR 339528 Ranchi (24-25)_D

> माया का सबसे विनाशकारी अस्त्र है ध्यान करने की अनिच्छा, क्योंकि इस प्रवृत्ति द्वारा व्यक्ति, ईश्वर एवं गुरु के साथ समरसता स्थापित करने से स्वयं को रोकता है। - **श्री श्री परमहंस योगानन्द**



## संपादकीय

# चीन झुक रहा है या रणनीति है उसकी

कभी बात बात पर टक्कर और अकड़ वाला चीन लद्दाख सीमा संयुक्त गश्ती के लिए तैयार हो गया है पर कभी हिंदी चीनी भाई भाई का नारा देकर हमला करने वाले पर आंख मूंदकर भरोसा करना जल्दबाजी और नासमझी होगी। चीन के रवैए को देखते हुए सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी का यह कहना उचित है कि भरोसा बहाली में समय लगेगा। रूस-यूक्रेन और इजराइल-हिजबुल्ला संघर्ष के संदर्भ में भारत और चीन के बीच हुए इस समझौते को बेहतर परिणति ही माना जाना चाहिए। 2020 में बिना हथियारों के भारतीय सैनिकों ने लाल सेना के भले ही दांत खट्टे कर दिए, लेकिन भारतीय विपक्षी दलों ने उस मौके को उत्तेजना की राजनीति के लिए बेहतर मौके के रूप में लिया था। महज एक साल पहले ही तमिलनाडु में चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ प्रधानमंत्री मोदी की चर्चित मुलाकात का हवाला देते हुए विपक्षी दलों ने मोदी सरकार पर दबाव बढ़ाने की कोशिश की थी। उनकी मंशा चीन के साथ सीधा युद्ध करने के लिए सरकार को उकसाना रहा। बेशक 1962 जैसी स्थिति नहीं रही। तब से लेकर भारत ने सैनिक और आर्थिक मोर्चे पर लंबा सफर तय कर लिया है। वहीं चीन इस अवधि में दुनिया की दूसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। आर्थिक मोर्चे के लिहाज से देखें तो भारत पांचवें नंबर पर है और सैनिक ताकत के लिहाज से देखें तो चौथे नंबर है। चीन दुनिया के तीसरे नंबर की सैन्य शक्ति है। ऐसे में सीधी सैनिक कार्रवाई की अपनी सीमाएं थीं। इसलिए विपक्षी दलों के तमाम उलाहनों और उकसावों के बावजूद मोदी सरकार ने कूटनीतिक और आर्थिक मोर्चे पर चीन को घेरना शुरू किया। इसका मतलब यह नहीं कि सीमा पर सैन्य चौकसी कम की गई या सेना को कार्रवाई की छूट नहीं दी गई। गलवान के बाद जब भी जरूरत पड़ी, आधुनिक हथियार विहीन हमारे सैनिकों ने लाल सेना को आगे बढ़ने नहीं दिया। गलवान कांड के बाद भारत ने चीन के खिलाफ कई कड़े कदम उठाए। उसमें सबसे पहला कदम यह रहा कि चीन के लिए सीधी उड़ानों पर प्रतिबंध लगा दिया गया। गलवान कांड के बाद से ही पड़ोसी होने के बावजूद दोनों देशों के बीच कोई सीधी उड़ान नहीं है। इस बीच चीन को आर्थिक मंदी का भी सामना करना पड़ा है। चीन को लगता है कि अगर भारत के साथ उसके कारोबारी रिश्ते बढ़ेंगे, तभी वह आर्थिक मोर्चे पर आगे रह सकता है। इसके लिए सीधी उड़ानें एक बड़ा जरिया हो सकती हैं। इसलिए सीमा पर विवाद के बावजूद वह भारत पर गाहे-बगाहे सीधी उड़ान सेवा बहाल करने के लिए कहता रहा है। वह यात्रियों के लिए सीधी उड़ान के साथ ही उनकी संख्या बढ़ाने पर भी जोर देता रहा है। लेकिन भारत ने इसकी लगातार उपेक्षा की। भारत ने एक और कड़ा कदम उठाया। चीन के लिए सख्त वीजा नियम लागू कर दिए। चीनी नागरिकों के लिए सख्त वीजा नियम होने की वजह से चीन के विशेष इंजीनियरों और तकनीशियनों की भारत में आवाजाही पर एक तरह से पाबंदी ही लग गई। इसकी वजह से चीनी आर्थिक गतिविधियों में कमी आई। इसके साथ ही भारत ने चीनी कंपनियों के निवेश पर भी कठोर नियम लागू कर दिए। इसका सबसे ज्यादा असर चीनी कंपनियों पर पड़ा।

> चीन के रवैए को देखते हुए सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी का यह कहना उचित है कि भरोसा बहाली में समय लगेगा। रूस-यूक्रेन और इजराइल-हिजबुल्ला संघर्ष के संदर्भ में भारत और चीन के बीच हुए इस समझौते को बेहतर परिणति ही माना जाना चाहिए।

# बांग्लादेशी घुसपैठियों का मामला मध्यम है रुका नहीं





**सुनील बादल**
कार्यकारी संपादक

झारखंड के चुनाव में अभी बांग्ला देशी घुसपैठियों का मामला ठंडा पड़ गया है क्योंकि अभी नामांकन पर और टिकट बंटवारे से उठे बवंडर में सभी पार्टियों व्यस्त हैं। वैसे तो पूर्वी भारत का झारखंड राज्य किसी अंतरराष्ट्रीय सीमा से सीधे नहीं जुड़ा है लेकिन पश्चिम बंगाल से सटे बांग्लादेश के कुछ इलाके इसके काफी करीब हैं जहां से बीते सालों में कुछ जिलों में घुसपैठ बढ़ने के आरोप लगते रहे हैं।जुलाई महीने में झारखंड हाईकोर्ट ने एक जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को कथित बांग्लादेशी घुसपैठियों को चिह्नित कर वापस भेजने की योजना बनाने का निर्देश दिया। सीमावर्ती क्षेत्रों के दस जिलों में आदिवासी जनसंख्या के घटने का मामला गोड्डा के सांसद निशिकांत दूबे भी संसद में कई बार उठा चुके हैं। इसके बाद दक्षिण एशिया के दो पड़ोसी देशों के बीच का यह मामला अधिक चर्चा में आ गया। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने यह भी पूछा है कि क्या केंद्र सरकार यहां सीएए (सिटिजनशिप एमेंडमेंट एक्ट) के तहत सीधे घुसपैठियों के खिलाफ कार्रवाई कर सकती है? कोर्ट ने इसे गंभीर मामला बताते हुए कहा कि इस पर केंद्र सरकार को भी राज्य सरकार के साथ मिलकर काम करने की जरूरत है। इस मामले में जनहित याचिका दायर करने वाले डेनियल दानिश जमशेदपुर के मानगो में रहते हैं। दानिश ने जनहित याचिका में कहा है कि बांग्लादेश और भारत के पश्चिम बंगाल की सीमा से सटे झारखंड के जिलों में सुनियोजित तरीके से घुसपैठ कराई जा रही है। दानिश ने इसके लिए बांग्लादेश के कुछ प्रतिबंधित संगठनों पर आरोप लगाया है। आदिवासियों की आबादी में कमी पर चिंता व्यक्त करते हुए बीजेपी के झारखंड प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने भी कथित घुसपैठ पर रोक और केंद्रीय एजेंसी से जांच की मांग की है। मीडिया से उन्होंने कहा, संथाल परगना में आदिवासियों की संख्या धीरे-धीरे घटती जा रही है और उनका अस्तित्व खतरे में है। सरकार को विशेष टीम गठित कर पूरे मामले की जांच करनी चाहिए। यह जांच होनी चाहिए कि आदिवासियों की संख्या में इतनी गिरावट कैसे आ गई और यहां के आदिवासी कहां गए। जो आबादी घटी उनकी जगह किसकी बढ़ी।" जनसंख्या के सरकारी आंकड़ों से पता चलता है कि संथाल परगना प्रमंडल के छह जिलों दुमका, पाकुड़, साहेबगंज, गोड्डा, जामताड़ा और देवघर की डेमोग्राफी में काफी बदलाव आया है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार इन छह जिलों में 1951 में आदिवासियों की आबादी 44.66 प्रतिशत थी, जो 2011 में घटकर 28.11 फीसदी हो गई, वहीं मुस्लिमों की आबादी 9.44 से बढ़ कर 22.73 प्रतिशत हो गई। साल 2000 में राज्य बने झारखंड की आबादी 1951 की जनगणना में करीब 97 लाख थी जो 2011 में बढ़कर 3 करोड़ 30 लाख हो गई।जनगणना के आंकड़े बताते हैं कि संथाल परगना के इन सभी छह जिलों में आबादी में औसत 7 से 8 लाख की वृद्धि हुई है। कुछ लोगों का आरोप है कि घुसपैठ के बिना इतनी तेजी से आबादी का बढ़ना संभव नहीं है। हालांकि राज्य के दूसरे जिलों में भी आबादी के बढ़ने की गति लगभग एक जैसी है।झारखंड में हेमंत सरकार के मंत्री और जामताड़ा से विधायक इरफान अंसारी घुसपैठ से इंकार करते हैं। उन्होंने कई बार बयान दिया है, बाबूलाल मरांडी अपने देश के लोगों को ही घुसपैठिया इसलिए कह रहे हैं क्योंकि ये लोग मुसलमान हैं और उन्हें वोट नहीं देते हैं। घुसपैठ रोकने की जिम्मेदारी केंद्र सरकार की है, उसे रोके राजमहल से झारखंड मुक्ति मोर्चा के सांसद विजय हांसदा भी घुसपैठ के मामले में केंद्र सरकार के रुख पर सवाल खड़ा करते हैं। उनका कहना है, जो व्यक्ति हमारे देश या राज्य में है, उसे घुसपैठिया कहना गलत है। किसी की भी संख्या घट-बढ़ सकती है। यह पॉपुलेशन इंडेक्स का मामला है।" झारखंड सरकार के मंत्री मिथलेश ठाकुर का भी कहना है, ये बार-बार घुसपैठ की बात करते हैं। घुसपैठ रोकने की जिम्मेदारी केंद्र सरकार के पास है सीमा सुरक्षा के लिए ग्रामीणों को प्रशिक्षित कर रही है भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने आशंका जताई है कि अभी जिस तरह राज्य में पहाड़िया जनजाति के लोग गिनती में दिख रहे हैं, आने वाले 50 वर्षों में उसी तरह यहां संथाल दिखेंगे। पहाड़िया झारखंड के इस इलाके की एक और जनजाति है। उन्होंने राजमहल विधानसभा क्षेत्र का जिक्र कर बताया कि 2019-23 के बीच एक-एक बूथ पर 123 प्रतिशत तक मतदाता बढ़े। इस तरह 50 हजार वोटर बढ़ गए। मरांडी का आरोप है कि यह संख्या बांग्लादेश से आए रोहिंग्या मुसलमानों की वजह से बढ़ी। इस विषय पर राजनीति के सुर अभी और तीखे होंगे जब चुनाव सर पर होंगे।

## राजनीति की बात

### कांग्रेस बचा रही अपनी लाज



**डॉ. प्रभात ओझा**

हरियाणा और जम्मू-कश्मीर के विधानसभा चुनाव के बाद कांग्रेस अपने साथी दलों के सामने नरम पड़ गयी है। इसे समझने के लिए महाराष्ट्र के आने वाले विधानसभा चुनाव और उत्तर प्रदेश के उपचुनाव काफी हैं। महाराष्ट्र में जिस दिन महाविकास अघाड़ी के दलों में अंतिम रूप से सीटों का बंटवारा हुआ, उसके दो दिन पहले तक अलग तरह की खबरें आ रही थीं। कहा गया कि कांग्रेस राज्य में बड़ा भाई का दर्जा बरकरार रखेगी। सीट शेयरिंग का यह फामूर्ला आ रहा था कि कांग्रेस 105 से 110 क्षेत्रों में चुनाव लड़ सकती है। दूसरी ओर शिवसेना (यूबीटी) को 90 से 95 और शरद पवार वाली एनसीपी को 75 से 80 सीटें मिलने की संभावना जतायी गयी। यह उम्मीद लंबे समय तक बरकरार नहीं रही। जब समझौता हुआ तो तय हो गया कि तीनों में से कोई बड़ा-छोटा नहीं है। कांग्रेस भी अपने साथी दलों के बराबर ही है। प्रत्येक दल को 85 सीटें मिलीं और शेष सीटों पर ये पार्टियां मित्रवत अपने प्रत्याशी उतार सकती हैं। यानी बाकी सीटों पर ये आमने-सामने हो सकती हैं। जो भी हो, कांग्रेस पर दबाव साफ दिख रहा है और वह राज्य में उद्धव ठाकरे और शरद पवार की पार्टियों के बराबर आ गयी है। उत्तर प्रदेश में कांग्रेस के लिए छोटे-बड़े की बात तो लंबे समय से पृष्ठभूमि में जा चुकी है। वहां किसी तरह से अस्तित्व बचाए रखने का लक्ष्य है। महाराष्ट्र और झारखंड विधानसभा के साथ देशभर में उपचुनाव भी हो रहे हैं। इनमें उत्तर प्रदेश की 10 सीटों पर मतदान कराया जाना था। कानूनी अड़चनों के चलते एक क्षेत्र मिल्कीपुर में उपचुनाव नहीं हो रहा है। बाकी बची 09 सीटों में से कांग्रेस ने पहले 05 सीटों की मांग रखी थी। यह कुल 10 में आधा-आधा का फामूर्ला था। लोकसभा चुनाव में सपा के साथ समझौते में मिली 17 में से कांग्रेस 06 पर जीत कर उत्साह में थी। यह अति उत्साह में बदलता तब दिखा, जब हरियाणा में उसने सपा के साथ समझौता नहीं किया। अब सपा को मौका मिला उत्तर प्रदेश उपचुनाव में। उसने कांग्रेस को गाजियाबाद और खैर सीट देने का प्रस्ताव रखा। कांग्रेस को यह दोनों सीटें हार वाली लग रही थीं। उसने प्रयागराज की फूलपुर पर भी अपनी दावेदारी की किंतु सपा टस से मस नहीं हुई। अंततः कांग्रेस ने अपनी प्रतिष्ठा बचाते हुए 'भाजपा को हराने के लिए गठबंधन को महत्व' के नाम पर उत्तर प्रदेश में उपचुनावों से अलग रहने का फैसला कर लिया। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय, राज्य प्रभारी अविनाथ पाण्डेय और विधायक दल नेता अराधना मिश्रा ने इस निर्णय को संविधान बचाने के लिए भाजपा के खिलाफ मोर्चा के हक में किया फैसला कहा है। इसके विपरीत स्पष्ट है कि हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में उम्मीद से कम रह गयी कांग्रेस, उत्तर प्रदेश में कोई खतरा मोल लेना नहीं चाहती। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

## देश की बात

### कश्मीर : लक्षित आतंकवाद नेस्तनाबूद हो



**राकेश दुबे**

यह बात जग जाहिर है कि जम्मू-कश्मीर में गांदरबल मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला का चुनाव-क्षेत्र है, जिसके गगनगीर इलाके में आतंकियों ने हमला कर एक डॉक्टर और 6 अन्य कर्मियों, मजदूरों की हत्या कर दी गई । यह भारत सरकार, संघशासित क्षेत्र की सरकार के लिए पहली, गंभीर चुनौती है। आतंकवाद अपनी समग्रता में ही 'राष्ट्रीय चुनौती' रहा है। आज आतंकवाद वैसा नहीं है, जैसा एक दौर में 1508 नागरिकों और 883 जांबाज जवानों को मार दिया गया था। तब एक दौर में 2800 से अधिक आतंकी हमले हुए थे। आतंकवादी भी व्यापक स्तर पर ढेर किए गए। यकीनन हमारे सुरक्षाकर्मियों और रणनीतियों ने आतंकवाद के घुटने तोड़े हैं, लेकिन गगनगीर के हमले ने हमें चिंतित कर सोचने को बाध्य कर दिया है। दरअसल कश्मीर का 'नूर' और 'जन्नत' उसी दिन लौटेंगे, जब लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मुहम्मद सरीखे पाकपरस्त आतंकी संगठनों के स्थानीय गिरोह और मॉड्यूल बनना और आतंकी साजिशों में शामिल होना बंद कर देंगे। आतंक के स्थानीय मददगार आज भी जिंदा हैं और कश्मीरियत के बीच ही बसे हैं। पैसे ने 'नए जयचंद' भी पैदा कर दिए हैं। चूंकि 'द रजिस्टेंस फ्रंट' (टीआरएफ) ने हमले की जिम्मेदारी ली है, लिहाजा साफ है कि स्थानीय मददगार आतंकियों के साथ हैं। सरकार ने इस टीआरएफ को भी 'आतंकी संगठन' करार दिया है, क्योंकि जम्मू-कश्मीर में वह लश्कर का मुखौटा संगठन है। हमले का मास्टरमाइंड सरगना शेख सज्जाद गुल बताया गया है और वह पाकिस्तान में मौजूद है, लिहाजा साफ है कि लश्कर आज भी कश्मीर में आतंकवाद मचा रहा है। एक सहज और आसान सवाल है कि 'स्थानीय जयचंदों' को कुचला क्यों नहीं जा सकता है? बेशक आतंकवाद से जुड़े आंकड़े बहुत कम हुए हैं, लेकिन तीन सालों के दौरान 22 लक्षित हत्याएं फिर भी की गई हैं। इनमें 16 बाहरी, गैर-कश्मीरी, एक कश्मीरी पंडित और 3 अन्य स्थानीय लोगों को मारा गया है। इतने परिवार बर्बाद हुए। जिंदगियां बिखर कर रह गईं। 2024 में अभी तक 12 लोग लक्षित आतंकवाद के शिकार हो चुके हैं। यह आतंकवाद की ऐसी रणनीति है कि हमले के निशाने तय कर लिए जाते हैं, बाकायदा रेकी की जाती है और फिर एक दिन उन निशानों (या लक्ष्यों) पर हमला बोल दिया जाता है। ये सभी मृतक एक सुरंग के निर्माण-कार्य में लगे थे। एकमात्र डॉ. शाहनवाज डार को मजदूरों, कर्मियों की सेहत की देखभाल को कुछ ही दिन पहले नियुक्त किया गया था। लक्षित आतंकवाद ने किसी को भी नहीं छोड़ा। जिनकी हत्या कर दी गई, उनमें जम्मू-कश्मीर के अलावा पंजाब और बिहार आदि राज्यों के नागरिक भी थे। **(ये इनके निजी विचार हैं)**



## बोधि वृक्ष

> हे प्रभो! इन्हें अपने दिव्य प्रकाश में भस्म कर दें। मान लीजिए आपकी समस्या यह है कि आप बार-बार क्रोधित हो जाते हैं, और बाद में आपको क्रोधित होने का बहुत खेद होता है। प्रत्येक रात्रि और प्रातःकाल में क्रोध को दूर करने का दृढ़ निश्चय करें, और तब सावधानी से अपनी निगरानी करें।

### अच्छी आदतों को बनाना एवं बुरी आदतों को नष्ट करना



**श्री श्री परमहंस योगानंद**

मैं और मेरे परमपिता एक हैं। जब वह आनन्द आ जाता है, तो कहें, परमपिता, आप मेरे साथ हैं। मैं अपने भीतर आपकी शक्ति को आदेश देता हूँ कि वह मेरे मस्तिष्क की कोशिकाओं की बुरी आदतों और पुरानी प्रवृत्तियों के बीजों को भस्म कर दें। ध्यान में, ईश्वर की शक्ति इसे कर देगी। स्वयं के पुरुष या स्त्री होने की सीमित चेतना से छुटकारा पाएँ; जानें कि आप ईश्वर की सन्तान हैं। फिर मानसिक प्रतिज्ञापन करें और ईश्वर से प्रार्थना करें: मैं अपनी मस्तिष्क कोशिकाओं को बदलने, और बुरी आदतों के खाँचों को नष्ट करने का आदेश देता हूँ जिन्होंने मुझे कठपुतली बना दिया है। हे प्रभो! इन्हें अपने दिव्य प्रकाश में भस्म कर दें। मान लीजिए आपकी समस्या यह है कि आप बार-बार क्रोधित हो जाते हैं, और बाद में आपको क्रोधित होने का बहुत खेद होता है। प्रत्येक रात्रि और प्रातःकाल में क्रोध को दूर करने का दृढ़ निश्चय करें, और तब सावधानी से अपनी निगरानी करें। पहले दिन कठिनाई हो सकती है, परन्तु दूसरा दिन थोड़ा आसान हो सकता है। तीसरा दिन और भी आसान होगा। कुछ दिनों के उपरान्त आप देखेंगे कि विजय सम्भव है। यदि आप प्रयास जारी रखते हैं तो, एक वर्ष में, आप एक भिन्न व्यक्ति होंगे।

## फेसबुक वॉल से




## X से




### रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत, सुझाव या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें article.rnmail@gmail.com कॉल/ व्हाट्सएप 82925 53444। –संपादक

### आज का दोहा

**वक्त उतारे आरती, वक्त लिखे इतिहास।**
**वक्त न उनको पूछता, वक्त न जिनके पास।।**
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## आपकी बात

### भारतीय सनातन संस्कृति के विरुद्ध गढ़े जा रहे हैं झूठे विमर्श



**प्रह्लाद सबनानी**

भारत द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में लगातार प्राप्त की जा रही विभिन्न उपलब्धियों को दरकिनार करते हुए, भारत के बारे में भ्रांतियां फैलाई जाती रही हैं। जैसे, भारतीय कुछ नया करे तो उसे 'जुगाड़' कहा जाता है और चीन यदि कुछ नया करे तो 'रिवर्स इंजिनीयरिंग'। भारत में विभिन्न क्षेत्रों में विकास से सम्बंधित हाल ही में जारी किए गए आंकड़ों को देखने के पश्चात ध्यान में आता है कि भारतीय अर्थव्यवस्था अब पटरी पर तेजी से दौड़ने लगी है। परंतु, देश के मीडिया में भारत के आर्थिक क्षेत्र में लगातार बन रहे नित नए रिकार्ड का जिक्र कहीं भी नहीं है। इसके ठीक विपरीत देश में रोजगार के अवसर नहीं बढ़ रहे हैं, गरीब अति गरीब की श्रेणी में जा रहा है, मुद्रा स्फीति की दर अधिक हो रही है, भुखमरी बढ़ रही है, हिंसा बढ़ रही है, अल्पसंख्यकों पर अत्याचार हो रहे हैं, आदि विषयों पर विमर्श गढ़ने का भरपूर प्रयास किया जा रहा है। भारत में झूठे विमर्श गढ़ने का इतिहास रहा है। अंग्रेजों के शासन काल में भी कई प्रकार के झूठे विमर्श गढ़ने के भरपूर प्रयास हुए थे जैसे पश्चिम से आया कोई भी विचार वैज्ञानिक एवं आधुनिक है, भारत सपेरों का देश है एवं इसमें अपढ़ गरीब वर्ग ही निवास करता है, भारतीय सनातन हिंदू संस्कृति रूढ़िवादी एवं अवैज्ञानिक है, शहरीकरण विकास का बड़ा माध्यम है अतः ग्रामीण विकास को दरकिनार करते हुए केवल शहरीकरण को बढ़ावा दिया जाना चाहिए, शहरी, ग्रामीण एवं जनजातीय के बीच में आर्थिक विकास की दृष्टि से शहरी अधिक महत्व के क्षेत्र हैं, विदेशी भाषा को जानने के चलते नागरिकों में आत्मविश्वास बढ़ता है, संस्कृति से अधिक तर्क को महत्व दिया जाना चाहिए, व्यक्ति एवं समश्टि में व्यक्ति को अधिक महत्व देना अर्थात व्यक्तिवाद को बढ़ावा देना चाहिए (पूंजीवाद की अवधारणा), कम श्रम करने वाला व्यक्ति अधिक होशियार माना गया, सनातन हिन्दू संस्कृति पर आधारित प्रत्येक चीज को हेय दृष्टि से देखना, जैसे दिवाली के फटाके पर्यावरण का नुक्सान करते हैं, होली पर्व पर पानी की बबार्दी होती है। कुल मिलाकर पश्चिमी देशों द्वारा आज सनातन भारतीय सनातन संस्कृति पर आधारित हिन्दू परम्पराओं पर लगातार प्रहार किए जा रहे हैं। इसी प्रकार, भारतीय सनातन संस्कृति पर हमला करते हुए 'माई बॉडी माई चोईस'; 'हमको भारत में रहने में डर लगता है'; आदि नरेटिव स्थापित करने का प्रयास किया जा रहा है। वाशिंगटन पोस्ट एवं न्यूयॉर्क टाइम्ज लम्बे लम्बे लेख लिखते हैं कि भारत में मुसलमानों पर अन्याय हो रहा है। कोविड महामारी के दौरान भी भारत को बहुत बदनाम करने का प्रयास किया गया था। वर्ष 2002 की घटनाओं पर आधारित एक डॉक्युमेंटरी को बीबीसी आज समाज के बीच में लाने का प्रयास कर रहा है। अडानी समूह, जो कि भारत में आधारभूत संरचना विकसित करने के कार्य का प्रमुख खिलाड़ी है, की तथाकथित वित्तीय अनियमितताओं पर अमेरिकी संस्थान 'हिंडनबर्ग' अपनी एक रिपोर्ट जारी करता है ताकि इस समूह को आर्थिक नुक्सान हो और यह समूह भारत की आर्थिक प्रगति में भागीदारी न कर सके। हैपीनेस इंडेक्स एवं हंगर इंडेक्स में भारत की स्थिति को झूठे तरीके से पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान जैसे देशों से भी बदतर हालात में बताया जाता है। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा, भारतीय मुसलमानों की स्थिति के बारे में तब विपरीत बात करते हैं जब भारतीय प्रधानमंत्री अमेरिका के दौरे पर होते हैं। ऐसा आभास होता है कि भारत के विरुद्ध यह अभियान कई संस्थानों एवं देशों द्वारा मिलाकर चलाया जा रहा है। भारत द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में लगातार प्राप्त की जा रही विभिन्न उपलब्धियों को दरकिनार करते हुए, भारत के बारे में भ्रांतियां फैलाई जाती रही हैं। जैसे, भारतीय कुछ नया करे तो उसे 'जुगाड़' कहा जाता है और चीन यदि कुछ नया करे तो 'रिवर्स इंजिनीयरिंग'। पश्चिम का प्रत्येक कदम वैज्ञानिक है, परंतु भारतीय आयुर्वेद को हर बात सिद्ध करने की आवश्यकता होती है। पश्चिम का अधूरा अध्ययन भी साइन्स की श्रेणी में है, परंतु भारत के कई प्राचीन वैज्ञानिक तथ्य भी रूढ़िवादी माने जाते हैं। **(ये इनके निजी विचार हैं)**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# संगीत की धुन पर आतिशबाजी, पांच किलोमीटर दूर से दिखेगा नजारा

**600** फीट ऊंचाई पर आसमान में प्रदूषणमुक्त ग्रीन आतिशबाजी शो होगा

**1500** मीटर लंबे क्षेत्र में फैले इस शो की अवधि लगभग 10 मिनट होगी




एजेंसी। अयोध्या,(आईएएनएस)

14 वर्षों के वनवास के बाद भगवान राम के अयोध्या आगमन की खुशियों में इस बार अयोध्या नगरी दीपोत्सव-2024 के भव्य आयोजन के लिए तैयार है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 30 अक्टूबर को होने वाले इस दीपोत्सव में विशेष रूप से पर्यावरण को ध्यान में रखते हुए प्रदूषणमुक्त ग्रीन आतिशबाजी शो का आयोजन किया जाएगा। राम की पैड़ी पर आयोजित यह दीपोत्सव हर साल की तरह इस साल भी ऐतिहासिक बनने जा रहा है, जहां आसमान में 600 फीट तक की ऊंचाई पर आतिशबाजी से सरयू नदी का आकाश जगमगाएगा। इस बार आतिशबाजी शो में पर्यटन विभाग द्वारा चुनी गई एक विशेष एजेंसी द्वारा पुराने सरयू पुल पर ग्रीन एरियल फायर क्रैकर्स शो का प्रदर्शन किया जाएगा। एक्सिस कम्युनिकेशन के प्रमुख संजय सिंह ने जानकारी दी कि 30 अक्टूबर की शाम को पुराने सरयू पुल पर आतिशबाजी, लेजर शो, फ्लेम शो और संगीत के संगम से भव्य कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। इस आयोजन का मुख्य आकर्षण प्रदूषण मुक्त ग्रीन आतिशबाजी होगी, जो पर्यावरण को बिना नुकसान पहुंचाए 120 से 600 फीट की ऊंचाई तक आसमान में बिखरेगी। इस मनोहारी दृश्य को चार से पांच किलोमीटर के क्षेत्र में बड़ी संख्या में लोग देख सकेंगे। यह आतिशबाजी सरयू नदी की शांत लहरों पर चमकदार परछाइयों के साथ अद्भुत दृश्य उत्पन्न करेगी। करीब 1,500 मीटर लंबे क्षेत्र में फैले इस शो की अवधि लगभग 10 मिनट होगी। आयोजन के भव्यता को बढ़ाने के लिए 30 से अधिक प्रशिक्षित पेशेवरों की टीम दिन-रात कड़ी मेहनत कर रही है।

# ग्राम पंचायत स्तर पर मौसम पूर्वानुमान का शुभारंभ

एजेंसी। नई दिल्ली




केंद्रीय पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, केंद्रीय विज्ञान और प्रौद्योगिकी तथा पृथ्वी विज्ञान राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ.जितेंद्र सिंह और पंचायती राज राज्य मंत्री प्रो. एसपी सिंह बघेल ने शुक्रवार को नई दिल्ली के विज्ञान भवन में ग्राम पंचायत स्तर पर मौसम पूवानुर्मान का शुभारंभ किया। पंचायती राज मंत्रालय और भारत मौसम विज्ञान विभाग, पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के सहयोग से विकसित यह पहल जमीनी स्तर पर जलवायु तैयारियों की दिशा में एक बड़ा कदम है। यह महत्वपूर्ण प्रयास सरकार के 100 दिनों के एजेंडे का हिस्सा है और समग्र सरकार के दृष्टिकोण को दशार्ता है, जिसमें पंचायती राज मंत्रालय जमीनी स्तर पर शासन में परिवर्तनकारी बदलाव लाने के लिए विशेषज्ञ विभागों के साथ मिलकर कार्य कर रहा है। इस अवसर पर केंद्रीय पंचायती राज मंत्री राजीव रंजन सिंह ने कहा कि ग्राम पंचायत स्तर पर मौसम का पूवानुर्मानह्व भारतीय अर्थव्यवस्था को सशक्त बनाने और ग्रामीण आबादी के लिए जीवन में सुगमता लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। यह पहल पंचायतों को जलवायु चुनौतियों का समाधान करने और कृषि एवं आपदा तैयारियों के लिए निर्णय लेने में सुधार करने में सक्षम बनाकर ग्रामीण शासन में महत्वपूर्ण से रूप से बदलाव लायेगी। सिंह ने ग्रामीण नागरिकों को समय पर मौसम की जानकारी प्रसारित करने, अंततः आजीविका में सुधार और सतत विकास को बढ़ावा देने में पंचायती राज संस्थानों (पीआरआई) की महत्वपूर्ण भूमिका का भी उल्लेख किया।

# भारी बारिश को छोड़कर, पश्चिम बंगाल में 'दाना' का प्रभाव हुआ कम

नई दिल्ली, (हि.स.)। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने कहा है कि शक्तिशाली चक्रवाती तूफान 'दाना' ने 10 किलोमीटर प्रति घंटे की गति से उत्तर-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ते हुए शुक्रवार सुबह 5:30 बजे उत्तरी तटीय ओडिशा पर दस्तक दी। भारत मौसम विज्ञान विभाग ने सुबह एक्स हैंडल पर यह जानकारी साझा की। विभाग के अनुसार यह धमारा से लगभग 20 किलोमीटर उत्तर-उत्तर पश्चिम में और हबलीखाटी नेचर कैंप (भितरकनिका) से 40 किलोमीटर उत्तर-उत्तरपश्चिम में है। चक्रवात तेजी से आगे बढ़ रहा है। इसका पिछला क्षेत्र भूमि में प्रवेश कर रहा है। यह प्रक्रिया अगले एक से दो घंटे तक जारी रहेगी। यह उत्तरी ओडिशा से पश्चिम-उत्तर पश्चिम की ओर बढ़ेगा। दोपहर तक इसके धीरे-धीरे कमजोर होकर पड़ने की संभावना है।

## नामखाना, सागर द्वीप और पाथरप्रतिमा में कई जगह उखड़े पेड़




कोलकाता(आईएएनएस)। पश्चिम बंगाल के तटीय जिलों और आसपास के इलाकों में मूसलाधार बारिश को छोड़कर, राज्य पर चक्रवात दाना का प्रभाव कम हो गया है। मौसम विभाग की भविष्यवाणी में पूर्वी मिदनापुर और दक्षिण 24 परगना के दो तटीय जिलों से कोई बड़ी तबाही की खबर नहीं है। बता दें कि इन जिलों को लेकर मौसम विभाग ने भविष्यवाणी की थी कि वे राज्य में सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे। राज्य की राजधानी कोलकाता सहित दक्षिण बंगाल के विभिन्न जिलों में गुरुवार देर रात से शुरू हुई मूसलाधार बारिश जारी है। कोलकाता में क्षेत्रीय मौसम कार्यालय के पूवार्नुमान के अनुसार दक्षिण बंगाल के जिलों में पूरे दिन भारी बरसात होगी। मगर शाम तक इसके कम होने की उम्मीद है। राज्य प्रशासन के अनुसार भूस्खलन का सबसे अधिक प्रभाव तटीय सुंदरबन क्षेत्रों जैसे नामखाना, सागर द्वीप और पाथरप्रतिमा पर पड़ा है, जहां तेज हवा के कारण कई पेड़ उखड़ गए। सागर द्वीप में कपिल मुनि आश्रम के पास विशेष रूप से त्रिशूल लैंपपोस्ट भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। वहीं दक्षिण 24 परगना जिले और पूर्वी मिदनापुर में रेड अलर्ट जारी है। भूस्खलन के दौरान तटीय इलाकों में हवा की अधिकतम गति लगभग 120 किलोमीटर प्रति घंटा थी। हालांकि, लैंडफॉल के बाद गति घटकर करीब 90 किलोमीटर प्रति घंटा रह गई। चक्रवाती तूफान दाना शुक्रवार शाम को कमजोर होकर गहरे दबाव में तब्दील हो जाएगा। भारी बारिश के कारण राज्य में कटाई योग्य फसलों, खासकर धान और आलू को नुकसान पहुंचने की आशंका है।

## पश्चिम बंगाल में 15 घंटे बाद विमान सेवा बहाल



कोलकाता। कोलकाता के नेताजी सुभाष चंद्र बोस अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर बंद उड़ान सेवाओं को शुक्रवार को शुरू कर दिया गया है। यह उड़ान 15 घंटे के लिए बंद की गई थी। इसी तरह पूर्वी रेलवे के सियालदह डिवीजन से गुरुवार रात 8 बजे से निलंबित ट्रेन सेवाएं भी शुक्रवार सुबह 10 बजे के बाद फिर से शुरू हो गई। शुक्रवार तड़के ओडिशा में चक्रवात दाना के दस्तक देने के बाद एहतियात के तौर पर एयरपोर्ट को बंद किया गया था। यह विमान सेवा गुरुवार शाम 6 बजे से शुक्रवार सुबह 9 बजे तक बाधित रही। हालांकि उपलब्ध नवीनतम जानकारी के अनुसार, स्थिति के सर्वेक्षण के बाद एयरपोर्ट अधिकारियों ने सुबह 8 बजे से विमान सेवा फिर से शुरू करने का फैसला किया।

## धामरा और भद्रक में तबाही, समुद्र में उठीं ऊंची लहरें

ओडिशी की राजधानी भुवनेश्वर में 'दाना' के मद्देनजर बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा बंद है। सभी फ्लाइट को स्थगित कर दिया गया है। नियंत्रण कक्षों में पहुंची सूचनाओं में कहा गया है कि धामरा और भद्रक में तेज हवा के साथ भारी बारिश हो रही है। अनगिनत पेड़ जड़ से उखड़ गए हैं। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी के अनुसार, अब तक लगभग 5.84 लाख लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा चुका है।

# रामगढ़ के प्रत्याशी सुशील कुशवाहा जीत को लेकर आश्वस्त

एजेंसी। पटना,(आईएएनएस)

**बिहार उपचुनाव**



बिहार के कैमूर जिले में उपचुनाव को लेकर तैयारियों का सिलसिला तेज हो चुका है। इसी जिले में रामगढ़ विधानसभा सीट पर सभी दलों ने अपने प्रत्याशी उतार दिए हैं, जिसके बाद सभी की ओर से जीत के दावे किए जा रहे हैं। रामगढ़ विधानसभा सीट से जन सुराज पार्टी ने सुशील कुशवाहा को चुनावी मैदान में उतारा है। वह शुक्रवार को नामांकन दाखिल करने पहुंचे। इस दौरान, उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में जीत का दावा किया। पत्रकारों से बातचीत के दौरान वह अपनी जीत को लेकर पूरी तरह से आश्वस्त दिखे। उन्होंने कहा कि उन्हें पूरा विश्वास है कि इस बार यहां की जनता उन्हें भारी मतों से अपना नेता चुनेगी। सुशील कुशवाहा पार्टी के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में मोहनिया के चांदनी चौक से अनुमंडल कार्यालय नामांकन दाखिल करने पहुंचे। उन्होंने दावा किया कि इस बार रामगढ़ विधानसभा सीट का विधायक जन सुराज पार्टी से होगा।

## मुंबई से कांडला आ रही फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी

भुज, (हि.स.)। मुंबई से कांडला आ रही स्पाइस जेट एयरलाइन्स के विमान को शुक्रवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। स्पाइस जेट एयरलाइन्स के एक्स एकाउंट पर मुंबई-कंडला फ्लाइट को बम से उड़ाने की धमकी के बाद कच्छ पूर्व की पुलिस समेत विभिन्न जांच और सुरक्षा एजेंसियों ने कंडला हवाईअड्डे पर जांच की है। कंडला हवाईअड्डा प्राधिकरण के अधिकारियों ने घटना की पुष्टि की है।

# जीतन राम मांझी ने लगाया तेजस्वी पर आरोप, वे खुद शराब पीते हैं

एजेंसी। पटना(आईएएनएस)



बिहार में शराबबंदी कानून को लेकर एक बार फिर राजनीतिक बयानबाजी तेज है। इसे लेकर सत्ता पक्ष और विपक्ष के बीच आरोप-प्रत्यारोप का सिलसिला जारी है। इसी बीच, केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा कि तेजस्वी यादव खुद शराब पीते हैं, इसके कारण उन्हें लगता है कि बिहार में शराब बिक रही है। यहां शराबबंदी है और लोग चोरी छिपे शराब पीते हैं, तो उसका क्या हिसाब है? उनको ज्यादा जानकारी है, वे तस्करी में लीन रहते हैं या कराते होंगे, इस कारण उन्हें ज्यादा जानकारी है। झारखंड चुनाव और बिहार में हो रहे उप चुनावों को लेकर उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र या झारखंड में एनडीए की सरकार बन रही है। उन्होंने दावा करते हुए कहा कि बिहार में चार सीटों पर हो रहे उपचुनाव में एनडीए के प्रत्याशी न केवल जीत रहे हैं, बल्कि बड़े अंतर से जीत रहे हैं।

# भगवान बुद्ध का राजगीर से काफी पुराना संबंध : नीतीश

एजेंसी। नालंदा/पटना




बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शुक्रवार को नालंदा जिला के राजगीर में विश्व शांति स्तूप की स्थापना के 55वें वार्षिक समारोह में शामिल हुए। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने उपस्थित लोगों को शुभकामनाएं दी और देश-विदेश खासकर जापान से पधारे सभी अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने आधुनिक नवनिर्मित एकीकृत भवन का उद्घाटन भी किया। विश्व शांति स्तूप के 55वें वार्षिकोत्सव के अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राजगीर में विश्व शांति स्तूप का निर्माण वर्ष 1969 में जापान के फियूजी गुरुजी ने कराया था तथा इसका उद्घाटन 25 अक्टूबर, 1969 को तत्कालीन राष्ट्रपति वीवी गिरी ने किया था। उस समय से हर वर्ष 25 अक्टूबर को कार्यक्रम आयोजित किया जाता है। वर्ष 2019 में विश्व शांति स्तूप के 50 साल पूरे हुए थे तब हमने तत्कालीन राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद को दिल्ली जाकर आमंत्रित किया और वे इस कार्यक्रम में आए थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि भगवान बुद्ध का राजगीर से काफी पुराना संबंध है। वे वेणुवन में रहा करते थे और फिर यहां से गया चले गये थे, जहां उन्हें ज्ञान की प्राप्ति हुई और तब से उस स्थान को बोधगया के नाम से जाना जाता है। हमने राजगीर में भगवान बुद्ध से जुड़े सभी स्थलों का विकास कराया है।

## वेणुवन का क्षेत्र बढ़ाया गया इसे सुंदर बनाया गया

वेणुवन, जहां भगवान बुद्ध रहते थे, पहले वहां की स्थिति ठीक नहीं थी। इसके क्षेत्र को बढ़ाया गया है और इसे सुंदर बनाया गया। गृद्धकूट पर्वत पर आने-जाने के लिए रास्ता को ठीक कराया गया है। घोड़ाकटोरा में पानी के बीच में भगवान बुद्ध की 50 फीट ऊंची प्रतिमा लगाई गई है। इसके अलावा पटना में बुद्ध स्मृति पार्क एवं बुद्ध स्तूप का निर्माण कराया गया है। उन्होंने कहा कि राजगीर से हमारा पुराना रिश्ता है।

## एजुकेशन/करियर

मेकट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग, इंजीनियरिंग की उप-शाखा है, जो मुख्य रूप से इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल दोनों का मिला रूप है। इसमें रोबोटिक्स, इलेक्ट्रॉनिक्स, कंप्यूटर और कई अन्य तत्वों को भी शामिल किया गया है। मेकट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग का उपयोग जटिल, विद्युत और सॉफ्टवेयर कंपोनेंट्स को इकठ्ठा करने के लिए किया जाता है। मेकट्रॉनिक्स इंजीनियर सिस्टम की क्षमता को बढ़ाते हैं। मेकट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग पढ़ाई पूरी करने बाद आप मेकट्रॉनिक्स आर्किटेक्ट, ऑटोमेशन इंजीनियर, रिसर्च असिस्टेंट आदि के रूप में काम कर सकते हैं।

# मेकट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग की पढ़ाई करियर का बेहतर ऑप्शन



### मेकट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग के लिए भारत के टॉप कॉलेज

- नैशनल इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी (एनआईटी) सुरथकल, कर्नाटक
- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) पटना, बिहार
- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी (आईआईआईटी) भागलपुर, बिहार
- वेल्लोर इंस्टिट्यूट ऑफ़ टेक्नोलॉजी (वीआईटी) वेल्लोर, तमिलनाडु
- इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंजीनियरिंग साइंस एंड टेक्नोलॉजी हावड़ा, पश्चिम बंगाल
- मणिपाल अकादमी ऑफ़ हायर एज्युकेशन मणिपाल, कर्नाटक
- थापर इंस्टिट्यूट ऑफ़ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी थापर, पंजाब
- जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी ऑफ़ टेक्नोलॉजी हैदराबाद, तेलंगाना
- गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ यूनिवर्सिटी नई दिल्ली
- सत्यबामा इंस्टिट्यूट ऑफ़ साइंस एंड टेक्नोलॉजी चेन्नई, तमिलनाडु

### मेकट्रॉनिक्स इंजीनियर की जिम्मेदारियां

- एक मेकट्रॉनिक्स इंजीनियर फैक्ट्री प्रोडक्शन, माइक्रो-कंट्रोलर, सेंसर, ऑटोमेटेड हैवी मैकेनिकल स्ट्रक्चर, प्रोग्रामेबल लॉजिक, इलेक्ट्रिक ड्राइव, हाइड्रोलिक सिस्टम आदि की डिजाइनिंग सिस्टम के लिये जिम्मेदार होता है।
- प्रोटोटाइप का विचार, डिजाइन और विकास करने की जिम्मेदारी होती है।
- मशीनों की जाँच करना।
- नया उत्पाद विकास करने के जिम्मेदार होता है।
- इंटेलिजेंट उपकरणों की डिजाइन में सहायता प्रदान करना।
- भारी मशीनरी के डिजाइन और विकास में सहायता करना।

### मेकट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग के लिए एंट्रेंस एग्जाम

- जेईई मेंस
- जेईई एडवांस्ड
- एमएचटी सीईटी
- ओजेईई
- बीसीईसीई

**स्कोप**

- एमाजोन
- एप्पल
- कम्यूनिस
- बेंडिक्स
- केटेरपिलर
- एलायंस मेक्ट्रोनिक्स
- स्टार्टप टोनबो



# सेंटनर के आगे सरेंडर भारत 156 रन पर ढेर

दूसरी पारी में न्यूजीलैंड पांच विकेट पर 198 रन, कुल बढ़त 301 रन

- स्टंप्स के समय टॉम ब्लंडेल 30 और ग्लेन फिलिप्स 9 रन बनाकर क्रीज पर थे

एजेंसी

**पुणे।** बाएं हाथ के स्पिनर मिशेल सेंटनर ने करियर के सर्वश्रेष्ठ 7-53 के आंकड़े हासिल किए, जिससे न्यूजीलैंड ने शुक्रवार को एमसीए स्टेडियम में दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन भारत को 156 रन पर आउट कर 103 रन की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की। न्यूजीलैंड ने अपनी दूसरी पारी में दिन का खेल समाप्त होने तक पांच विकेट खोकर 198 रन बना लिए हैं। न्यूजीलैंड के पास अब कुल 301 रन की बढ़त हो गई है जबकि उसके पांच विकेट बाकी है। न्यूजीलैंड की दूसरी पारी में कप्तान टॉम लैथम ने जबरदस्त बल्लेबाजी करते हुए 133 गेंदों पर 10 चौकों की मदद से 86 रन बनाए और वह पांचवे बल्लेबाज के रूप में टीम के 183 के स्कोर पर आउट हुए। डेवॉन कानवे ने 17 और विल यंग ने 23 रन बनाए। स्टंप्स के समय टॉम ब्लंडेल 30 और ग्लेन फिलिप्स 9 रन बनाकर क्रीज पर थे।



## सुंदर ने फिर दिखाया जलवा



पहली पारी में 7 विकेट लेने वाले वॉशिंगटन सुंदर ने दूसरी पारी में भी बेहतरीन गेंदबाजी करते हुए न्यूजीलैंड के पांच में से 4 विकेट झटके। सुंदर ने 19 ओवर में 56 रन पर चार विकेट लिए। रविचंद्रन अश्विन ने 17 ओवर में 64 रन पर 1 विकेट लिया। भारतीय गेंदबाजों पर अब जिम्मेदारी है कि वे चौथे दिन कल (शनिवार) मेहमानों की पारी को जल्दी समेटे। इससे पहले, सेंटनर ने अपनी गति, लाइन और लेंथ, फ्लाइट और डिप में विविधता लाने के शानदार प्रदर्शन के जरिए भारतीय बल्लेबाजों को परेशान किया और कमेंट्री बॉक्स छोर से लगातार गेंदबाजी करते हुए टेस्ट में अपने पहले पांच विकेट लिए। ग्लेन फिलिप्स के 2-26 के शानदार प्रदर्शन से भी उन्हें अच्छा समर्थन मिला और कुछ जल्दबाजी में शॉट चयन और भारतीय बल्लेबाजों की समझदारी की कमी ने भी उनकी मदद की, जिन्होंने अब न्यूजीलैंड को बड़ी बढ़त दे दी है। सुबह शुभमन गिल और जायसवाल ने दूसरे विकेट के लिए 49 रन की साझेदारी करके अच्छी शुरूआत की। लेकिन सेंटनर की तेज गेंद पर गिल के एलबीडब्ल्यू आउट होने के बाद भारत के विकेट गिरने लगे। पुणे में मौजूद दर्शक उस समय सन्नाटे में डूब गए जब विराट कोहली ने सेंटनर की गेंद पर पहले से सोचा-समझा स्लॉग-स्वीप करने की कोशिश की, लेकिन वह लो फुलटॉस को चूक गए जो उनके बल्ले के नीचे से निकलकर स्टंप पर जा लगी, जिससे यह दिग्गज बल्लेबाज हैरान रह गया। सुंदर ने एजाज की गेंद पर दो चौके और एक छक्का लगाया, लेकिन सैंटनर ने आकाश दीप का ऑफ-स्टंप उखाड़कर और जसप्रीत बुमराह को एलबीडब्लू आउट करके भारत की पारी का अंत किया और टीम को बढ़त दिलाकर मैदान से बाहर कर दिया।

## यह धारणा गलत कि भारतीय स्पिन को सबसे बेहतर खेलते हैं : साइमन



**नई दिल्ली।** न्यूजीलैंड के पूर्व तेज गेंदबाज साइमन डूल का मानना है कि यह गलत धारणा है कि भारतीय बल्लेबाज स्पिन को अन्य बल्लेबाजों से बेहतर खेलते हैं। बेंगलुरु में भारतीय बल्लेबाजी पहली पारी में बुरी तरह फ्लॉप हुई, जिसका खामियाजा उन्हें हार से चुकाना पड़ा। वहीं, एक बार फिर पुणे टेस्ट में भी यही नजारा दिखा। पुणे में न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में भारतीय बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन के बाद डूल ने यह बयान दिया। भारत ने स्पिन के सामने 9 बल्लेबाजों को खो दिया, जिसमें विराट कोहली, रवींद्र जडेजा और रविचंद्रन अश्विन जैसे सीनियर खिलाड़ी शामिल थे। इस सीरीज में लगातार भारतीय बल्लेबाजी लड़खड़ाई नजर आई, जिससे स्पिनरों से निपटने की भारत की क्षमता पर संदेह पैदा हो गया। डूल ने दावा किया कि वे दिन चले गए जब भारतीय बल्लेबाज- सौरव गांगुली, सचिन तेंदुलकर, गौतम गंभीर, वीवीएस लक्ष्मण और राहुल द्रविड़ भारतीय धरती पर स्पिनरों का फायदा उठाते थे।

## पेन ने वार्नर की टेस्ट टीम में वापसी को नकार दिया

एजेंसी



- ख्वाजा के साथ इंगलिस के ओपनिंग करने का समर्थन किया

**नई दिल्ली।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व टेस्ट कप्तान टिम पेन ने डेविड वार्नर की भारत के खिलाफ अगले महीने होने वाली बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी सीरीज से पहले टीम में वापसी की पेशकश को हंसी में उड़ा दिया है, जबकि जोश इंगलिस का उस्मान ख्वाजा के साथ ओपनिंग करने का समर्थन किया है। जून में पुरुष टी20 विश्व कप के बाद वार्नर ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था, लेकिन उन्होंने यह खुलासा करके हलचल मचा दी कि वह संन्यास से बाहर आने के लिए उपलब्ध हैं और इसके लिए उन्होंने टीम थिंक-टैंक से संपर्क किया है। पीठ की सर्जरी के बाद कैमरून ग्रीन के टीम से बाहर होने और स्टीव स्मिथ के चौथे नंबर पर वापस आने के साथ, भारत के खिलाफ पांच मैचों की महत्वपूर्ण सीरीज से पहले ख्वाजा के साथ जोड़ी बनाने के लिए एक जगह खाली हो गई है।

## पैन पैसिफिक ओपन के सेमीफाइनल में पहुंचीं केटी बौल्टर

**टोक्यो(आईएएनएस)।** 28 वर्षीय ब्रिटिश टेनिस स्टार केटी बौल्टर ने डब्ल्यूटीए टूर के एशियाई दौरे पर अपने खराब प्रदर्शन को पलटते हुए पैन पैसिफिक ओपन के सेमीफाइनल में जगह बना ली है। उन्होंने पूर्व यूएस ओपन चैंपियन बियांका एंड्रीस्कू के खिलाफ 6-2, 6-1 से शानदार जीत दर्ज की। हाल के टूर्नामेंटों में शुरूआती दौर में बाहर होने के बाद बौल्टर ने शानदार कमबैक करते हुए एंड्रीस्कू पर शानदार जीत दर्ज की। सेमीफाइनल में



बौल्टर का सामना अब एक अन्य ग्रैंड स्लैम चैंपियन सोफिया केनिन से होगा। 2020 ऑस्ट्रेलियन ओपन विजेता ने अपने क्वार्टर फाइनल मैच में पांचवीं वरीयता प्राप्त डारिया कसाटकिना को 6-3, 6-4 से हराया।

## अगर धोनी उपलब्ध हैं, तो वह सीएसके की पहली पसंद होंगे: हरभजन सिंह

एजेंसी



> मुझे यकीन नहीं है कि धोनी खेलेंगे या नहीं, लेकिन अगर वह उपलब्ध हैं, तो वह निश्चित रूप से रिटेंशन के लिए टीम की पहली पसंद होंगे। हरभजन सिंह

**नई दिल्ली।** चेन्नई सुपर किंग्स के लिए संभावित आईपीएल रिटेंशन के बारे में स्टार स्पोर्ट्स से विशेष रूप से बात करते हुए, भारतीय स्पिन दिग्गज हरभजन सिंह ने आईपीएल 2025 सीज़न से पहले सीएसके के लिए किसे प्राथमिकता दी जानी चाहिए, इस पर अपने विचार साझा किए। हरभजन ने कहा, "मुझे यकीन नहीं है कि धोनी खेलेंगे या नहीं, लेकिन अगर वह उपलब्ध हैं, तो वह निश्चित रूप से रिटेंशन के लिए टीम की पहली पसंद होंगे, भले ही उन्हें इस सीजन में अनकैप्ड खिलाड़ी माना जाता हो। उनके बाद, अगला चयन रवींद्र जडेजा और फिर रचिन रवींद्र होगा। कप्तान रुतुराज गायकवाड़ के लिए, वह भी निश्चित रूप से रिटेंशन में होंगे। उन्होंने कहा,"मेरा मानना है कि इन चार खिलाड़ियों को रिटेन किया जाएगा। उनके अलावा, हम पथिराना को भी टीम में रख सकते हैं, जो एक बेहतरीन गेंदबाज हैंऔर अगर किसी अनकैप्ड खिलाड़ी को रिटेन किया जाता है, तो एक आश्चर्यजनक विकल्प हो सकता है, लेकिन यह संभव है कि सीएसके केवल पांच खिलाड़ियों को ही रिटेन करे। इसलिए मेरे विचार से, संभावित रिटेंशन - महेंद्र सिंह धोनी, रवींद्र जडेजा, रचिन रवींद्र, रुतुराज गायकवाड़ और पथिराना हैं।

सनराइजर्स हैदराबाद टीम के लिए संभावित आईपीएल रिटेंशन के बारे में स्टार स्पोर्ट्स से विशेष रूप से बात करते हुए, ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट के दिग्गज टॉम मूडी ने हैदराबाद टीम की रिटेंशन रणनीति को रेखांकित किया और उन खिलाड़ियों पर प्रकाश डाला, जिनके बारे में उनका मानना है कि उन्हें आईपीएल नीलामी से पहले प्राथमिकता दी जानी चाहिए। मूडी ने कहा, "जब मैं हैदराबाद टीम को देखता हूं, तो इस रिटेंशन अवधि के दौरान उन्हें फ्रेंचाइजियों में सबसे कठिन काम मिला है। शीर्ष पर, मैं कप्तान पैट कमिंस को सुरक्षित करने की कोशिश करूंगा, उसके बाद ट्रैविस हेड और फिर अभिषेक शर्मा। मैं इसे और आगे बढ़ाऊँगा, जो महंगा होगा, लेकिन मुझे लगता है कि हेनरिक क्लासेन के कैलिबर के खिलाड़ी को बनाए रखना इसके लायक है। फिर नितीश रेड्डी हैं, जिन्हें हाल ही में कैप किया गया है।

## रांची जिला जूनियर बालक-बालिका खो-खो खुली चयन प्रतियोगिता संपन्न



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** जिला खो-खो एसोसिएशन के तत्वावधान में आयोजित एक दिवसीय रांची जिला जूनियर बालक- बालिका खो-खो खुली चयन प्रतियोगिता का आयोजन धुर्वा में किया गया। इस प्रतियोगिता में रांची जिले से लगभग एक सौ बालक-बालिका खिलाड़ी ने भाग लिया। इस खुली चयन प्रतियोगिता के आधार पर रांची जिला बालक-बालिका टीम का चयन किया गया। रांची टीम 3 से 5 नवंबर तक आयोजित झारखंड राज्य-स्तरीय जुनियर बालक-बालिका खो-खो प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 2 नवम्बर को रांची रेलवे-स्टेशन से प्रस्थान करेगी। प्रतियोगिता को सफल संचालन में वरीय प्रशिक्षक विवेक कुमार, कौशल कुमार, संजय कुमार, सुभाष गांगुली, श्रीकांत कुमार, खुशबू कुमारी, निखिल कुमार ने अहम भूमिका निभाई। यह जानकारी रांची जिला खो-खो एसोसिएशन के महासचिव अजय झा ने दी।

## बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच से बाहर हुए तेम्बा बावुमा

एजेंसी

**ढाका।** कोहनी की चोट से उबरने के कारण तेम्बा बावुमा बांग्लादेश के खिलाफ दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। उनकी जगह एडेन मार्कराम सीरीज में टीम की कप्तानी जारी रखेंगे। अब, बावुमा का लक्ष्य अगले महीने श्रीलंका के खिलाफ होने वाली घरेलू टेस्ट सीरीज के लिए फिट होना है। इस महीने की शुरूआत में आयरलैंड के खिलाफ वनडे में रन पूरा करने के दौरान अजीब तरह से गिरने के कारण बावुमा की कोहनी में चोट लग गई थी। मैच में 35 रन पर वह रिटायर्ड हर्ट हो गए और फिर मैदान पर नहीं लौटे। यह वही कोहनी है जो 2022 में भारत के टी20 दौरे के दौरान चोटिल हुई थी।

## यशस्वी कैलेंडर वर्ष में 1000 टेस्ट रन बनाने वाले सबसे युवा भारतीय

**पुणे।** भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल शुक्रवार को महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन एक कैलेंडर वर्ष में 1000 टेस्ट रन बनाने वाले सबसे युवा भारतीय बन गए। 22 वर्षीय बल्लेबाज ने दिलीप वेंगसरकर के पिछले रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया, जिन्होंने 1979 में 23 साल की उम्र में 1000 रन का आंकड़ा छुआ था। वर्तमान में, जायसवाल 2024 में सबसे अधिक टेस्ट रन बनाने वालों की



सूची में इंग्लैंड के जो रूट से पीछे दूसरे स्थान पर हैं, जिन्होंने 14 मैचों में 1305 रन बनाए हैं। इस साल जायसवाल के फॉर्म ने उन्हें केवल 10 मैचों में 59.23 की औसत से 1007 रन बनाते हुए देखा है, जिसमें दो शतक और छह अर्धशतक शामिल हैं। 2024 में तीन और टेस्ट मैच बचे हैं, ऐसे में उनके पास भारतीय दिग्गजों द्वारा बनाए गए कुछ सबसे बड़े रिकॉर्ड को तोड़ने का मौका है।



# लगातार 5वें दिन कमजोरी के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

### निवेशकों को 1 दिन में 6.36 लाख करोड़ की चपत

एजेंसी




**नई दिल्ली ।** घरेलू शेयर बाजार आज लगातार पांचवें दिन जबरदस्त बिकवाली का शिकार हो गया। आज के कारोबार की शुरूआत मामूली बढ़त के साथ हुई थी। बाजार खुलते ही खरीदारी के सपोर्ट से इसकी चाल में थोड़ी और तेजी आई, लेकिन इसके बाद बिकवाली का दबाव बढ़ जाने की वजह से सेंसेक्स और निफ्टी दोनों सूचकांकों ने थोड़ी देर में ही लाल निशान में गोता लगा दिया। हालांकि खरीदारों ने बीच-बीच में लिवाली करके बाजार का सपोर्ट करने की कोशिश की लेकिन बिकवाली का दबाव इतना अधिक था कि शेयर बाजार की चाल में सुधार नहीं हो सका। पूरे दिन के कारोबार के बाद सेंसेक्स 0.83 प्रतिशत और निफ्टी 0.90 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुए। आज के कारोबार के दौरान पब्लिक सेक्टर एंटरप्राइज, एनर्जी और मेटल सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक बिकवाली होती रही। इसी तरह बैंकिंग, ऑटोमोबाइल, आईटी, कैपिटल गुड्स, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स, ऑयल एंड गैस और टेक इंडेक्स भी गिरावट के साथ बंद हुए। दूसरी ओर, फार्मास्यूटिकल और एफएमसीजी सेक्टर के शेयरों में खरीदारी होती रही। ब्रॉडर मार्केट में भी आज जबरदस्त दबाव बना रहा, जिसके कारण बीएसई का मिडकैप इंडेक्स 1.48 प्रतिशत की कमजोरी के साथ बंद हुआ। इसी तरह स्मॉलकैप इंडेक्स ने 2.44 प्रतिशत की गिरावट के साथ आज के कारोबार का अंत किया। आज शेयर बाजार में आई गिरावट के कारण स्टॉक मार्केट के निवेशकों की संपत्ति में 6 लाख करोड़ रुपये से भी अधिक की कमी आ गई। बीएसई में लिस्टेड कंपनियों का मार्केट कैपिटलाइजेशन आज के कारोबार के बाद घट कर 437.43 लाख करोड़ रुपये (अस्थाई) हो गया। जबकि पिछले कारोबारी दिन यानी गुरुवार को इनका मार्केट कैपिटलाइजेशन 443.79 लाख करोड़ रुपये था। इस तरह निवेशकों को आज के कारोबार से करीब 6.36 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हो गया। आज दिनभर के कारोबार में बीएसई में 4,021 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हुई। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 9 शेयर बढ़त के साथ और 21 शेयर गिरावट के साथ बंद हुए। जबकि निफ्टी में शामिल 50 शेयरों में से 11 शेयर हरे निशान में और 39 शेयर लाल निशान में बंद हुए।



# प्रियंका गांधी ने फ्रैंकलिन इंडिया फ्लेक्सी कैप में निवेश किए हैं 2.24 करोड़ रुपये

एजेंसी

**नई दिल्ली।** वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी के पास म्यूचुअल फंड्स का एक बड़ा पोर्टफोलियो है। केरल के वायनाड में लोकसभा उपचुनाव के लिए दिए हलफनामे के मुताबिक, उनके पास फ्रैंकलिन इंडिया फ्लेक्सी कैप फंड के 13,200 यूनिट्स हैं और इनकी वैल्यू करीब 2.24 करोड़ रुपये है। फ्रैंकलिन इंडिया फ्लेक्सी कैप फंड की 30 सितंबर की फैक्टशीट के मुताबिक, उनके पोर्टफोलियो में एसीसी (अंबुजा सीमेंट्स की सहायक कंपनी), एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स, हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स, टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, कल्याण ज्वेलर्स, टेक महिंद्रा और एचसीएल टेक्नोलॉजीज जैसे शेयर शामिल हैं। फ्रैंकलिन इंडिया की वेबसाइट के मुताबिक, इस फंड ने अपने निवेश को बैंकिंग में 24.79 प्रतिशत, आईटी में 10.92 प्रतिशत, टेलीकॉम सर्विसेज में 6.51 प्रतिशत, सीमेंट एवं सीमेंट उत्पादों में 4.78 प्रतिशत, कंस्ट्रक्शन में 4.48 प्रतिशत, ऑटोमोबाइल में 4.3 प्रतिशत, पेट्रोलियम प्रोडक्ट्स में 4.21 प्रतिशत और बाकी अन्य सेक्टर्स में लगाया हुआ है। वायनाड से कांग्रेस प्रत्याशी ने अन्य म्यूचुअल फंड स्कीमों में भी निवेश किया हुआ है। इसमें एक्सिस ग्रोथ अपॉर्चुनिटी फंड, एक्सिस ब्लूचिप फंड, एचजीएफसी स्मॉल कैप फंड और आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल इंडिया अपॉर्चुनिटी फंड शामिल हैं, जिसमें क्रमशः 7.87 लाख रुपये, 8.36 लाख रुपये, 8.84 लाख और 7.71 लाख रुपये (30 सितंबर तक) निवेश किए हुए हैं। प्रियंका गांधी वाड्रा ने शेयर बाजार में भी निवेश किया हुआ है और उनके पोर्टफोलियो में कुल 18 कंपनियां शामिल हैं, जिसमें से 6 कंपनियां सरकारी क्षेत्र की हैं। उनके स्टॉक पोर्टफोलियो की कुल वैल्यू 18 अक्टूबर तक 65.72 लाख रुपये है।



## पेंशन भोगियों को 80 वर्ष की उम्र के बाद अतिरिक्त अनुकंपा पेंशन



एजेंसी

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार के 80 वर्ष या इससे अधिक उम्र के पेंशन भोगियों को अब सरकार अतिरिक्त पेंशन का लाभ देगी। कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय की एक हालिया अधिसूचना के अनुसार, केंद्र सरकार के इन पेंशन भोगियों को अनुकंपा भत्ता नामक अतिरिक्त पेंशन मिलेगी। पेंशन मंत्रालय ने 80 वर्ष की आयु वाले केंद्र सरकार के सिविल सेवा से सेवानिवृत्त कर्मचारियों के लिए पेंशन को लेकर नए दिशा-निर्देश भी जारी किए हैं। दिशा-निर्देशों का उद्देश्य इन अतिरिक्त भत्तों को वितरित करने की प्रक्रिया को सरल बनाना है। सीसीएस (पेंशन) नियम 2021 के नियम 44 के उप नियम 6 के प्रावधानों के अनुसार, सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारी द्वारा 80 वर्ष या उससे अधिक आयु पूरी करने के बाद नियमों के तहत पेंशन और अनुकंपा भत्ता दिया जाएगा। इसके अनुसार, 80 से 85 वर्ष की आयु वाले वरिष्ठ नागरिक मूल पेंशन के 20 प्रतिशत के लिए पात्र हैं, जबकि 85 से 90 वर्ष की आयु वाले पेंशनभोगियों को 30 प्रतिशत मिलेगा।

## एक नजर

### हाइवा के धक्के से दो मवेशियों की मौत, दो घायल



**बालूमाथ।** थाना क्षेत्र के बालूमाथ पांकी मुख्य मार्ग बनियों ग्राम के पास हाईवा वाहन के धक्के से दो मवेशियों का घटना स्थल पर ही मौत हो गई जबकि दो मवेशी घायल हो गया। इसके विरोध में मवेशी मालिक पॉलू उरांव एवं ग्रामीणों ने तुबेद माइंस से निकलने वाली हाईवा भारी वाहनों को सुबह 6:00 से ही रोक दिया। ग्रामीणों ने हाईवा वाहन का स्पीड और अनियंत्रित चलाने का आरोप लगाते हुए नुकसान का मुआवजा और दिन प्रतिदिन हो रहे सड़क दुर्घटना की रोकथाम के लिए आक्रोशित ग्रामीणों ने दिन में नो एंट्री का मांग किया गया। मौके पर पहुंची बालूमाथ थाना पुलिस ने मुआवजा आदि मांगों के पूरा करने का आश्वासन के बाद जाम हटाया गया।

### अज्ञात वाहन के धक्के से होटलकर्मी की मौत

**नावाबाजार पलामू।** नावाबाजार थाना क्षेत्र में अवस्थित एनएच 98 पड़वा मोड़ औरंगाबाद मुख्य पथ स्थित के तुकबेरा में अज्ञात वाहन के धक्के से होटलकर्मी गनौरी साव की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटना गुरुवार के रात साढ़े आठ बजे की है। जानकारी के अनुसार गनौरी तुकबेरा में ही एक होटल में काम करता है। रोज की तरह वह होटल में काम कर रात करीब साढ़े आठ बजे साइकिल से अपने घर जा रहा था। इसी दौरान कोई अज्ञात वाहन ने धक्का मार दिया। इससे उसकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई।

### हैदरनगर के बलडीहरी से ट्रैक्टर की चोरी



**हैदरनगर।** पलामू जिले के हैदरनगर थाना क्षेत्र के बलडीहरी गांव से घर के दरवाजे पर खड़ी ट्रैक्टर की चोरी बीती रात हो गई है। इस संबंध में वाहन के मालिक संजय कुमार विश्वकर्मा ने हैदरनगर थाना में आवेदन दिया। जिसमें उन्होंने बताया है कि उनका महिंद्रा ट्रैक्टर डीआई 575 - 45 एचपी जिसका इंजन नंबर आरजीएच 2 एमबीए 0231 और चेचिस नंबर एमबीएन एबीएएल आईकेजी आरएच 0037, मॉडल नंबर जून 2017 उनके घर के दरवाजे पर खड़ा पड़ा था। सुबह जगने पर उन्होंने दरवाजे पर खड़ी वाहन गायब देखने के बाद काफी खोजबीन करने पर भी पता नहीं चला है। उन्होंने कई जगहों पर सीसीटीवी के फुटेज को भी देखने प्रयास किया। जिससे पता चला कि उनका वाहन हैदरनगर से जपला मुख्य नहर होते बिहार के नवीनगर और कुटुंबा तक जाने का सुराग मिला है।

# प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना निर्माण में घोर अनियमितता



**नवीन मेल संवाददाता**

**रमना।** अच्छी सड़क उस क्षेत्र के विकास कि रीढ़ है इसी उदेश्य कि पूर्ति के लिए लोकसभा चुनाव से पूर्व ग्रामीण सड़कों को सुदृढ़ करने के लिए प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना अंतर्गत इस क्षेत्र में विभिन्न ग्रामीण सड़कों का शिलान्यास किया गया और कार्य भी तत्काल प्रारंभ कर दिया गया था लेकिन आज उनकी स्थिति जस के तस बनी है, सिलिदाग पंचायत अंतर्गत दोकरी से गम्हरिया पंचायत के चना कला ग्राम के छलका प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना का निर्माण हो रहा है इस कार्य में संवेदक द्वारा घोर अनिमित्तता बरती जा रही है। सड़क निर्माण कार्य प्रारंभ हुए 1 साल होने को है लेकिन अभी तक कहीं पर भी कार्य योजना बोर्ड नहीं लगाया गया है, इतना ही नहीं सड़क को कोड कर उसका मालवा को ही फिर से फैला कर उसी पर रोलर चला दिया गया है, यहां पर सब उल्टा हो रहा है जंगली क्षेत्र होने के कारण संवेदक को मजा ही मजा है। कजरी नदी के ऊपर बन रहे गाड़वाल निर्माण में घोर अनियमितता बरती जा रही है, इस निर्माण कार्य में मिट्टी मिला हुआ लोकल बालू का उपयोग किया जा रहा है,जिससे दिवार की गुनवता तो कमजोर हो ही रहा है साथ ही सरकार को मिलने वाली राजस्व का भी हानि हो रहा है। इतना ही नहीं इस कार्य में नाबालिक रेजा मजदूर भी लगाया गया, इस संबंध में नाबालिक मजदूर से पूछा तो वो बतायी की माँ का देहांत हो गया है और बाप शराबी है घर चलाने के लिए कमाना पड़ता है।

# 32 लाख 42 हजार का गांजा बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

**नवीन मेल संवाददाता**

**बारियातू।** पुलिस की मिली बड़ी सफलता 64 किलो 8.10 ग्राम गांजा किया बरामद दो तस्कर को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल। पुलिस अधीक्षक के मिली गुप्त सूचना मिली थी कि बारियातू ब्लॉक मार्ग मिडिल स्कूल के पास सनोज प्रसाद व नरेश प्रसाद पिता स्व बैजनाथ साहू द्वारा गांजा की खरीद बिक्री की जाती है।घर में गांजा होने की भी सूचना है। त्वरित कार्रवाई करने पर उसके घर से भारी मात्रा में अवैध गांजा की बरामदगी हो सकती है।तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक लातेहार के निर्देशानुसार अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी बालूमाथ के नेतृत्व में एक छापामारी दल का गठन किया गया। जिसमे पुअनि देवेन्द्र कुमार थाना प्रभारी बारियातु, पुअनि रितेश तिग्गा, पुअनि निर्मल कुमार मंडल, सअनि सुरेश कुमार सिंह एवं सशस्त्र बल शामिल थे। छापामारी दल के द्वारा सनोज प्रसाद,नरेश प्रसाद दोनो पिता स्व० बैजनाथ साहु, ग्राम ब्लॉक मार्ग मिडिल स्कुल के पास, बारियातु, थाना बारियातु जिला लातेहार के घर की विधिवत तलाशी करने पर सनोज प्रसाद, नरेश प्रसाद के घर के कमरों में पलंग, छज्जा, बक्सा में छुपाकर रखे गये आसमानी रंग के भारतीय जन उर्वरक परियोजना अंकित बोरा में भरा हुआ गांजा वजन 8.300 किग्रा, पिला रंग के भारतीय जन उर्वरक परियोजना अंकित बोरा में भरा हुआ।

वजन 10.730 किग्रा, सफेद रंग के पायोनियर अंकित बोरा में भरा हुआ गांजा वजन 13.950 किग्रा, सफेद रंग के किसान यूरिया अंकित बोरा में भरा हुआ गांजा वजन 11.120 किग्रा सफेद रंग के एलएलडीपीई अंकित बोरा में भरा हुआ गांजा वजन 11.250 किग्रा, ब्लू एवं, पीला, रंग, सिग्नेचर का पान मसाला अंकित थैला जिसमें प्लास्टिक के 10 पैकेट में गांजा भरा हुआ थैला में रखे गांजा का कुल वजन- 9.460 किग्रा कुल बरामद किया गया।

इसके साथ गांजा एवं ड्रग्स को भरकर पिने के लिये प्रयोग में लाये जानेवाले बॉन्गचिए परफेक्ट रोल 09 कार्टुन प्रत्येक कार्टुन में 10 पैकेट (रिजला पेपर) 55=550 अदद, कुल 550.9= 4,950 अदद बरामद हुआ। जिसका बाजार मूल्य 32 लाख 42 हजार रुपया है। दोनों अभियुक्त को बारियातु थाना कांड संख्या- 64/2024, दिनांक- 25/10/2024, धारा 20 (बी ) (II) सी /22 (सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया।





### सिमरिया से 11 व चतरा विधानसभा क्षेत्र से 12 प्रत्याशियों ने भरा पर्चा

**चतरा (हि.स.)।** झारखंड विधानसभा आम निर्वाचन के निमित जिले के सिमरिया और चतरा विधानसभा में पहले चरण का मतदान होना है। सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के लिए कुल 11 प्रत्याशियों ने 23 सेट में अपना नामांकन पत्र भरा। चतरा विधानसभा क्षेत्र के लिए कुल 12 प्रत्याशियों ने 26 सेट में अपना नामांकन पत्र भरा। उपायुक्त रमेश घोलप ने बताया कि नामांकन पत्रों की स्क्रूटनी 28 व 30 अक्टूबर को नाम वापसी होना है। सिमरिया विधानसभा क्षेत्र के लिए झारखण्ड मुक्ति मोर्चा से मनोज चंद्रा, भारतीय जनता पार्टी से कुमार उज्ज्वल, बीएसपी से रामावतार राम, झारखण्ड पार्टी से लालकिशोर दास, निर्दलीय विनय कुमार, निर्दलीय विकास कुमार, विनोद कुमार, सीपीआई से सुरेश कुमार, निर्दलीय सदानंद भुइयां, जेएलकेएम से जितेंद्र कुमार, निर्दलीय से शंकर राज ने अपना नामांकन भरा। इसी प्रकार कुल 11 प्रत्याशियों ने 23 सेट में अपना नामांकन पत्र भरा। चतरा विधानसभा क्षेत्र के लिए कुल 12 प्रत्याशियों द्वारा कुल 26 सेट में नामांकन भरा गया।

# विकास की रफ्तार को कायम रखने के लिए भाजपा का करें समर्थन : रामचंद्र



*विश्रामपुर विधायक ने विस क्षेत्र नावा बाजार के कई गांवों में चलाया जनसंपर्क*

**नवीन मेल संवाददाता**

**नावा बाजार, पलामू।** पूर्व मंत्री सह निवर्तमान विधायक रामचंद्र चंद्रवंशी शुक्रवार को नावा बाजार मंडल अध्यक्ष महादेव प्रसाद यादव के नेतृत्व में नावा बाजार प्रखंड क्षेत्र के ब्रह्ममोरिया, चेचरिया, बसना, राजहरा, तुकवेरा, रबदा, कंडा, ताली, पिपरा समेत दर्जनों गांवों में जनसंपर्क चलाया। इसके अलावा उन्होंने जनता से सीधा संवाद भी किया। श्री चंद्रवंशी ने कहा कि पिछले दस वर्षों से विश्रामपुर मझिआंव विधानसभा क्षेत्र का विकास तेज गति के साथ हुआ है। विकास के इस रफ्तार को कायम रखने के लिए भाजपा को समर्थन दें। क्षेत्र का विकास हमने किया है और आगे भी हम ही करेंगे। जब काम हमने किया है तो मजदूरी भी मुझे ही मिलनी चाहिए। चुनाव में कई वोट कटवा लोग भेष बदल बदल कर आयेंगे, कई तरह का प्रलोभन देंगे, लेकिन किसी के बहकावे में नहीं आना है। मौके पर कृष्णा गुप्ता, शंकर यादव, पंकज तिवारी, रेखा चंद्रवंशी, गिरजा शंकर राम,कुश दुबे,पंकज चंद्रवंशी, मनोज गुप्ता, सिद्धेश्वर भारती, उदय यादव, अनिल मेहता, अशोक भुइयां, संजय यादव, शंकर दयाल शर्मा, प्रभु यादव, दीलीप सिंह समेत सैकड़ों लोग शामिल थे।

### कांग्रेस के विश्रामपुर विस प्रत्याशी सुधीर कुमार चंद्रवंशी का सतबरवा में स्वागत

**सतबरवा।** सतबरवा में विश्रामपुर विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी सुधीर कुमार चंद्रवंशी का स्वागत शुक्रवार को इंडिया गठबंधन के नेताओं ने फुल माला पहना कर किया। इस मौके पर सतबरवा जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष श्रवण कुमार ने कहा कि झारखंड में हेमंत सोरेन के नेतृत्व में पुनः सरकार बनाना है, इस लिए इंडिया गठबंधन प्रत्याशी को भारी मतों से जीताना है। झामुमो नेता विनय सिंह ने केंद्रीय नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि साफ क्षवि के व्यक्ति हैं सुधीर कुमार चंद्रवंशी। चंद्रवंशी का जीत निश्चित हैं। इस मौके पर झूलन सिंह, चेतन कुमार, बलराम ठाकुर, प्रभु सिह, नंदू सिंह, मो 0 सरवर मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# अंतिम दिन 38 नामांकन, राधाकृष्ण, लाल सूरज, शिवपूजन, ब्रह्मदेव, ममता ने भरे पचे





**पलामू (हि.स.)।** विधानसभा चुनाव 2024 को लेकर पलामू जिले की पांच विधानसभा सीटों के लिए अंतिम दिन शुक्रवार को 38 नामांकन दाखिल किए गए। पूर्वाहन 11 बजे से लेकर शाम तीन बजे के बाद तक नामांकन दाखिल किए गए। छतरपुर से सबसे अधिक 11 नामांकन पत्र भरे गए। हुसैनाबाद से 10 नामांकन दाखिल हुए। डालटनगंज आठ और विश्रामपुर से सात नामांकन हुए। पांकी से दो नामांकन किए गए। अंतिम दिन मिलाकर कुल 99 नामांकन दाखिल किए गए हैं।

बतातें चले कि नामांकन प्रक्रिया पूरी कर ली गयी है। 28 अक्टूबर को नाम निर्देशन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी। इसी क्रम में यदि कोई प्रत्याशी अपना नाम वापस लेना चाहे तो 30 अक्टूबर तक नाम वापस लिया जा सकता है।

हुसैनाबाद से समाजवादी पार्टी से कमलेश कुमार यादव, निर्दलीय राजेन्द्र यादव, ओमप्रकाश कुमार, अवधेश सिंह, उमाशंकर शर्मा, बबलू कुमार, मुकेश चौधरी, अनिता देवी, मोहम्मद तौसीफ, बहुजन समाज पार्टी से कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने नामांकन दाखिल किया।

डालटनगंज से ओम प्रकाश गुप्ता, पंकज राम, श्रीराम सिंह, मुकेश प्रजापति, अनिकेत, अभय कुमार सिंह, अयूब अंसारी एवं इंदू देवी ने पर्चे भरे। विश्रामपुर से अमित कुमार दूबे, ब्रह्मदेव प्रसाद, रजनी देवी, अजय दूबे, सुधीर कुमार, ननदेव यादव, लक्ष्मण सिंह ने नामांकन किया। इसी तरह पांकी से कांग्रेस प्रत्याशी लालसूरज, देवेन्द्र सिंह ने नामांकन किया।

### मनिका से सपा प्रत्याशी रघुपाल सिंह ने दाखिल किया नामांकन, हजारों समर्थक रहे मौजूद

**गारू (लातेहार)।** समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रत्याशी रघुपाल सिंह ने मनिका विधानसभा क्षेत्र से शुक्रवार को महुआडांड़ अनुमंडल कार्यालय में अपना नामांकन दाखिल किया। इस मौके पर मनिका विधानसभा के साथ-साथ गारू प्रखंड से भी हजारों समर्थक, विशेषकर खरवार समाज के लोग, बड़ी संख्या में पहुंचे। उनके साथ अन्य समुदायों के लोग भी शामिल हुए, जिन्होंने उनके समर्थन में नारे लगाए और जुलूस निकाला। नामांकन के बाद मीडिया से बातचीत करते हुए रघुपाल सिंह ने कहा कि क्षेत्र का विकास अब तक ठप पड़ा हुआ है, क्योंकि यहां के लोगों को सही में नेतृत्व नहीं मिला। उन्होंने दावा किया कि पिछले कई वर्षों से मनिका विधानसभा क्षेत्र की जनता बुनियादी सुविधाओं और विकास से वंचित है। उन्होंने कहा, मनिका का विकास चारों दिशाओं में हो, इसके लिए मैं चुनावी मैदान में उतरा हूं। यहां की जनता को रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य और सड़कों जैसी बुनियादी सुविधाओं का लाभ मिले, यह मेरी प्राथमिकता रहेगी। रघुपाल सिंह ने मतदाताओं से अपील की कि वे इस बार सपा को मौका दें ताकि क्षेत्र का समग्र विकास हो सके।



# धुरकी पुलिस ने 4 वारंटियों को गिरफ्तार कर भेजा जेल



**नवीन मेल संवाददाता**

**धुरकी।** विधानसभा चुनाव को लेकर जिले के एसपी दीपक कुमार पांडेय के निर्देश पर धुरकी पुलिस एक्शन मोड में है। पुलिस लगातार अभियान चलाकर शराब तस्करों, फिरारियो,वारंटियों एवं अन्य तस्करों पर शिकंजा कस रही है। धुरकी पुलिस ने गुरुवार के रात्रि में धुरकी थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार के नेतृत्व में धुरकी पुलिस ने टीम गठित कर थाना क्षेत्र के विभिन्न गांवों में अभियान चलाकर गिरफ्तारी के डर से भागे फिर रहे वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। इसकी जानकारी देते हुए थाना प्रभारी उपेन्द्र कुमार ने बताया की विधानसभा चुनाव को लेकर पुलिस अधीक्षक के निदेर्शानुसार रात्रि में अलग अलग टीम का गठन कर वारंटी,फिरारी की गिरफ्तारी हेतु अभियान चलाया गया,जिस क्रम में कटहर कला निवासी 1. सुभाष गुप्ता, पिता राजेंद्र गुप्ता, 2. अजय उरांव, पिता रामप्यारी उरांव तथा भंडार निवासी 3. सुरेंद्र कोरवा, पिता शिवपूजन कोरवा, एवं 4. शिवपूजन कोरवा पिता बिरझु कोरवा, कुल 4 वारंटियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

### सामान्य प्रेक्षक ने विभिन्न कोषांगों में किए जा रहे कार्यों का लिया जायजा, कहा

# निर्वाचन व्यय की सतत निगरानी की जाए



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** लातेहार सामान्य प्रेक्षक कुमार प्रशांत के द्वारा विधानसभा चुनाव के निमित्त गठित कार्मिक कोषांग, निर्वाचन व्यय लेखा अनुश्रवण कोषांग, EDC–cum–Postal Ballot कोषांग, एमसीएमसी कोषांग, वाहन कोषांग में भ्रमण कर किए जा रहे कार्यों का जायजा लिया गया। इस दौरान कोषांग के कार्यों की जानकारी ली गई तथा सभी संबंधित अधिकारियों को निर्वाचन आयोग द्वारा जारी निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन करने की बात कही गई। इस दौरान कार्मिक कोषांग एवं निर्वाचन व्यय लेखा अनुश्रवण कोषांग के निरीक्षण के क्रम में विभिन्न पंजियों का अवलोकन किया गया। निर्वाचन व्यय के सतत निगरानी सहित अनुश्रवण करने का निर्देश दिया गया। पोस्टल बैलेट कोषांग के निरीक्षण के क्रम में सामान्य प्रेक्षक ने कोषांग के अधिकारियों व कर्मियों से पोस्टल बैलेट से जुड़े नियमों के अनुपालन, बैलेट बॉक्स, होम वोटिंग आदि की जानकारी ली गई। इसके साथ ही उन्होंने मतदान कार्यों में लगे सभी कर्मियों का पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान कराना सुनिश्चित करते हुए फॉर्म 12 डी के माध्यम से मतदान करने के लिए आए आवेदनों की जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया।

सामान्य प्रेक्षक द्वारा सूचना भवन के जिला जनसंपर्क कार्यालय में संचालित एमसीएमसी कोषांग का निरीक्षण किया गया।

इस दौरान कोषांग में प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों एवं कर्मियों से उनके द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली गई। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने एमसीएमसी के तहत किए जा रहे मॉनिटरिंग, प्रतिदिन के प्रेस कतरन, सोशल मीडिया की मॉनिटरिंग, पेड न्यूज की मोनेटरिंग सहित अन्य बिंदुओं जानकारी लेते हुए संबंधित अधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

इसी कड़ी में सामान्य प्रेक्षक द्वारा वाहन कोषांग का निरीक्षण कर कोषांग में पदाधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली गई। इसके अलावे सामान्य प्रेक्षक द्वारा पॉलीटेक्निक कॉलेज में बनाए गए ब्रजगृह एवं मतगणना केंद्र का निरीक्षण कर चुनाव के लिए की जा रही तैयारियों का जायजा लिया। इस मौके पर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता, पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव, उप निर्वाचन पदाधिकारी मेरी मड़की, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, कार्यपालक पदाधिकारी नगर पंचायत राजीव रंजन समेत संबधित कोषांग के पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित थे।

# गिरिनाथ की रैली में जा रहे चिनियां के 50 वर्षीय व्यक्ति की टेंपो से गिरकर मौत



**चिनीयां।** चिनियां थाना क्षेत्र के छतैलिया गांव निवासी सुबास सिंह उम्र लगभग 50 वर्ष की नामांकन रैली के टेंपो से गिरने से मौत हो गई है। परिजनों ने बताया कि गुरुवार के दिन मृतक सुभाष सिंह समाजवादी पार्टी के विधायक प्रत्याशी गिरीनाथ सिंह के नामांकन के लिए रैली में जा रहा था, तभी चिनीयां गढ़वा मुख्य सड़क कल्याणपुर गांव में टेंपो से गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे इलाज हेतु गढ़वा सदर अस्पताल ले जाया गया कुछ आराम होने के बाद शाम को अपने घर छतैलिया मे सुभाष सिंह को वापस लाया गया गया, परंतु रात्रि के 1:00 बजे अचानक तबियत बिगड़ने के कारण फिर घर के लोग आनन फानन में गढ़वा ले गए जहां अस्पताल पहुंचने से पहले ही उनकी मौत हो गई। मृतक के सीने में तथा सर पर गहरी चोट लगी थी बताते चले कि मृतक अत्यंत ही गरीब परिवार से था घर में अभी तीन बच्चे नाबालिक हैं तथा वे घर के कमाऊ सदस्य थे । वहीं घटना को सुन झामुमो चिनिया प्रखंड अध्यक्ष अरविंद यादव, झामुमो के वरिष्ठ नेता मोहम्मद फरीद ने मृतक के घर पहुंच कर गहरा सुख संवेदना व्यक्त की है, व हर संभव मदद करने की बात कही, मोहम्मद फरीद ने कहां की आज चिनिया के 50 वर्षीय युवक की असमय मौत टेंपो दुर्घटना में हुई है जो काफी दुखद है जिससे मैं काफी आहत हूं भगवान परिजनों को इस दुख की घड़ी में सहने की शक्ति प्रदान करें। वहीं अरविंद यादव ने कहा कि क्षेत्र का प्रत्येक व्यक्ति मेरे परिवार के समान है। इनके दुख में शामिल होना मेरा कर्तव्य है। आगे भी परिजनों को हर संभव मदद की जाएगी।

### सेन्हा में वाहन जांच के दौरान दो लाख 25 हजार रुपये बरामद

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के गुमला लोहरदगा मुख्य पथ पर कंडरा चौक में स्थित अस्थायी चेक पोस्ट पर वाहन जांच के दौरान नगद राशि बरामद। झारखंड विधानसभा आम चुनाव शांति पुर्ण ढंग से सम्पन्न करने के उद्देश्य से एसएसटी ग्रुप सी द्वारा वाहन जांच अभियान चलाया गया। वही वाहन जांच के दौरान एक कार वाहन संख्या जे एच 01डी जी 0923 के डिगी से 2लाख 25 हजार रुपये नकद बरामद किया गया। बरामद राशि को वाहन जांच के दौरान तैनात दंडाधिकारी एवं पुलिस जवान के मौजूदगी में विधिवत जब्त किया गया।वही जब्त राशि की सूचना वरीय पदाधिकारियों को दिया गया। जिसे वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर प्रखंड निबंधन निवार्ची पदाधिकारी सह सीओ मुदस्सर नजर मंसूरी एव थाना प्रभारी अजीत कुमार के उपस्थिति में बरामद राशि की गिनती कि गई। थाना प्रभारी अजीत कुमार ने कहा की वाहन जांच क्रम में कार से 2 लाख 25 हजार रूपया जब्त किया गया है। कार में सवार स्व हीरा लाल सोनी के पुत्र सुनील सोनी गांव तपकरा, थाना तपकरा, ज़िला जशपुर छतीसगढ़ के वाहन से राशि मिला है। सीओ मो मुदस्सर नजर मंसूरी ने कहा की जब्त राशि की जांच किया जा रहा है। वाहन में सवार व्यक्ति ने बताया की वह व्यवसायी है। तथा रांची दिवाली का समान लेने जा रहे है। पूरी मामले की जांच किया जा रहा है। वही सीओ ने कहा कि जब्त राशि को जिला कोषागार में रखा जायेगा। मौके पर अंचलाधिकारी मुदस्सर नजर मंसूरी, थाना प्रभारी अजित कुमार दल बल के साथ उपस्थित थें।

### झारखंड-बिहार सीमा पर दो अवैध शराब भट्ठियों को पुलिस ने किया ध्वस्त

**हुसैनाबाद।** विधानसभा चुनाव के मद्देनजर बिहार झारखंड की सीमा पर हुसैनाबाद थाना के देवरी ओपी पुलिस ने लगातार अभियान चला कर अवैध महुआ शराब भट्ठी को ध्वस्त करने में सफलता हासिल की है। पुलिस निरीक्षक सुरेश मंडल के नेतृत में शुक्रवार को देवरी ओपी क्षेत्र अंतर्गत सोन नदी के डीला पर अवस्थित अलग- अलग जगहों पर छापामारी के दौरान करीब 2600 किलो ग्राम जावा महुआ, देशी शराब बनाने के उपकरण, शराब रखने का डब्बा व दो शराब भट्ठी को ध्वस्त किया गया। जवा महुआ को उसी जगह विनिष्ट कर दिया गया है। बरामद सामान व जावा महुआ की अनुमानित कीमत 1,82,000 आंकी गई है। पुलिस निरीक्षक सुरेश मंडल ने बताया कि विधानसभा चुनाव के मद्देनजर अवैध शराब के खिलाफ विशेष छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि छापामारी दल में देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार, सअनि.अखिलेश कुमार, हवलदार शिवलाल महतो, हवलदार बासुदेव महतो, आरक्षी गोपाल दूबे, गौतम विश्वकर्मा,चालक आरक्षी मुकेश राम आदि शामिल थे।

## पेज एक के शेष

### 43 सीटों पर 868...

वोटिंग 20 नवंबर को होगी। 23 नवंबर को सभी 81 विस सीटों पर मतगणना करायी जाएगी, उसी दिन परिणाम आ जाने की उम्मीद है। **पहले चरण की 43 सीटें :** कोडरमा, बरकट्ठा, बरही, बड़कागांव, हजारीबाग, जमशेदपुर पश्चिम, ईचागढ़, रांची, जमशेदपुर पूर्व, डाल्टनगंज, हटिया, पांकी, बहरागोड़ा, बिश्रामपुर, हुसैनाबाद, गढ़वा, भवनाथपुर, घाटशिला, मनोहरपुर, चक्रधरपुर, खरसावां, तमाड़, तोरपा, खूंटी, मांडर, पोटका, सरायकेला, चाईबासा, गुमला, बिशुनपुर, सिमडेगा, कोलेबिरा, मझगांव, जगन्नाथपुर, सिसई, लोहरदगा, मनिका, जुगसलाई, कांके, सिमरिया, चतरा, लातेहार, छतरपुर।

### भाजपा की ओर से...

10-12 सभाएं संबोधित की हैं। पार्टी की ओर से जिन राज्यों के मुख्यमंत्री स्टार प्रचारक के तौर पर राज्य में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे, उनमें उत्तर प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ, मध्य प्रदेश के सीएम मोहन यादव, ओडिशा के सीएम मोहन चरण माझी, हरियाणा के सीएम नायब सिंह सैनी और छत्तीसगढ़ के सीएम विष्णुदेव साय शामिल हैं। केंद्रीय मंत्रियों में धर्मेंद्र प्रधान और अन्नपूर्णा देवी और केंद्रीय राज्य मंत्री नित्यानंद राय और संजय सेठ भी स्टार प्रचारक होंगे। पार्टी के बड़े नेताओं में स्मृति ईरानी, उत्तर प्रदेश के डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य, बिहार के डिप्टी सीएम सम्राट चौधरी, राज्यसभा सदस्य लक्ष्मीकांत वाजपेयी, नागेंद्र नाथ त्रिपाठी, कर्मवीर सिंह, सुवेंदु अधिकारी भी स्टार प्रचारक बनाए गए हैं। भाजपा की झारखंड प्रदेश इकाई के नेताओं में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, पूर्व सीएम चंपई सोरेन, पूर्व सांसद कड़िया मुंडा, राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश, सांसद विद्युत वरण महतो, निशिकांत दुबे, ढुल्लू महतो, आदित्य साहु, प्रदीप वर्मा, बालमुकुंद सहाय, पूर्व विधायक सीता सोरेन, पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी, मनोज सिंह और घूरन राम भी स्टार प्रचारकों की सूची में शामिल हैं। राज्य में पहले चरण के लिए नामांकन की प्रक्रिया शुक्रवार को संपन्न हो गई।

### मधु कोड़ा के चुनाव ...

कि सीआरपीसी की धारा 389(1) और 482 के तहत दायर कोड़ा की नई अर्जी विचारणीय नहीं है, क्योंकि दोषसिद्धि को निलंबित करने की मांग वाली इसी तरह की याचिका 2020 में खारिज कर दी गई थी।

### सभी पहलुओं पर हो...

16 दिसंबर 2017 को पटियाला हाउस कोर्ट परिसर में एक विशेष सीबीआई अदालत ने उन्हें भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत तीन साल की जेल की सजा सुनाई और 25 लाख रुपये का जुर्माना लगाया। ट्रायल कोर्ट ने पाया कि उन्होंने विनी आयरन एंड स्टील उद्योग लिमिटेड (वीआईएसयूएल) के पक्ष में राजहरा कोल ब्लॉक का आवंटन प्राप्त करने के लिए एक लोक सेवक के रूप में अपने पद का दुरुपयोग किया था। उनकी सजा और जुर्माने पर दिल्ली उच्च न्यायालय ने उनकी अपील पर फैसला होने तक रोक लगा दी थी।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज



CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


# सीओटीपीए का दायरा बढ़ाया जाए

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) में रुमेटोलाजी विभाग की प्रमुख डॉ. उमा कुमार ने कहा कि सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पाद अधिनियम (सीओटीपीए), 2003 सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान पर प्रतिबंध लगा, लेकिन यह अभी भी हवाई अड्डों, 30 या उससे ज्यादा कमरों वाले होटलों और 30 से ज्यादा लोगों की क्षमता वाले रेस्तरां में धूम्रपान के लिए निर्दिष्ट क्षेत्रों की अनुमति देता है। उन्होंने कहा कि यह स्थिति जन स्वास्थ्य के लिए एक बड़ा खतरा बनी हुई है। इससे विभिन्न बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है। यह सर्वेक्षण दो से 19 अक्तूबर के बीच एक्स पर आयोजित किया गया था, जिसमें 65,272 प्रतिभागी शामिल थे। अंतरराष्ट्रीय पहलवान संग्राम सिंह ने कहा कि भारत ने तंबाकू नियंत्रण में महत्वपूर्ण प्रगति की है। रेलगाड़ियों, प्लेटफार्मों और स्टेशन परिसरों में धूम्रपान पर सख्ती से प्रतिबंध लगाया है। उन्होंने कहा कि साथ ही रेलवे परिसरों में तंबाकू उत्पादों की बिक्री या ले जाने पर प्रतिबंध लगाया है लेकिन हवाई अड्डों पर धूम्रपान क्षेत्रों की मौजूदगी चिंता का विषय बनी हुई है।

**92.72%** उत्तरदाता सार्वजनिक स्थानों को पूरी तरह धूम्रपान मुक्त बनाने के पक्ष में हैं।

**2003** से सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान पर है प्रतिबंध, हर वर्ष 13 लाख भारतीय मरते हैं तम्बाकू से संबंधित बीमारियों से

**97%** चाहते हैं हवाई अड्डों, रेलवे स्टेशनों को भी पूरी तरह धूम्रपान मुक्त किया जाए

# 93% लोग सार्वजनिक स्थानों के पूरी तरह धूम्रपान मुक्त के पक्ष में

आरपी सिंह

**नई दिल्ली।** धूम्रपान को लेकर देश भर में तरह- तरह की प्रतिक्रिया के मद्देनजर हुए एक सर्वे में लगभग 93 प्रतिशत लोगों ने सार्वजनिक स्थानों को पूरी तरह धूम्रपान मुक्त करने का समर्थन किया। जबकि 97 प्रतिशत ने रेलवे स्टेशनों की तरह हवाई अड्डों को भी पूरी तरह धूम्रपान मुक्त घोषित करने की राय जताई। नागरिक-केंद्रित पहल ह्यतम्बाकू मुक्त भारतह्न के तहत हाल में कराए गए सर्वेक्षण में 65,000 से अधिक प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुईं। सर्वेक्षण में भारतीयों के बीच धूम्रपान के हानिकारक प्रभावों के बारे में बढ़ती चिंता को उजागर किया गया है। सर्वेक्षण से पता चला है कि आश्चर्यजनक रूप से 92.72 प्रतिशत उत्तरदाता सार्वजनिक स्थानों को पूरी तरह धूम्रपान मुक्त बनाने के पक्ष में हैं। हिंदी व अंग्रेजी दोनों भाषाओं में किए गए इस सर्वेक्षण में धूम्रपान मुक्त सार्वजनिक स्थानों और धूम्रपान से जुड़े स्वास्थ्य जोखिमों के बारे में छह प्रमुख प्रश्न शामिल थे। सभी प्रश्नों में, ज्यादातर लोगों ने सार्वजनिक क्षेत्रों जैसे कि रेस्तरां, होटल और हवाई अड्डों पर महिलाओं, बच्चों और अन्य कमजोर समूहों को जहरीले तंबाकू के धुएं के संपर्क में आने से बचाने के लिए सख्त उपायों का समर्थन किया।

*निकोटीन एक अत्यधिक खतरनाक और लत लगाने वाला पदार्थ है, जो हृदय स्वास्थ्य और समग्र स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा करता है। प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से सेवन किया गया निकोटीन समान रूप से हानिकारक है और इससे कई प्रकार की बीमारियां हो सकती हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार प्रत्येक वर्ष लगभग 13 लाख भारतीय तम्बाकू से संबंधित बीमारियों के कारण मरते हैं।*
*-डॉ. कर्नल शेखर कश्यप, हृदय रोग विशेषज्ञ*

# डेमचोक व डेप्सांग में 'जय श्री राम' के साथ इंडो-चीनी सैनिकों की वापसी शुरू

## एलएसी पर भारतीय सैनिकों ने चीनी जवानों के साथ खुशनुमा माहौल में चाय पर की चर्चा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रूस में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से पहले भारत और चीन के बीच हुए समझौते के बाद पूर्वी लद्दाख सेक्टर के दो टकराव बिंदुओं डेमचोक और डेप्सांग में डिसएंगेजमेंट की शुरूआत हो गई है। वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर भारतीय सैनिकों ने चीनी जवानों के साथ खुशनुमा माहौल में चाय पर चर्चा की और फिर उनसे 'जय श्री राम' का उद्घोष कराया। इसके बाद दोनों देशों के सैनिकों ने संबंधित क्षेत्रों में अपने-अपने हथियारों की वापसी शुरू कर दी है। भारतीय सेना और चीनी सेना 28-29 अक्टूबर तक डिसइंगेजमेंट पूरा करके अपने-अपने गश्ती बिंदुओं तक पेट्रोलिंग शुरू कर देंगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के रूस में ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में जाने से पहले 21 अक्टूबर को घोषणा की



गई थी कि भारत और चीन के बीच एलएसी पर पेट्रोलिंग को लेकर एक समझौता हुआ है, जिसे पांच साल से दोनों देशों के रिश्तों पर जमी बर्फ पिघलने की उम्मीद के तौर पर देखा गया। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने रूस में 23 अक्टूबर को चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग से द्विपक्षीय वार्ता की और पूर्वी लद्दाख में एलएसी पर गश्त व्यवस्था पर दोनों देशों के बीच हुए समझौते का स्वागत किया। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि सीमा पर शांति और स्थिरता बनाए रखना दोनों देशों की प्राथमिकता आपसी विश्वास द्विपक्षीय संबंधों का आधार बना रहना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत-चीन संबंध न केवल दोनों देशों के लोगों के लिए बल्कि वैश्विक शांति, स्थिरता और प्रगति के लिए भी महत्वपूर्ण हैं। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने 24 अक्टूबर को नई दिल्ली में चाणक्य डिफेंस डायलॉग में कहा कि भारत और चीन एलएसी के कुछ क्षेत्रों में अपने मतभेदों को सुलझाने के लिए कूटनीतिक और सैन्य दोनों स्तरों पर बातचीत कर रहे हैं। इसमें पारंपरिक क्षेत्रों में गश्त और चराई भी शामिल है। दोनों देशों के बीच समान और पारस्परिक सुरक्षा के सिद्धांतों के आधार पर जमीनी स्थिति बहाल करने के लिए व्यापक सहमति बनी है। उन्होंने कहा कि यह सहमति बनना लगातार बातचीत का ही नतीजा है, जिसके परिणाम देर-सबेर सामने आएंगे। रक्षा मंत्री ने कहा कि विकास और सुरक्षा को अक्सर अलग दृष्टिकोण से देखा जाता है लेकिन वास्तव में ये गहरे रूप से आपस में जुड़े हुए और एक-दूसरे को मजबूत करने वाले हैं।

चीन के साथ मई, 2020 में सीमा गतिरोध शुरू होने के बाद से दोनों देशों की सेनाओं के बीच डेप्सांग मैदान और डेमचोक क्षेत्र में तनाव बना हुआ है। पूर्वी लद्दाख में गलवान घाटी, पैंगोंग झील, गोगरा (पीपी-17 ए) और हॉट स्प्रिंग्स (पीपी-15) से सैनिकों की वापसी के बावजूद अभी भी लद्दाख क्षेत्र के दोनों इलाकों में भारतीय और चीनी सेनाओं के हजारों सैनिक और उन्नत हथियार तैनात हैं।

# दुनिया को भारत और जर्मनी जैसे दोस्तों की जरूरत : चांसलर स्कोल्ज

एजेंसी

**नई दिल्ली।** जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज ने शुक्रवार को भारत के साथ द्विपक्षीय संबंधों की सराहना की। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार इस सिलसिले को जारी रखना चाहती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ बातचीत के बाद स्कोल्ज ने एक्स पर लिखा, इस दुनिया में हमें दोस्तों और सहयोगियों की जरूरत है- बिल्कुल भारत और जर्मनी की तरह। प्रिय नरेंद्र मोदी जी, नई दिल्ली में स्नेहपूर्वक स्वागत के लिए दिल से धन्यवाद! दरअसल जर्मन चांसलर ने पीएम मोदी के ट्वीट पर प्रतिक्रिया दी थी। इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी ने लिखा, उनसे मिलकर और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करके खुशी हुई, जो भारत-जर्मनी मैत्री को गति प्रदान करेंगे। हमारे देशों के पास विकास सहयोग का एक मजबूत ट्रैक रिकॉर्ड है और हम आने वाले समय में इसे और आगे बढ़ाने के लिए तत्पर हैं। दोनों नेताओं के बीच बैठक नई दिल्ली में लोक कल्याण मार्ग स्थित प्रधानमंत्री के आधिकारिक आवास पर हुई।



# यह भारत की ग्रोथ स्टोरी से जुड़ने का समय : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से शुक्रवार को जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज ने एक व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल के साथ राष्ट्रीय राजधानी में मुलाकात की। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि भारत की ग्रोथ स्टोरी के साथ जुड़ने का यह सही समय है। जर्मन बिजनेस 2024 की 18वीं एशिया-प्रशांत कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए, पीएम मोदी ने कहा कि विदेशी निवेशकों के लिए भारत की ग्रोथ स्टोरी में भाग लेने, ह्यमेक इन इंडिया पहल और मेक फॉर द वर्ल्ड में शामिल होने का समय आ गया है। पीएम मोदी ने कहा कि भारत वैश्विक स्तर पर व्यापार और मैन्युफैक्चरिंग का हब बन रहा है। देश के पास डेमोक्रेसी, डेमोग्राफी, डिमांड और डेटा जैसे मजबूत स्तम्भ हैं। जर्मनी की ओर से भी कहा गया कि भारत की स्किल्ड मैनपावर को देखते हुए हमारी ओर से प्रशिक्षित भारतीय कार्यबल के लिए वीजा की संख्या 20,000 से बढ़ाकर 90,000 कर दी गई है।






CALL 9289232079 AND BOOK YOUR APPOINTMENT TODAY. | Premia (Ranchi): Bapu Heights, Kishoreganj Chowk, Harmu Road, Ranchi - 834002.
LOK | SAATCHI & SAATCHI